
CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 01-11-2026 00:11 Color:

नई दिल्ली › रविवार, 11 जनवरी 2026 › पौष 22 शक संवत 1947, माघ कृष्ण नवमी, विक्रम संवत 2082
WATCH GOD WATCHDOG
वर्ष 22, संख्या 2 › पेज 20* › मूल्य ₹6.00 या ₹12.50* संडे टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू

# NBT संडे नवभारत टाइम्स



भारत vs न्यूज़ीलैंड
पहला वनडे आज
1:30pm से, वडोदरा, टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर
▸p13

बहन नुपुर के संगीत-हल्दी में झूमी कृति सेनन
DelhiTimes



एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।




## पाकिस्तान समेत पांच देशों में फैला था साइबर टेररिजम का नेटवर्क | दिल्ली पुलिस ने ऐक्शन लेते हुए 100 करोड़ के स्कैम का खोला SIMBOX

# स्कैमर बन पकड़े स्कैमर्स

Vishal.Sharma3@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: दिल्ली में 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिए करोड़ों की ठगी करने वालों का स्पेशल सेल की IFSO यूनिट ने भंडाफोड़ किया है। करीब दो महीने तक चले एक सीक्रेट ऑपरेशन में IFSO ने खुद को स्कैमर बताकर इंटरनैशनल सिंडिकेट में घुसपैठ की और ताइवानी मास्टरमाइंड समेत 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया। ये भारतीय दूरसंचार को बाईपास करके 'अवैध सिम बॉक्स नेटवर्क' स्थापित कर स्कैम से कमाई कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक यह गिरोह अब तक करीब 100 करोड़ रुपये की साइबर ठगी कर चुका है। जांच से पता चला कि SIMBOX डिवाइस विशेष रूप से चीन सपोर्टेड ताइवानी नागरिक द्वारा सप्लाई, इंस्टॉल और टेक्निकली कॉन्फिगर किए जा रहे थे। टीम ने जानबूझकर खुद को स्कैमर बनकर विदेशी हैंडलर के साथ एन्क्रिप्टेड ऑनलाइन बातचीत शुरू की। धीरे-धीरे उसका भरोसा जीता। उसे यह भी यकीन दिलाया कि भारत में उसका SIMBOX नेटवर्क अच्छे से चलाया जाएगा। ज्यादा आत्मविश्वास और इस बात से अनजान कि उसकी हर डिजिटल एक्टिविटी पर कड़ी नजर है, वह IFSO के जाल में फंस गया। मास्टरमाइंड आई-त्सुंग चेन है जो सिम बॉक्स सेटअप के लिए भारत आता था।

**22 सिम बॉक्स, 8 मोबाइल, 3 लैपटॉप, 120 चाइनीज सिम, पासपोर्ट भी बरामद**



**20,000** ई-सिम और 120 फिजिकल सिम कार्ड जब्त किए गए हैं इनके नेटवर्क से।

Subrata Dhar

### 5000+ IMEI प्रभावित

डीसीपी विनीत कुमार के मुताबिक, आरोपियों की गिरफ्तारी से पता चला कि मोरला और मिहाल विहार में 2 बड़े अवैध SIMBOX चल रहे थे। नैशनल साइबर फोरेंसिक लैब, NCFL(I) की मदद से 5000 से ज्यादा कॉम्प्रोमाइज्ड IMEI नंबर और लगभग 20,000 ई सिम कार्ड और मोबाइल नंबर सीधे इस एक क्रिमिनल मॉड्यूल में एम्बेडेड थे, जो भारत के कम्युनिकेशन नेटवर्क को बाइपास करके बनाया गया था। मास्टरमाइंड अवैध रूप से SIMBOX डिवाइस की भारत में तस्करी करता था।

### कहां के हैं आरोपी?

आरोपियों की पहचान गोयल डेयरी, कुतुब विहार निवासी शशि प्रसाद, शाहबाद डेयरी निवासी परविंदर सिंह, ताइवानी नागरिक 30 वर्षीय आई-त्सुंग चेन, पंजाब के मोहाली निवासी बीटेक इंजीनियर सरबदीप सिंह, डिप्लोमा होल्डर जसप्रीत कौर, तमिलनाडु के कोयंबटूर निवासी दिनेश के. और मुंबई के मलाड निवासी अब्दुल सलाम के तौर पर हुई है।

## फोन पर गिरफ्तारी का डर, 15 दिन का टॉर्चर और 14 करोड़ की ठगी

■ 2026 में राजधानी में दर्ज अब तक का सबसे बड़ा 'डिजिटल अरेस्ट' का मामला है

■ 2016 में अमेरिका से लौटने के बाद बुजुर्ग दंपती दिल्ली में बस गए थे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें बुजुर्ग डॉक्टर दंपती से करीब 14 करोड़ रुपये की ठगी की गई है। यह साल 2026 में राजधानी में दर्ज अब तक का सबसे बड़ा 'डिजिटल अरेस्ट' का मामला है, जिसे शनिवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की IFSO यूनिट ने दर्ज किया। इससे पहले अगस्त 2025 में दिल्ली के एक पूर्व बैंक अधिकारी से 23 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया था।



पुलिस सूत्रों के मुताबिक, दोनों 2016 में अमेरिका से लौटने के बाद दिल्ली में बस गए थे। उनके बच्चे विदेश में रहते हैं। पुलिस एक-दो दिन में दंपती के बयान दर्ज करेगी।

डिजिटल अरेस्ट की यह घटना 24 दिसंबर से 9 जनवरी के बीच हुई। इस दौरान ठगों ने खुद को जांच एजेंसियों से जुड़ा बताकर मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तारी का डर दिखाया। आरोपियों ने दावा किया कि डॉक्टर दंपती के दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल हुआ है और मामले में देश-विरोधी एंगल भी जोड़ा।

ठगों ने 15 दिनों तक लगातार कॉल कर दंपती से संवेदनशील जानकारियां लीं। डर और दबाव में आकर डॉक्टर दंपती ने अलग-अलग समय पर आरोपियों द्वारा बताए गए खातों में बड़ी रकम ट्रांसफर कर दी। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## चीन-रूस को पड़ोसी न बनने देंगे

# ग्रीनलैंड लेंगे, आसानी से मिले या मुश्किल से: ट्रंप

AFP




ग्रीनलैंड के आसपास देखें, तो वहां रूसी, चीनी युद्धपोत हैं, और रूसी पनडुब्बियां हर जगह हैं। रूस या चीन को ग्रीनलैंड में पड़ोसी नहीं बनने देंगे। -डॉनल्ड ट्रंप

**ट्रंप के खिलाफ** लंदन में प्रदर्शन। वेनेजुएला पर हमले की कर रहे निंदा।

■ आईएएनएस, वॉशिंगटन

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डॉनल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात फिर दोहराई। ट्रंप ने चेतावनी दी, हम ग्रीनलैंड पर कुछ करने जा रहे हैं। उन्हें पसंद हो या न हो। अमेरिका पहले बातचीत के जरिए समाधान चाहता है, लेकिन अगर बात नहीं बनी तो दूसरे विकल्प भी खुले हैं। मैं आसान तरीके से समझौता करना चाहता हूं, लेकिन अगर आसान तरीका नहीं चला, तो हमें मुश्किल तरीका अपनाना पड़ेगा। अगर अमेरिका ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, तो चीन या रूस वहां अपनी मजबूत मौजूदगी बना सकते हैं, जो अमेरिकी सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा होगा।

**ट्रंप ने कहा, चीन रूस की मौजूदगी हमारे लिए खतरा**

रिपोर्टरों से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि ग्रीनलैंड की भौगोलिक स्थिति अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद अहम है। उन्होंने कहा, 'जब हम किसी जगह के मालिक होते हैं, तभी हम उसकी सही तरीके से रक्षा करते हैं। लीज पर ली गई जगह की सुरक्षा वैसी नहीं होती। मालिक होना जरूरी है।' ट्रंप ने कहा हम रूस या चीन को ग्रीनलैंड में पड़ोसी नहीं बनने देंगे।

### तेल की 'सुरक्षा' करेंगे ट्रंप

ट्रंप ने शुक्रवार को तेल कंपनियों के अधिकारियों से वेनेजुएला में जल्द से जल्द वापस लौटने की अपील की। कहा, आप बिल्कुल सुरक्षित हैं। अब आप हमसे सीधे बातचीत कर रहे हैं, वेनेजुएला से बिल्कुल भी नहीं। हमारी विशाल तेल कंपनियां अपना कम से कम 100 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च करेंगी। ▸▸ पेज 14

**संडे कवर स्टोरी**
जंग के मुहाने पर खड़ी दुनिया
पेज 11

# सोमनाथ पहुंचे मोदी, ओंकार मंत्र जप किया

## सोमनाथ सभ्यता के साहस का प्रतीक: PM




**पीएम मोदी ने** सोमनाथ मंदिर में 3,000 ड्रोन का ऐतिहासिक शो भी देखा।

■ पीटीआई, वेरावल (गुजरात)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तीन दिन की गुजरात यात्रा पर सोमनाथ पहुंचे, जहां उन्होंने 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मोदी ने सोमनाथ को सभ्यता के साहस का प्रतीक बताया। 'ओंकार मंत्र' जप में भाग लिया और 3,000 ड्रोन का ऐतिहासिक शो देखा। रविवार को वे 'शौर्य यात्रा', मंदिर दर्शन और स्वाभिमान पर्व के मुख्य आयोजन में शामिल होंगे। सोमवार को पीएम जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से मुलाकात करेंगे। ▸▸ पेज 7

## राम मंदिर परिसर में नमाज की कोशिश, अरेस्ट

■ NBT न्यूज, अयोध्या: अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में शनिवार को नमाज पढ़ने की कोशिश करते एक शख्स को अरेस्ट किया गया। उसकी पहचान जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के रहने वाले अब अहद शेख (55) के रूप में हुई है। वह कड़ी सुरक्षा के बावजूद डी-1 गेट से प्रवेश कर सीता रसोई के पास नमाज पढ़ने की कोशिश कर रहा था। आरोप है कि उसने इस दौरान सांप्रदायिक नारे भी लगाए, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी के अनुसार, मामले की जांच कई सुरक्षा एजेंसियां कर रही हैं। जांच के बाद ही मकसद का पता चल सकेगा। घटना के बाद मंदिर परिसर की सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है।



**घटना के बाद मंदिर परिसर की सुरक्षा और कड़ी की गई**

# ईरान ने चेताया, प्रदर्शन करने पर मिलेगा मृत्युदंड

AP



■ ईरान में इंटरनेट और टेलिफोन सेवा पर प्रतिबंध के बीच शनिवार को भी विरोध प्रदर्शन जारी रहे। अबतक 65 लोगों की मौत हो चुकी है।

■ ईरान में अटॉर्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने चेतावनी दी कि प्रदर्शनों में शामिल होने पर खुदा का दुश्मन माना जाएगा, जो मृत्युदंड योग्य अपराध है।

■ अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने ईरान को चेताया। कहा, राष्ट्रपति ट्रंप के साथ खेल न खेलें, जब वह कुछ कहते हैं तो कर गुजरते हैं। ▸▸ पेज 14

## भारत में नियुक्त हुए तालिबान के पहले राजनयिक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने भारत में अपनी पहली राजनयिक नियुक्ति की है। तालिबान ने विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मुफ्ती नूर अहमद नूर को दिल्ली में चार्ज डी अफेयर्स बनाया है। वे काबुल से भारत दिल्ली पहुंच चुके हैं। 21 अक्टूबर को भारत ने काबुल में अपने टेक्निकल मिशन को एंबेसी का दर्जा दिया था।



## SC पहुंची ED, ममता की तकरार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: ईडी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। आरोप है, पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म I-PAC के ऑफिस पर छापेमारी के दौरान ममता सरकार ने रुकावट डाली। वहीं, ममता सरकार ने भी अर्जी दाखिल कर कहा है कि बिना उनका पक्ष सुने कोई आदेश पारित न किया जाए। ▸▸ पेज 8

## ओडिशा में लैंडिंग करते समय प्लेन क्रैश, 6 घायल

PTI



■ भाषा, राउरकेला: ओडिशा के राउरकेला के पास शनिवार को एक निजी एयरलाइन के विमान के क्रैश होने से छह लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को आईसीयू में भर्ती कराया गया है। ओडिशा के परिवहन मंत्री बी बी जेना ने बताया, हादसा राउरकेला से 10 किलोमीटर दूर जलदा में हुआ।

**पुलिस जांच शुरू** पास के पार्क में कपड़े सुखाने गई थी, तभी हमलावर ने सिर में गोली मार दी

# पति के हत्यारों के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रही महिला का मर्डर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली के** शालीमार बाग इलाके में शनिवार सुबह एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक महिला की पहचान रचना यादव (44) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही शालीमार बाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 11 बजे हत्या की सूचना मिली थी। रचना बी-सी ब्लॉक, शालीमार बाग में अपने परिवार के साथ रहती थीं। शुरुआती जांच में पता चला है कि रचना पास के पार्क में कपड़े सुखाने गई थीं, उसी दौरान किसी अज्ञात हमलावर ने उनके सिर में गोली मार दी। पुलिस सूत्रों ने बताया, मई 2023 में रचना के पति की हत्या कर दी गई थी। रचना पति को न्याय दिलाने के लिए आरोपियों के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रही थीं। पुलिस को पति की हत्या के आरोपियों पर शक है। ▸▸ पेज 3





### SC का दरवाजा खटखटाया था...

पुलिस के मुताबिक, रचना के पति विजेंद्र यादव केबल और प्रॉपर्टी कारोबारी थे और 2022 के पार्षद चुनाव में संभावित उम्मीदवार भी थे। विजेंद्र की हत्या में अब तक 5 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। छठे आरोपी भरत यादव ने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दी हुई है। इसे लेकर रचना ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। पुलिस अब दोनों हत्याओं को जोड़कर जांच कर रही है।

## जयपुर में ऑडी ने लोगों को रौंदा, एक की मौत

■ पीटीआई, जयपुर: जयपुर के पत्रकार कॉलोनी इलाके में शुक्रवार रात तेज रफ्तार ऑडी कार सड़क किनारे लगे खाने-पीने के ठेलों में घुस गई। हादसे में एक शख्स की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि ऑडी कथित तौर पर एक दूसरी गाड़ी के साथ रेस कर रही थी। इसी दौरान कार ड्राइवर का बैलेंस बिगड़ गया, कार पहले डिवाइडर से टकराई और फिर सड़क किनारे लगे करीब 10 से अधिक ठेलों को रौंदते हुए आगे बढ़ गई। कार करीब 100 मीटर आगे जाकर एक पेड़ से टकराने के बाद रुकी। ड्राइवर फरार हो गया।



# पार्क में लड़के-लड़की साथ दिखे, भड़कीं पार्षद

## मॉरल पुलिसिंग करते हुए विडियो वायरल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**पूर्वी दिल्ली** के कोंडली वॉर्ड से बीजेपी पार्षद मुनेश डेढ़ा का एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें पार्षद महोदया इलाके के पब्लिक पार्क में पुलिस की गैरमौजूदगी में अपने कार्यकर्ताओं संग मॉरल पुलिसिंग करती दिखाई दीं। वह पार्क में पहुंचती हैं और वहां बैठे लड़के-लड़कियों से सख्त लहजे में पूछताछ करने लगती हैं। इस दौरान उनके साथ आए लोग बिना अनुमति के लड़के-लड़की का विडियो भी बनाते हैं, जो बाद में सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया। विडियो में दिखा कि पार्षद लड़का-लड़की के पास पहुंचती हैं और डांटते हुए कहती हैं, 'ये क्या हो रहा है? क्या तरीका है बैठने का? यहां सम्मानजनक लोग आते हैं, कैसे बैठे हो?' मामला तूल पकड़ा, तो सफाई में डेढ़ा ने कहा, वे रात में पार्क में राउंड पर गई थीं। ▸▸ पेज 3

Social Media



**पार्षद ने** पार्क में लड़के लड़कियों को कड़ी फटकार लगाई।

### WPL आज के मैच

दिल्ली कैपिटल्स vs गुजरात जॉयंट्स
7:30pm से, नवी मुंबई में

गुजरात जॉयंट्स ने यूपी वॉरियर्स को 10 रन से हराया

मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 50 रन से हराया

### संडे स्पेशल

स्पेशल स्टोरी
■ खुश रहना है तो समझें Me Time का ताकत — पेज 12

स्पेशल स्टोरी
■ जगहें या क्रांति, कभी कुछ नहीं बदलता — पेज 10

सेहतनामा
■ प्रेग्नेंसी में बढ़ जाए शुगर तो रहें सतर्क — पेज 12



### बैड डॉक्टर/गुड डॉक्टर

Q जब कोई शख्स दस्त और पेट में मरोड़ की वजह से डॉक्टर के पास पहुंचता है तो...



**बैड डॉक्टर:** आपको कुछ दवाएं दे रहा हूं। इसमें पावरफुल ऐंटिबायोटिक भी है और एक पेनकिलर भी। इसे खाने से अगर फायदा न हुआ तो आपका खर्चा बढ़ जाएगा। मामला गंभीर भी हो सकता है। मुमकिन है भर्ती होना पड़ेगा।



**गुड डॉक्टर:** आपको फीवर तो नहीं आ रहा? रात में कुछ उल्टा-सीधा खा लिया था? अभी कुछ दिन खिचड़ी जैसा लाइट भोजन करें। पानी पीते रहें। दस्त अगर ज्यादा परेशान करे तो ही यह दवा लें। वैसे परेशानी वाली बात नहीं है।

डॉ. अनिलेश कुमार, सीनियर गैस्ट्रो कंसल्टेंट

### हैपी मॉर्निंग

पत्नी: सुनो जी, डॉक्टर ने मुझे एक महीना आराम के लिए स्विट्जरलैंड या पैरिस जाने को कहा है, हम कहां जाएंगे?
पति: दूसरे डॉक्टर के पास...

### मौसम

अधिकतम तापमान 20.2°
4.2° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त रविवार 5:43 | सूर्योदय सोमवार 7:15
ठंड बढ़ जाएगी। सुबह के समय तेज हवा भी चलेगी।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH10 User: cci Time: 01-10-2026 22:35 Color:






# Gen-Z की रहस्यमयी दुनिया डिकोड

# जंग, क्रांति, महामारी

# Nothing Ever Happens




**2026 की शुरुआत ट्रंप की वेनेज़ुएला पर स्ट्राइक से हुई। जहां दुनिया का एक बड़ा हिस्सा इसे वर्ल्ड वॉर-3 की शुरुआत मान रहा था, वहीं इंटरनेट पर Nothing Ever Happens मीम्स की बाढ़ आ गई। इस फिलॉसफी को मानने वालों को लगता है कि जंग हो या किसी देश में क्रांति या तख्तापलट या फिर कोरोना जैसी महामारी का आना, आखिर में कुछ नहीं बदलता। इसी से जुड़ा है Billions Must Die का विचार और Chudjak कैरेक्टर। सोशल मीडिया पर स्क्रॉलिंग के दौरान हमें यह मीम कल्चर दिखता है, लेकिन समझ नहीं आता। आखिर Gen-Z के इस मीम कल्चर का असली मतलब क्या है और इसकी शुरुआत कैसे हुई? इस रोमांचक और रहस्यमयी दुनिया से पर्दा उठा रहे हैं वरुण आनंद**

## मीम नहीं, खास नज़रिया

**Nothing Ever Happens (NEH)** का आसान शब्दों में मतलब है कि कभी कुछ नहीं होता, लेकिन असल में इसका मतलब कहीं गहरा है। डिजिटल युग में यह केवल इंटरनेट मुहावरा या मीम नहीं रह गया है बल्कि यह आज के दौर की राजनीति और वैश्विक घटनाओं को देखने का एक खास नजरिया बन गया है। इसे मानने वालों खासकर Gen-Z का कहना है कि दुनिया आज ऐसे दौर में पहुंच चुकी है, जहां बड़ी से बड़ी घटना चाहे वह कितनी भी क्रांतिकारी या विनाशकारी क्यों न लगे, आखिर में मौजूदा हालात को बदलने में नाकाम ही रहती है। सब कुछ वही रहता है।

### It's Happening के जवाब में हुई शुरुआत

**Nothing Ever Happens** की शुरुआत It's Happening के जवाब में हुई। यह सोच किसी भी घटनाक्रम को बड़े बदलाव से जोड़ती है। इसकी शुरुआत 21वीं सदी के पहले दशक में पूर्व अमेरिकी पॉलिटिशिन और डॉक्टर रॉन पॉल से मानी जाती है। वह इंटरनेट पर इतने ज्यादा लोकप्रिय हुए कि मीम्स में उनकी फोटो के साथ It's Happaening लिखकर फैलाया गया यानी अगर रॉन पॉल राष्ट्रपति बने तो अमेरिका में बहुत बड़ा बदलाव होगा, लेकिन भारी ऑनलाइन सपोर्ट के बावजूद उन्हें उनकी पार्टी ने उम्मीदवार ही नहीं बनाया। मतलब उम्मीद तो बहुत थी, पर नतीजा कुछ नहीं निकला। इसी It's Happening की ओवरहाइप के जवाब में तंज कसते हुए Nothing Ever Happens की शुरुआत हुई।

### Nothing Burger इतिहास इंटरनेट से भी पुराना

इस सोच की जड़ें इंटरनेट से भी पहले की हैं। अंग्रेजी मुहावरे Nothing Burger का मतलब है कोई ऐसी चीज या घटना जिसे बहुत ज्यादा प्रचारित किया गया, लेकिन असल में वह बेकार या उम्मीद से बहुत कम निकली यानी खोदा पहाड़, निकला चूहा। Nothing Burger का इस्तेमाल 1950 के दशक में हॉलिवुड गॉसिप कॉलमिस्ट लौएला पार्सन्स ने किया, जिसका मकसद ऐसी अफवाहों को खारिज करना था, जिनमें कोई दम नहीं होता था। फिर यह वाशिंगटन डी.सी. के राजनीतिक हलकों में पॉपुलर हुआ, जहां इसका यूज उन विवादों या जांचों के लिए हुआ जो बड़े लेवल पर शुरू हुईं, पर आखिर में कोई ठोस रिजल्ट नहीं निकला।

### ये है प्लैटफॉर्म

कहा जाता है कि इस सोच का आधुनिक और डिजिटल अवतार इंटरनेट पर सबसे पहले गुमनाम इंटरनेट फोरम 4chan पर आया। समय के साथ 4chan के यूजर्स ने महसूस किया कि It's Happening के कई दावे फेल हुए। तब It's Happening कहने वालों का मजाक उड़ाने और उन पर तंज कसने के लिए Nothing Ever Happens (NEH) की शुरुआत हुई। इसके बाद यह Reddit और X (पहले ट्विटर) पर फैलते चले गए और आज भी जब हम किसी सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म को स्क्रॉल करते हैं तो एक अजीब से एक्सप्रेशन में सफेद चेहरे वाला कैरेक्टर हमारे सामने आ जाता है।

### आज भी जारी है जंग



आज भी दुनिया में जब कोई बड़ी घटना होती है तो सोशल मीडिया पर उसके रिएक्शन आने लगते हैं। एक वर्ग कहता है कि कुछ हो रहा है, कुछ बड़ा होने वाला है, कोई बड़ा बदलाव होगा, जबकि इसका जवाब Nothing Ever Happens (NEH) मानने वाले अपनी बातों से देते हैं। इंटरनेट पर दोनों विचारधाराओं की जंग आज भी हर मुद्दे पर देखने को मिलती है।

## ...यानी यह सोच काफी हद तक सही

अभी तक हम दुनिया में ऐसी कई बातें और घटनाएं सुन और देख चुके हैं, जिनसे लग रहा था कि इनके बाद तो बहुत बड़ा बदलाव आ जाएगा, लेकिन आखिर में वही ढाक के तीन पात। कुछ नहीं बदला।

| ऐतिहासिक घटना | It's Happening का दावा | NEH के मुताबिक कुछ नहीं बदला |
|---|---|---|
| Y2K बग (2000) | दुनियाभर के कंप्यूटर सिस्टम साल 2000 में खराब हो जाएंगे। | आखिर में यह बात सिर्फ अफवाह साबित हुई, कुछ भी नहीं निकला। |
| रॉन पॉल अभियान (2012) | अमेरिकी राजनीति में क्रांतिकारी बदलाव आएगा, देश पर होगा असर। | रॉन को उनकी पार्टी ने ही टिकट नहीं दिया और कुछ नहीं बदला। |
| दुनिया का अंत (21 दिसंबर 2012) | माया कैलेंडर के मुताबिक दुनिया खत्म हो जाएगी, प्रलय होगी। | न कोई प्रलय आई, न दुनिया खत्म हुई। यह तो आज भी वैसी की वैसी है। |
| कोविड-19 (2020) | यह महामारी दुनिया की तस्वीर पूरी तरह से बदल कर रख देगी। | कुछ समय बाद हम वापस अपने-अपने पुराने रूटीन पर लौट आए। |
| साउथ कोरिया मार्शल लॉ (2024) | देश बड़े संघर्ष की ओर बढ़ता दिखा, कई इलाकों में सेना तैनात की गई। | कुछ ही घंटों में बिना किसी बड़े बदलाव के चीजें सामान्य हो गईं। |

**नोट:** हालांकि, इन घटनाओं का सामना कर चुके लोगों का तर्क हो सकता है कि बदलाव आया है। कोरोना में अपनों को खोने वाले कह सकते हैं कि सब कुछ पहले जैसा नहीं रहा, लेकिन देखा जाए तो हर कोई आज अपनी जिंदगी वैसे ही जी रहा है जैसे कोविड से पहले जी रहा था। भले ही किसी अपने को खो दिया हो।

**छिपी क्रांति की तरह:** NEH की सोच वालों की निराशा को एक छिपी क्रांति के रूप में भी देखा जा सकता है, जो हर बार किसी बदलाव की बातें सुन-सुन कर इतने ऊब चुके हैं कि बदलाव की उम्मीद ही छोड़ चुके हैं। इससे उनके अंदर धधक रही है बड़े बदलाव की आग जिसे Billions Must Die के रूप में देख सकते हैं।

## ...ताकि नया समाज बने

**Billions Must Die** को सीधे शब्दों में लिखें तो इसका मतलब होता है 'अरबों को मरना होगा', लेकिन इसका भाव अरबों लोगों के मरने से नहीं बल्कि बड़े विनाश की जरूरत से है। Gen-Z जो कि बदलाव की बातों से थक चुके हैं, उनका साफ कहना है कि आज सामाजिक और राजनीतिक सिस्टम इतना खराब हो चुका है कि इसे सुधारना नामुमकिन है। इसलिए इसके विनाश की प्रक्रिया को तेज कर देना चाहिए, ताकि एक नया समाज जन्म ले सके। नया समाज पुराने समाज के खत्म होने से ही बन सकता है।

### The West has fallen से जुड़ा

इस विचारधारा का जन्म भी गुमनाम इंटरनेट फोरम 4chan पर हुआ था। यह इंटरनेट का ऐसा कोना है जहां अक्सर बहुत ही तीखी पॉलिटिकल चर्चाएं और विवादित मीम्स बनते हैं। इसकी शुरुआत और प्रसार को इस तरह से देखा जा सकता है।



### 2019 में मिला चेहरा

इस मीम का मुख्य चेहरा Chudjak है। कहा जाता है कि यह कार्टून फेस 2019 में अमेरिका के एल पासो में हुई गोलीबारी की घटना को अंजाम देने वाले पैट्रिक क्रूसियस पर आधारित था।

### 2021 में जुड़ा

2021 के आसपास, 4chan पर यूजर्स ने पश्चिमी समाज के कथित पतन का मजाक उड़ाने के लिए The West has fallen (पश्चिम का पतन हो चुका है) कहना शुरू किया। इसके साथ ही Billions Must Die का नारा जुड़ गया।

### ध्यान खींचने के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल

Billions Must Die को पहली नजर में देखें तो एकदम से लगता है कि अरबों लोगों की मौत! दरअसल, ऐसे शब्दों को इस्तेमाल करने के पीछे का मकसद ही लोगों का ध्यान खींचना है।

### दिखती है ग्लोबल रीसेट की भावना

इस सोच को मानने वाले निराशा के उस चरम पर पहुंच चुके हैं, जिनका मानना है कि इस दुनिया का अब कुछ नहीं हो सकता। आज की दुनिया, सरकारों और सिस्टम को इतना जंग लग चुका है कि ग्लोबल रीसेट किए बिना सुधार या बदलाव मुमकिन ही नहीं है। यह क्रांति की वह दबी चिंगारी है जो ऐसी सोच वालों के अंदर ही अंदर धधक रही है।



### यह तो सदियों से सुन रहे

कभी कुछ नहीं बदलता और बड़े विनाश के बिना बदलाव नहीं आ सकता, ये विचार नए नहीं बल्कि हम सदियों से सुन रहे हैं।

### मूल स्थिति तो वही रहती है

ज्यादातर दर्शन भी यही कहते हैं कि संसार चक्र में घूमता रहता है, जहां घटनाएं घटती तो हैं, लेकिन मूल स्थिति वही रहती है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि आत्मा न जन्म लेती है, न मरती है यानी बाहरी बदलाव के बावजूद मूल सत्य स्थिर रहता है। इसे आइंस्टाइन के ऊर्जा के सिद्धांत से भी जोड़ सकते हैं, जिसके मुताबिक ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती, बस अपना रूप बदलती है।

### प्रलय की बात हर धर्म में है

लगभग हर धर्म और सभ्यता में प्रलय या संसार के अंत की अवधारणा मिलती है। हालांकि, उसके रूप और कारण अलग-अलग बताए गए हैं। सनातन धर्म में प्रलय को सृष्टि के चक्र का हिस्सा माना गया है, जहां सृष्टि, स्थिति और संहार बार-बार होते हैं। ईसाई और इस्लाम धर्म में प्रलय को एक अंतिम दिन (Judgement Day/कयामत) के रूप में देखा गया है। यही तो Gen-Z कहना चाहते हैं Billions Must Die.

### उम्मीद लाते हैं Billions Must Try जैसे विचार

कहते हैं रोशनी से पहले का अंधेरा सबसे घना होता है यानी हर अंधेरे के बाद रोशनी आती ही आती है। इसी तरह निराशा की एक्सट्रीम भावना Billions Must Die के जवाब में Billions Must Try, Billions Must Love/Smile, Billions Must Heal, Billions Must Hope/Live जैसे पॉजिटिव और उम्मीद भरे विचारों के मीम्स आते हैं। Billions Must Try का विचार कहता है कि भले ही कामयाब होने की गारंटी न हो, लेकिन अरबों लोगों को कोशिश जरूर करनी चाहिए क्योंकि कोशिश करना ही इंसान की ताकत को दिखाता है और कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। Billions Must Love/Smile में अक्सर Chudjack को गुस्से के बजाय एक बड़ी मुस्कान के साथ दिखाया जाता है। Billions Must Hope/Live का विचार कहता है कि दुनिया अभी खत्म नहीं हुई है और अरबों लोगों को जीने की उम्मीद बनाए रखनी चाहिए। वहीं, The West Has Risen तो The West Has Fallen का सीधा जवाब है, जो यह बताता है कि सभ्यता का पतन नहीं हुआ है बल्कि वह नए सिरे से ऊपर उठ रही है।

### कब से इंटरनेट पर

कहा जाता है कि Nothing Ever Happens की शुरुआत 2014 में 4chan पर हुई और करीब 2019 में Billions Must Die का विचार दुनिया में सोशल मीडिया पर फैला। हालांकि, भारत में 2020 के बाद ये विचार बदले हुए मीम्स के साथ फैलने शुरू हुए और अब हर जगह दिखाई देते हैं।

### दोनों विचार आपस में जुड़े

Nothing Ever Happens और Billions Must Die दोनों ही एक-दूसरे को पूरा करते हैं। ये फिलॉसफी आज के डिजिटल युग के खालीपन, हताशा और दुनिया की बड़ी घटनाओं के प्रति अलग नजरिया पेश करती है। जहां Nothing Ever Happens बोरियत और स्थिरता की बात करता है, वहीं Billions Must Die उस स्थिरता को खत्म करने की इच्छा है।

## ...और भी हैं विचारधाराएं

**Nothing Ever Happens और Billions Must Die के अलावा ऐसी तमाम फिलॉसफी हैं, जो इंटरनेट पर अपनी भावनाएं दिखाने के लिए इस्तेमाल की जाती हैं। इनमें से कुछ खास ये हैं-**

**We Live in a Society**
यह उन नियमों और सामाजिक हालात पर तंज कसने के लिए इस्तेमाल किया जाता है जो बहुत अजीब या बेतुके लगते हैं। जब कोई बहुत ज्यादा गंभीर बनकर दुनिया को कोसता है तो लोग मजाक में कहते हैं कि भाई रहने दे, पता है कि हम एक समाज में रहते हैं।

**This Is Fine**
जब चारों तरफ आग लगी हो यानी मुसीबतें हों तब कोई शांति से बैठकर कॉफी पीते हुए कहे कि सब ठीक है। यह हार मानने की भावना को दिखाता है। अक्सर एग्जाम्स प्रेशर, वर्क लोड या बड़ी मुसीबतों में मजबूरी दिखाने के लिए इसे यूज किया जाता है।

**Touch Grass**
इसका मतलब है कि फोन, कंप्यूटर छोड़ो और बाहर जाकर असली दुनिया को देखो। जब कोई इंटरनेट पर किसी बात को लेकर बहुत ज्यादा गुस्सा हो जाए या बेतुकी बहस करने लगे तो लोग उसे रियलिटी चेक देने के लिए कहते हैं कि गो, टच ग्रास।

**Clown World**
दुनिया को एक पागलखाने या सर्कस की तरह देखना जहां कुछ भी लॉजिकल नहीं हो रहा। बस तमाशा चल रहा है। जब खबरें या सरकारी फैसले बहुत ही अजीब और बेतुके लगते हैं तो लोग कहते हैं कि Welcome to the clown world.

**Let It Rot**
जब हालात इतने खराब हों कि उन्हें सुधारना नामुमकिन लगे तो कोशिश करना छोड़ देना और उसे ज्यादा खराब होने देना। यह चीन के युवाओं से शुरू हुआ एक विचार (Bai Lan) है। इसका मतलब है कि इसे सड़ने दो।

**Dead Internet Theory**
करीब 2021 में पॉपुलर हुई इस सोच के मुताबिक, इंटरनेट अब इंसानों का नहीं रहा। बॉट्स (bots) और AI से जनरेटेड कॉन्टेंट से भरा है। लोग इससे अपने अकेलेपन की भावना दिखाते हैं, जहां उन्हें लगता है कि वे इंसानों के बजाय मशीनों से बात कर रहे हैं।

## वे कैरेक्टर जो बनाते हैं डिजिटल थिएटरः चेहरे जो बिन बोले कह जाते हैं सब कुछ

**Nothing Ever Happens और Billions Must Die की सोच को दिखाने के लिए एक खास चेहरे का इस्तेमाल किया जाता है। कहा जाता है कि यह Chudjak है जो अपने चेहरे के एक्सप्रेशन से ही कई बार ऐसी बातें कह जाता है जो शब्द बयां नहीं कर पाते। इंटरनेट पर यह एकदम से नहीं आ गया। जिस तरह से ऊपर बताए दोनों विचार किसी न किसी से प्रेरित हुए, किसी का जवाब देने के लिए जन्मे और डिवेलप होते चले गए, उसी तरह से Chudjak भी पुराने मीम का विकसित हुआ रूप माना जाता है।**


### जानें, इन मीम्स की विकास यात्रा

2009 का वोयाक है पूर्वज


इन मीम्स को समझने के लिए इनके चेहरे के पूर्वज वोयाक (Wojak) को समझना जरूरी है। कहा जाता है कि वोयाक की शुरुआत 2009 में एक पोलिश इमेजबोर्ड विचान (Vichan) पर हुई थी। शुरुआत में यह केवल एक उदास चेहरे का स्केच था जो सहानुभूति और दुख को दिखाने के लिए इस्तेमाल किया जाता था। समय के साथ वोयाक के कई वेरिएंट बने। विचान 4chan की तरह था और कहा जाता है कि उससे प्रेरित था, लेकिन अब यह पूरी तरह से बंद हो चुका है।





### वोयाक के चर्चित वेरिएंट और उनके मतलब




**Soyjak (2017)**
यह चश्मे और दाढ़ी वाला वोयाक है जो अक्सर किसी चीज पर उत्साहित होता है। इसकी आंखों में चमक दिखती है। यह कमजोर समझे जाने वालों का मजाक उड़ाने के लिए इस्तेमाल होता है।




**NPC (2018)**
NPC यानी नॉन प्लेयर कैरेक्टर। यह बिना किसी खासियत वाले चेहरे का वोयाक है, जो उन लोगों को दिखाता है जो खुद नहीं सोचते और केवल भेड़चाल में चलते दिखते हैं।



**Doomer (2018)**
काली कैप पहनकर सिगरेट पीता हुआ वोयाक, जो निराशा, डिप्रेशन और दुनिया के अंत पर भरोसा दिखाता है। इसके मुताबिक भविष्य अंधेरे में है और सिस्टम नहीं बदलेगा और मेहनत का फल नहीं मिलेगा।



**Bloomer (2018)**
यह डूमर के उलट है जो पॉजिटिव है। इसे Hopecore भी कहते हैं। इसमें लोग इस बात पर जोर देते हैं कि भले ही दुनिया में कितनी भी मुश्किलें हों, जीने की खुशी और उम्मीदें नहीं छोड़नी चाहिए।



**Chudjak (2019-21)**
यह एल पासो शूटर से प्रेरित है। इसे अक्सर गंभीर, चश्मा पहने हुए शख्स के रूप में दिखाया जाता है। यह उन लोगों का प्रतिनिधित्व करता है जो एक्सट्रीम विचारधाराओं की ओर झुकाव रखते हैं।

**Disclaimer:** आमतौर पर मीम्स को सिर्फ हंसी-मजाक की चीज समझा जाता है, लेकिन इसमें कई तरह की भावनाएं शामिल हैं। मीम्स इमोशंस को दुनिया के सामने रखने का तरीका हैं, न कि उसका विश्लेषण। ये हमारी रोजमर्रा की थकान, गुस्से और बेबसी को भी दुनिया के सामने रखते हैं। लेकिन याद रखें कि ये किसी घटना की साइंटिफिक रिपोर्ट या फैक्ट-बेस्ड एनालिसिस नहीं हैं। मीम्स एक 'इमोशनल ब्रिज' की तरह काम करते हैं, जो हमें अहसास दिलाते हैं कि अपनी परेशानियों में हम अकेले नहीं हैं। हमारे जैसे दूसरे लोग भी हैं। वैसे मीम्स बातों को बहुत ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर दिखाते हैं। इनका काम कुछ ही सेकंड में फीलिंग्स को दूसरों तक पहुंचाना होता है। ये भावनाओं को 'शॉर्टकट' में समझने का तरीका हैं, इसलिए इनमें पूरी सच्चाई या हर पहलू की जानकारी नहीं होती।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH11 User: cci Time: 01-10-2026 22:32 Color:



जब सारी दुनिया नए साल का जश्न मना रही थी तो अमेरिका वेनेज़ुएला पर स्ट्राइक की तैयारी में जुटा था। लेकिन यह इकलौता मिलिट्री एक्शन नहीं है जिसे इस वक्त दुनिया देख रही है। गाज़ा से लेकर यूक्रेन तक, कॉन्गो से लेकर सूडान तक दुनियाभर में कई संघर्ष चल रहे हैं। कहीं हवाई हमले और गोलाबारी जारी है तो कहीं बस एक चिंगारी भर की देर है जो जंग की आग लगा सकती है। ऐसी स्थिति में आप और हम भी इससे अछूते नहीं हैं। इसी मामले पर पढ़ें, **पूनम पाण्डे** की स्पेशल रिपोर्ट

## इन दिनों पूरी दुनिया एक ऐसे दौर से गुज़र रही है, जहां तनाव कभी भी वैश्विक संकट में तब्दील हो सकता है। जानते हैं इसके बारे में:

# दुनिया एक बार फिर बारूद के ढेर पर

# ग्लोबल वॉर ज़ोन

## ईरान - अमेरिका



ईरान में लगातार सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। करीब-करीब ईरान के सभी प्रांतों में व्यापक प्रदर्शन हो रहे हैं। दूसरी तरफ ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर और अधिक प्रदर्शनकारियों की मौत हुई तो वहां के अधिकारियों को कड़ी सजा मिलेगी। पिछले साल ट्रंप ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला करने के बाद ईरानी शासन को आगे और कार्रवाई करने की धमकी भी दी थी।

## इस्राइल-हमास



**72** हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए अब तक

**2100** से ज्यादा इस्राइली मारे गए अब तक

7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इस्राइल पर अचानक हमला कर दिया। इसकी भनक तक इस्राइली फोर्सेस को नहीं लग पाई थी। जिसके बाद 8 अक्टूबर 2023 को इस्राइल ने युद्ध की घोषणा कर जवाबी हमला शुरू कर दिया। हमास ने इस्राइल के नागरिकों पर हमला किया और बंधक भी बनाया। इस्राइल ने गाजा पट्टी पर एयर स्ट्राइक, जमीनी हमलों के साथ सैन्य अभियान शुरू किया। इस्राइल डिफेंस फोर्सेस के मुताबिक 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले में करीब 1200 इस्राइली मारे गए और सैकड़ों लोगों का अपहरण कर उन्हें गाजा ले जाया गया। साथ ही कहा कि हमारा एक ही लक्ष्य है- हमास की सैन्य और प्रशासनिक क्षमताओं को पूरी तरह खत्म करना। गाजा हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक इस्राइल-हमास संघर्ष में अब तक गाजा में 72 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए हैं। इस्राइल के विदेश मंत्रालय के मुताबिक 2100 से ज्यादा इस्राइली मारे गए हैं। गाजा में 78 पर्सेंट इमारतें या तो तबाह हो गई हैं या डैमेज हुई हैं। गाजा के आधे से ज्यादा इलाके में इस्राइली फोर्स है। इस्राइल और हमास के बीच शांति योजना के पहले चरण में सहमति तो बनी है लेकिन अब भी वहां इस्राइल डिफेंस फोर्सेस और हमास के बीच जंग जारी है।

## अमेरिका बनाम वेनेज़ुएला /कोलंबिया


3 जनवरी को अमेरिका ने वेनेज़ुएला पर मिलिट्री स्ट्राइक की। 'ऑपरेशन एब्सल्यूट रिज़ॉल्व' चलाकर वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर ले गए। ट्रंप ने फिर कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपनी जान बचा लें।

## रूस-यूक्रेन

**11** लाख से ज्यादा रूस के सैनिकों की मौत या घायल

**4** लाख से ज्यादा यूक्रेन के सैनिकों की मौत या घायल

**15** हजार नागरिकों की मौत, 38 हजार जख्मी हुए यूक्रेन के, UN के मुताबिक



वैसे तो रूस-यूक्रेन के बीच रिश्ते 2014 से ही बिगड़ने लगे जब रूस ने क्रीमिया को बलपूर्वक अपने कब्जे में ले लिया था। फिर 24 फरवरी 2022 को रूस ने यूक्रेन पर स्ट्राइक कर दी और तब से रूस-यूक्रेन का युद्ध जारी है। रूस ने नाटो के विस्तार को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए कहा कि यूक्रेन अगर नाटो में शामिल होता है तो रूसी हितों के लिए खतरा है। यूक्रेन की आर्म्ड फोर्सेस के जनरल स्टाफ के अनुमान के मुताबिक अब तक इस जंग में रूस के 11 लाख से ज्यादा सैनिकों की या तो मौत हो चुकी है या घायल हुए हैं। यह उस नुकसान से कहीं ज्यादा है जो अमेरिका को दूसरे विश्व युद्ध में हुआ था। इसी तरह यूक्रेन के भी 4 लाख से ज्यादा सैनिक या तो घायल हैं या मृत। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार पर्यवेक्षण मिशन के अनुसार यूक्रेन में अब तक करीब 15 हजार नागरिकों की मौत हुई है और करीब 38 हजार नागरिक जख्मी हुए हैं। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म करने के लिए अमेरिका भी बातचीत कर रहा है।

## अमेरिका - ग्रीनलैंड

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने वेनेज़ुएला पर मिलिट्री स्ट्राइक के बाद कहा कि हमें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड की जरूरत है। अमेरिका के पास पहले से ही ग्रीनलैंड में एक सैन्य अड्डा 'पिटुफिक स्पेस बेस' है। लेकिन ट्रंप यह पूरा द्वीप अमेरिका के कब्जे में चाहते हैं।





## यहां कोई भी चिंगारी भड़का सकती है आग

## चीन- ताइवान



अमेरिका के 'ऑपरेशन एब्सल्यूट रिज़ॉल्व' के बाद दुनियाभर में एक्सपर्ट की नजरें चीन-ताइवान पर हैं। ये चर्चाएं होने लगी हैं कि चीन भी ताइवान पर ऐसा कोई अटैक कर सकता है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और उस पर अपना दावा जताता रहा है। पिछले कुछ वर्षों में चीन ने ताइवान के चारों तरफ बड़े पैमाने पर मिलिट्री एक्सरसाइज भी की है। हालांकि, एक्सपर्ट्स का यह कहना है कि इसकी संभावना कम है कि चीन तुरंत मिलिट्री एक्शन करेगा।

## सूडान



**28** हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं अब तक

**1.5** करोड़ से ज्यादा लोग विस्थापित हुए

सूडान में वहां की राष्ट्रीय सेना (SAF) और अर्धसैनिक बल (RSF) के बीच संघर्ष चल रहा है। 15 अप्रैल 2023 को सूडान में SAF और RSF के बीच हिंसक संघर्ष तब शुरू हुआ जब RSF ने कुछ शहरों में सैन्य गतिविधि बढ़ा दी। यह संघर्ष SAF और RSF के बीच सत्ता और नियंत्रण को लेकर है। इसमें अब तक करीब 1.5 करोड़ लोग विस्थापित हुए हैं। इस संघर्ष को दुनिया के सबसे बड़े मानवीय संकटों में से एक माना जा रहा है। पिछले साल नवंबर में अमेरिका ने मानवीय सीजफायर का प्रस्ताव दिया, जिसे RSF ने स्वीकार किया ताकि मानवीय सहायता पहुंच सके। लेकिन सूडानी सेना का कहना है कि RSF के आत्मसमर्पण के बिना यह युद्ध खत्म नहीं होगा। यूरोपियन यूनियन एजेंसी फॉर असाइलम के मुताबिक अब तक इस संघर्ष में 28 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

## सऊदी - यमन

यमन में 2014 से हूती विद्रोहियों और वहां की सरकार के बीच गृहयुद्ध चल रहा है। हूती को ईरान का समर्थन है और सऊदी अरब का यमन सरकार को। तब से सऊदी-यमन सीमा पर मिसाइल, ड्रोन हमले होते रहे हैं।

## कॉन्गो-रवांडा



**7** हजार से ज्यादा लोगों की मौत पिछले साल जनवरी-फरवरी में


**90** लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए

अफ्रीकी देश कॉन्गो और रवांडा के बीच वैसे तो संघर्ष दशकों से चल रहा है लेकिन 2022 में फिर से पूर्वी कॉन्गो में M23 विद्रोही समूह की गतिविधियां तेज हो गईं। जनवरी 2025 में M23 ने कांगो के उत्तर किवु प्रांत की राजधानी गोमा और उसके बाद दक्षिण किवु का बुकेवु भी अपने कब्जे में ले लिया। यह एक जातीय संघर्ष है। जून 2025 में अमेरिका की मध्यस्थता में कांगो और रवांडा ने एक प्रारंभिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए लेकिन यह पूरी तरह लागू नहीं हुआ है। संघर्ष जारी है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक इसमें हजारों लोग मारे गए और 90 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। UN ह्यूमन राइट्स काउंसिल के मुताबिक पिछले साल जनवरी-फरवरी में ही 7000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

## थाइलैंड- कंबोडिया


इन दोनों देशों के बीच सीमा विवाद लंबे वक्त से है। पिछले साल ये भयंकर संघर्ष में तब्दील हो गया। विवाद प्रिह विहार मंदिर और उसके कुछ इलाके को लेकर है। शांतिपूर्ण समाधान के लिए ASEAN, चीन की कोशिश कर रहे हैं लेकिन स्थिति नाजुक बनी हुई है।

## भारत-पाकिस्तान



पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब देने और पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए भारत ने पिछले साल मई में ही 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च किया। जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंक के 9 ठिकाने ध्वस्त किए गए। 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च हुआ फिर पाकिस्तान की गुहार के बाद दोनों देशों के DGMO ने तय किया कि 10 मई की शाम 5 बजे से सभी फायरिंग और मिलिट्री एक्शन रोक देंगे। हालांकि, भारत ने कहा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' जारी है। मिलिट्री कमांडर्स भी कई मौकों पर कह चुके हैं कि ऑपरेशन सिंदूर ट्रेलर था और फिर जरूरत पड़ी तो तीनों सेनाओं की पूरी तैयारी है। आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भी ये कहा कि जो भी आतंकवादियों को बढ़ावा देगा, हम उसे जवाब देंगे। हमारे पास अगर बैरंग चिट्ठी भी आई तो हमें पता है जवाब किसे देना है।

## कुछ बेहतरीन वॉर मूवीज




**हकीकत (1964)** 1962 के भारत-चीन युद्ध पर आधारित है। फिल्म में लद्दाख के मोर्चे पर तैनात भारतीय सैनिकों के बलिदान और देशभक्ति को दिखाया गया है।




**Saving Private Ryan (1998)** यह द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान एक सैनिक को बचाने के मिशन पर आधारित है। फिल्म युद्ध की क्रूरता को दर्शाती है।



**Schindler's List (1993)** यह होलोकॉस्ट पर आधारित है। फिल्म युद्ध के दौरान मानवीय करुणा और त्रासदी का मार्मिक चित्रण करती है।




**Apocalypse Now (1979)** यह वियतनाम युद्ध पर आधारित मशहूर फिल्म है। फिल्म युद्ध के मानसिक प्रभाव को गहराई से दर्शाती है।




**Paths of Glory (1957)** यह युद्ध-विरोधी सेंटीमेंट पर आधारित है। प्रथम विश्व युद्ध में फ्रांसीसी सेना में एक निरर्थक हमले के बाद कायरता के झूठे आरोप में फंसे सैनिकों की कहानी है।

## कुछ बेहतरीन किताबें




**All Quiet on the Western Front** लेखक: एरिच मारिया रेमार्क। यह प्रथम विश्व युद्ध में जर्मन सैनिकों के अनुभवों का चित्रण करती है।




**War and Peace** लेखक: लियो टॉलस्टॉय नेपोलियन के रूस पर आक्रमण के दौरान रूसी समाज, इतिहास और व्यक्तिगत जीवन का एक उपन्यास है।



**The Good War** लेखक: स्टड्स टर्केल द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान लोगों के अपने-अपने अनुभवों का एक मौखिक इतिहास है यह पूरी किताब।



**The Things They Carried** लेखक: टिम ओ ब्रायन वियतनाम युद्ध के दौरान सैनिकों के भावनात्मक और शारीरिक बोझ को दर्शाती लघु कहानियों का संग्रह है।



**Slaughterhouse-Five** लेखक: कर्ट वोनगुट युद्ध के आघात और टाइम ट्रैवल के जरिए द्वितीय विश्व युद्ध की भयावहता बताती है।

## दुनियाभर में चल रहे इन युद्धों का हम पर क्या होता है असर?

### कारोबार पर असर

विदेश मामलों के जानकार कमर आगा कहते हैं कि युद्ध कहीं भी हो, उसका असर पूरी दुनिया में पड़ता है। रूस-यूक्रेन युद्ध का हमें यह नुकसान हो रहा है कि रूस से आ रहे तेल की सप्लाई बंद होती जा रही है। तेल नहीं आएगा तो कीमतें बढ़ेंगी और इकॉनमी पर सीधा असर होगा। रूस-यूक्रेन दोनों जगह से हमारी सेना को मिलने वाले हथियार और उपकरण की सप्लाई पर असर हुआ है। इसी तरह इस्राइल-हमास संघर्ष का असर सिर्फ वहीं तक नहीं बल्कि पूरे मिडिल ईस्ट में है। हमारे देश के कई लोग वहां रह रहे हैं। मिडिल ईस्ट के देश सऊदी अरब, UAE, इराक भारत के अहम एनर्जी पार्टनर हैं जो भारत की ऊर्जा की जरूरतें पूरी करते हैं। सप्लाई पर असर पड़ने का मतलब है कि भारत के आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचता है। रेड सी के रास्ते आने वाले ट्रेड पर असर होने का सीधा मतलब है महंगाई क्योंकि तब शिपमेंट लंबे रास्ते से होकर आएगा या जाएगा। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत की संसद में विदेश मंत्रालय ने बताया था कि संघर्ष के कारण कई देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए हैं। इन प्रतिबंधों का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने की संभावना है।



### आवाजाही पर असर

जब 'ऑपरेशन सिंदूर' चल रहा था तब भारत का एयर स्पेस बंद था। 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च होने से पहले ही सभी फ्लाइट को कैंसल कर दिया गया था। जिसका सभी लोगों पर असर हुआ। इस्राइल-हमास संघर्ष में भी दिल्ली-तेल अवीव की सीधी उड़ानों पर कई बार असर हुआ। ईरान, इराक और जॉर्डन के एयर स्पेस को भी कुछ वक्त के लिए बंद कर दिया गया था। जिससे भारत से यूरोप और अमेरिका जाने वाली इंटरनेशनल फ्लाइट का डायवर्जन हुआ और उन्हें लंबे रूट से जाना पड़ा। कई फ्लाइट कैंसल भी हुईं। जब इस्राइल ने ईरान पर मिसाइल हमले किए और पलटवार हुआ तब भी खाड़ी देशों ने अपना एयर स्पेस बंद कर दिया। 2022 में जब रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ तो रूस ने पश्चिमी देशों की एयरलाइंस के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया, जिससे कई अमेरिकी और यूरोपीय एयरलाइनों को अपने फ्लाइट रूट बदलने पड़े। यह परेशानी आज भी बनी हुई है। युद्ध सिविल एविएशन क्षेत्र को बाधित करने वाला सबसे बड़ा फैक्टर है।



### मिलिट्री पर असर

इन युद्धों ने जहां नए तरीके दिखाए वहीं दुनियाभर की मिलिट्री को नया नजरिया भी दिया। इस्राइल पर हमले के लिए हमास के लोग ग्लाइडर से आए और एक साथ अटैक किया। ड्रोन और एंटी ड्रोन का जिस तरह इस्तेमाल हुआ उससे भारत सहित दुनियाभर की सेनाओं ने एंटी ड्रोन क्षमता बढ़ाने पर काम शुरू किया। सटीक अटैक कर इस्राइल ने जिस तरह हिज़्बुल्लाह की पूरी लीडरशिप को खत्म किया उससे प्रिसिशन (सटीक) अटैक की क्षमता बढ़ाने की दिशा में भी सबने काम शुरू किया। साथ ही जब हमास ने ताबड़तोड़ रॉकेट दागे और यह कहा जाने लगा कि इस्राइल का आयरन डोम उसे संभाल नहीं पाया, उसके बाद से दुनियाभर में एयर डिफेंस पर ज्यादा ध्यान दिया जाने लगा है। भारत ने भी एयर डिफेंस के लिए 'सुदर्शन चक्र मिशन' पर काम करने का ऐलान किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध ने भी ड्रोन की जरूरत को रेखांकित किया, वहीं लॉन्ग रेंज वेपन का जिस तरह इस्तेमाल हुआ। ये मान लिया गया था कि मौजूदा दौर में युद्ध 8-10 दिन से लंबा नहीं चलेगा वहीं रूस-यूक्रेन युद्ध को देखते हुए लंबे चलने वाले युद्ध की तैयारी के हिसाब से मिलिट्री तैयार कर रही है।



## हमारी डिफेंस इंडस्ट्री की ग्रोथ

संघर्ष और युद्ध जहां मानवीय संकट लेकर आते हैं वहीं ये डिफेंस इंडस्ट्री के लिए तेजी से बढ़ने का मौका होते हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' के वक्त जब भारत और पाकिस्तान को लेकर दुनियाभर में चर्चा हो रही थी कि किस देश के वेपन सिस्टम ने अच्छा प्रदर्शन किया या किस एयरक्राफ्ट को नुकसान हुआ तो ये दर असल चर्चा से ज्यादा अलग-अलग देशों की डिफेंस इंडस्ट्री के बीच चलने वाला संघर्ष भी था और अपने प्रॉडक्ट बेचने की जंग भी।

### सैन्य सामान की खरीद


**40** हजार करोड़ रुपये की इमरजेंसी खरीद की पावर आर्म्ड फोर्सेस को दी गई मई 2025 में

**67** हजार करोड़ रुपये के सैन्य सामान की खरीद की जरूरत को अगस्त 2025 में मंजूरी

**158** हजार करोड़ रु. के सैन्य साजो सामान की खरीद की जरूरत को अक्टूबर-दिसंबर 2025 में मंजूरी

**1.05** लाख करोड़ रुपये के सैन्य सामान और अपग्रेडेशन की जरूरत को रक्षा मंत्रालय ने जुलाई 2025 में दी मंजूरी





CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH12 User: cci Time: 01-10-2026 22:18 Color:






# प्रेग्नेंसी में बढ़ जाए शुगर तो क्या करें?

**मां बनना पहले भी चुनौती थी, आज भी है। अब खराब लाइफस्टाइल और IVF की बढ़ती जरूरत ने भी मां बनने वाली महिलाओं के शरीर में हार्मोनल स्ट्रेस बढ़ा दिया है। लेकिन प्रेग्नेंसी में शुगर लेवल का बढ़ना मां-बच्चे के लिए ठीक नहीं होता। फिर डिलीवरी के कुछ हफ्तों में इसका स्तर सामान्य भी हो जाना चाहिए। क्या करें कि प्रेग्नेंसी के दौरान शुगर लेवल न बढ़े और बाद में इसे कैसे मैनेज करें? इस बारे में बता रहे हैं लोकेश के. भारती**

Adobe Stock

करीब तीन-चार दशक पहले प्रेग्नेंसी के दौरान शुगर के मामले कम दिखते थे। उस वक्त महिलाओं का खानपान और लाइफस्टाइल अलग था। उन्हें पोषण की चीजें भले ही कुछ कम मिलती थीं, लेकिन खानपान में मिलावट इतनी नहीं थी। हेल्दी प्रेग्नेंसी के लिहाज से देखें तो उनकी शादी वक्त पर हो जाती थी। इसलिए हेल्दी ओवम के साथ ही फर्टिलाइजेशन होता था। इससे मां और बच्चा, दोनों को ज्यादा चुनौतियों का सामना नहीं करना पड़ता था। महिलाएं फिजिकल ऐक्टिविटी करती रहती थीं। घर के ज्यादातर काम खुद ही करती थीं। लेकिन अब जॉब, करियर को मैनेज करने में उनके पास अपने लिए ही वक्त कम हो गया है।



जंक फूड या पैक्ड फूड लगातार खाने से स्थिति ज्यादा खराब हो रही है। शायद इसी वजह से आजकल महिलाओं में PCOS की परेशानी काफी बढ़ गई है। इसे Polycystic Ovary Syndrome कहते हैं। इसकी वजह से एग बनने की प्रक्रिया में रुकावट आती है। इसका ठीक तरह से इलाज होना चाहिए। अपनी गाइनी डॉक्टर की सलाह मानें। इलाज के बाद ही प्रेग्नेंसी की कोशिश करें। PCOS के मामले में कई बार हार्मोन की गड़बड़ी सामने आती है। अगर स्थिति ऐसी हो कि यूटरस गर्भधारण के लायक न हो तो IVF (लैब में फर्टिलाइजेशन कराकर) से प्रेग्नेंसी कंसीव कराई जा सकती है।

## प्रेग्नेंसी की प्लानिंग से पहले ये-ये टेस्ट जरूरी

- ब्लड ग्रुप और Rh फैक्टर टेस्ट Rh- (नेगेटिव) होने पर पार्टनर की जांच भी जरूरी
- कंप्लीट ब्लड काउंट (CBC) टेस्ट हीमोग्लोबिन, प्लेटलेट्स, आयरन के लिए
- ब्लड शुगर टेस्ट डायबीटीज का पता लगाने के लिए
- थायरॉइड फंक्शन टेस्ट (TFT) में थायरॉइड हार्मोन TSH, T3, T4 की जांच। ये बच्चे के विकास के लिए अहम
- किडनी फंक्शन टेस्ट (KFT)
- लिवर के लिए LFT
- HIV, हेपेटाइटिस B (BsAg), सिफलिस (VDRL) टेस्ट
- इनके अलावा भी कुछ टेस्ट कराए जा सकते हैं।

## उस वक्त शुगर को काबू करना क्यों जरूरी

वैसे तो सभी तरह के टेस्ट अहम हैं। लेकिन शुगर की जांच इसलिए जरूरी है क्योंकि इसका सीधा असर मां और उसके बच्चे पर पड़ता है। प्रेग्नेंसी में डायबीटीज होने की स्थिति को Gestational Diabetes Mellitus कहा जाता है। इसे काबू करने के वही उपाय हैं जो अमूमन सामान्य टाइप-2 शुगर के लिए अपनाए जाते हैं। सामान्य शुगर के मरीजों के मामले में अगर शुगर काबू में न रहे तो उनके अंगों पर बुरा असर पड़ने में कुछ साल लग सकते हैं, लेकिन प्रेग्नेंसी के दौरान बढ़ी शुगर का असर मां और बच्चे, दोनों की सेहत पर जल्दी ही पड़ता है। डॉ. विदिया गुप्ता कहती हैं कि अगर शुगर लेवल 200 से ज्यादा बढ़ा हुआ आए और यह लगातार बढ़ा ही रहे तो परेशानी की बात है।

## 5 सबसे खास बातें



1. प्रेग्नेंसी में डॉक्टर जो टेस्ट बताए वे सभी वक्त पर जरूर करवाने चाहिए।
2. शुगर का टेस्ट बेहद अहम है। प्रेग्नेंसी के दौरान शुगर काबू में न रहे तो मां और बच्चे पर सीधा असर पड़ता है।
3. जब बच्चे का वजन बहुत ज्यादा बढ़ता तो उसकी सेहत पर असर पड़ता है।
4. डिलीवरी के 6 से 12 हफ्तों के बाद भी शुगर काबू में न आए तो मुमकिन है कि डायबीटीज हो चुकी है।
5. प्रेग्नेंसी के दौरान लगातार 200 से ज्यादा शुगर लेवल रहे तो भी नुकसान हो सकता है।

## शुगर बेकाबू हो तो मां और बच्चे को कैसा खतरा

- प्रेग्नेंट महिला को हाई ब्लड प्रेशर की परेशानी हो सकती है।
- महिला को बार-बार इंफेक्शन का खतरा रहता है। अक्सर ही सर्दी, खांसी और बुखार हो जाता है।
- सिजेरियन डिलीवरी की आशंका बढ़ जाती है।
- महिला को आगे चलकर टाइप-2 डायबीटीज का खतरा हो सकता है।
- प्रेग्नेंसी के दौरान और उसके बाद भी महिला का वजन काफी बढ़ जाता है।

## इससे बच्चे की डिलीवरी के वक्त भी खतरा

मां के खून में ज्यादा शुगर हो तो यह सीधे बच्चे तक पहुंचती है। डॉ. नीलांचली सिंह कहती हैं कि कई बार बच्चे का वजन गर्भाशय में ही बढ़ जाता है। पैदा हुआ बच्चा बहुत ज्यादा वजन का होता है। वह 4-4.5 किलोग्राम से भी ज्यादा हो सकता है। वहीं एक सेहतमंद नवजात का वजन 2.5 से 3.5 किलोग्राम के बीच होना चाहिए।

- जब बच्चे का वजन ज्यादा बढ़ जाए तो उसे Macrosomia कहते हैं। ऐसे मामले में ज्यादा वजन की वजह से बच्चे की नॉर्मल डिलीवरी नहीं हो पाती। तब सी-सेक्शन यानी मां के पेट के निचले हिस्से और यूटरस में चीरा लगाकर डिलीवरी कराई जाती है।
- ऐसे बच्चे की मेटाबॉलिक हेल्थ डिस्टर्ब हो सकती है।

### एक्सपर्ट की राय




वैसे तो शुगर हमेशा ही काबू में करके रखना चाहिए, लेकिन प्रेग्नेंसी के दौरान शुगर का लेवल बढ़े तो इसे बहुत गंभीरता से लें। सही डाइट और दवा हमेशा वक्त पर लेनी चाहिए।
-डॉ. विदिया गुप्ता, प्रफेसर Ob-Gyne, GTB



अगर प्रेग्नेंसी के दौरान किसी महिला का शुगर लेवल बढ़ा हुआ आया है तो यह बेहद जरूरी है कि वह महिला डिलीवरी के बाद भी अपने शुगर लेवल का ध्यान रखें।
-डॉ. नीलांचली सिंह, असोसिएट प्रफेसर, Ob-Gyne डिपार्टमेंट, AIIMS


## पति या पार्टनर और परिवार की भूमिका अहम



जब नवजात घर में आता है तो सभी खुशी में शरीक होते हैं। फिर प्रेग्नेंसी के दौरान आने वाली चुनौती से निपटने में भी सभी की भूमिका क्यों नहीं होनी चाहिए? मान लें, अगर डॉक्टर ने कुछ खास तरह की डाइट लेने के लिए कहा है जिसे तैयार करने की जरूरत है तो यह नहीं सोचना चाहिए कि यह सिर्फ उस महिला का काम है। इस बारे में पति या परिवार को पूरी मदद करनी चाहिए।


- प्रेग्नेंसी के दौरान वॉक करना चाहिए। लेकिन यह भी ध्यान रखें कि महिला के साथ में कोई न कोई मौजूद रहे। किसी महिला का मां बनना, सिर्फ उनकी जिम्मेदारी नहीं है। यह पति या पार्टनर और परिवार की भी जिम्मेदारी है। समय पर दवा ली या नहीं, इसका ध्यान भी परिवार वालों को रखना चाहिए।

## प्रेग्नेंसी के दौरान शुगर काबू करने के तरीके




- यह दौर सामान्य नहीं होता, इसलिए एक्सरसाइज और डाइट पर ध्यान दें। यह सामान्य डायबीटीज मरीज वाला मामला नहीं होता। सामान्य डायबीटीज के मामले में भी दवा एक बार खाना भूल जाएं तो शरीर पर असर पड़ता है, लेकिन उतना नहीं जितना प्रेग्नेंसी के दौरान बच्चे के विकास पर। इसलिए कोशिश हो कि हर दिन, हर डाइट के बाद डॉक्टर ने जिस तरह दवा या इंसुलिन लेने के लिए कहा हो, उसे उसी हिसाब से ले लें।

## क्या डिलीवरी के बाद भी शुगर बढ़ी रह सकती है?



- प्रेग्नेंसी से पहले शुगर नहीं थी पर प्रेग्नेंसी के दौरान शुगर लेवल बढ़ा तो आमतौर पर डिलीवरी के कुछ हफ्तों के भीतर शुगर बिना दवा, इंसुलिन आदि के ही नॉर्मल हो जाती है। कुछ ही मामलों में यह नॉर्मल नहीं होती। नॉर्मल न हो तो बाद में भी जरूर ध्यान रखें।

# स्पेशल स्टोरी






**हफ्ते में 5-6 दिन काम और फिर छुट्टी का इंतजार। हममें से ज्यादातर की जिंदगी इसी लूप में फंसकर रह गई है। छुट्टी के दिन भी अपने लिए कोई वक्त नहीं बचता। लेकिन घर के बुजुर्ग और बच्चे या Gen-Z अपने लिए Me Time निकालना जानते हैं। वे हमें भी इसकी अहमियत समझाना चाहते हैं। आखिर क्यों जरूरी है Me Time, इसी बारे में बता रहे हैं वरुण आनंद**

AI Image

बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक विडियो वायरल हुआ, जिसमें बेंगलुरु में रहने वाला 22 साल का एक लड़का अपनी फुल टाइम जॉब छोड़ने की बात कहता दिखा। विडियो के कैप्शन में उसने लिखा कि वह अपने काम से नफरत करता है और जिंदगी जैसी चल रही है वह उसे बिलकुल भी पसंद नहीं है। उसने बताया कि उसके पास कोई बैकअप प्लान भी नहीं है, लेकिन कल जॉब छोड़ देगा। भले ही इसे बेहद बोल्ड स्टेप कहा जाए, लेकिन यह भी सच है कि हममें से ज्यादातर के मन में ऐसी बातें चलती रहती हैं। हम रोजाना एक जैसी जिंदगी से ऊब जाते हैं और कई बार सोचते हैं कि सब छोड़ दिया जाए, लेकिन जिम्मेदारियां, हालात और समाज जैसे तमाम बंधन हमें रोक देते हैं। ऐसे में जरूरत है Me Time को समझने और उसे जिंदगी में शामिल करने की।

## ज़िंदगी जी रहे हैं या काट रहे!



आज हममें से कई लोगों को यह पता भी नहीं होगा कि यह Me Time है क्या। दरअसल, इसका मतलब है खुद के लिए समय निकालना। वे ऐसे पल हैं, जब हम सब कुछ छोड़कर बस खुद के साथ होते हैं। खुद को रिलैक्स करते हैं, चाहे फिजिकली या मेंटली। एक प्राइवेट कंपनी के HR डिपार्टमेंट में काम करने वाली आकृति कहती हैं, 'Me Time निकालने की बात कहना आसान है, लेकिन असल में निकाल पाना मुश्किल है। हम जिम्मेदारियों में इस तरह घिरे हैं कि अपने लिए 1 घंटा निकाल पाना भी मुश्किल है। जॉब के बाद घर आओ तो पति, बच्चों सबके काम होते हैं। मुझे क्रोशिए का शौक है। बीते दिनों इसकी फिर से शुरुआत की, लेकिन इसे आगे नहीं बढ़ा सकी। किसी मिडल क्लास फैमिली में Me Time निकालना सपना है।' अर्चना की तरह ज्यादातर लोगों की यही शिकायत है। ऐसे में सबसे पहले खुद से सवाल करना चाहिए कि हम जिंदगी जी रहे हैं या काट रहे हैं? अगर जवाब है काट रहे हैं तो इसे जीना शुरू करें।

## अहमियत जानते हैं युवा और बुज़ुर्ग



19 साल के अतुल कहते हैं कि हमारे पैरंट्स को Me Time की वैल्यू बिलकुल नहीं पता। आज जब हर समय कुछ न कुछ काम चल रहा है तो ऐसे में खुद को रिलैक्स करने के लिए अपना Me time निकालना बहुत जरूरी है, लेकिन पैरंट्स बस अपने काम में जुटे रहते हैं। वहीं, अतुल के दादा कहते हैं कि हमारे टाइम में मोबाइल नहीं था। हम सारे काम खुद करते थे, घंटों लाइनों में लगते थे, फिर भी खुश थे। अपने लिए समय निकालते थे। दोस्तों के साथ बैठकर गप्पें भी मारते थे। हम तो आज रिटायरमेंट के बाद भी अपने लिए समय निकाल रहे हैं, लेकिन ये नौकरी और बिजनेस में पैसों के पीछे भागने वाले टाइम मैनेजमेंट करना नहीं जानते। तभी ये अंदर से खुश नहीं दिखते।

## ...पर हमारा वक्त कहां गुम हो गया?



आज टेक्नॉलजी, मोबाइल आदि ने हमारे तमाम काम आसान कर दिए हैं। न बैंक और सिलिंडर की लाइन में लगना और न ही राशन के लिए हर बार मार्केट जाना। हर काम चुटकियों में। फिर भी शिकायत रहती है कि टाइम नहीं है तो Me Time कैसे निकालें। चीफ क्लिनिकल साइकॉलजिस्ट डॉ. नुपुर सिंघल कहती हैं कि हम गैरजरूरी जगहों पर टाइम देने लगे हैं और शिकायत करते हैं कि टाइम नहीं बचता। मोबाइल जो सुविधा का साधन था, आज सुविधा से ज्यादा मनोरंजन का साधन बन चुका है। अपने मोबाइल के स्क्रीन टाइम को ही देख लें तो समझ जाएंगे कि कहां टाइम बर्बाद कर रहे हैं। इसके अलावा आज हम दिखावे में ऐसे पड़े हैं कि खुद को दूसरे से ऊपर दिखाने की होड़ है। अच्छे कपड़े, विदेश में छुट्टियां मनाना आदि, ताकि सोसाइटी को दिखा सकें कि हम कितने खुश हैं। जब हम दिखावे और इन चीजों को प्रायॉरिटी बना लेंगे तो खुद के लिए कहां समय बचेगा। यह हमें तय करना है कि हमारी प्रायॉरिटी ये सब है या अपनी मेंटल वेलनेस।

## आखिर क्यों है ज़रूरी Me Time

- **डिजिटल ओवरलोड से राहत:** फोन और सोशल मीडिया से दूरी दिमाग को हल्का करती है।
- **मेंटल ब्रेक:** लगातार काम के दबाव से दिमाग को आराम और सांस लेने का मौका मिलता है।
- **तनाव कम करना:** थोड़ी देर खुद के साथ रहने से स्ट्रेस और बेचैनी धीरे-धीरे घटने लगती है।
- **खुद से जुड़ने के लिए:** अकेले समय में हम अपनी जरूरतों, सीमाओं को बेहतर समझ पाते हैं।
- **इमोशनल बैलेंस के लिए:** गुस्सा, चिड़चिड़ापन, थकान पर कंट्रोल करने में मदद मिलती है।
- **फोकस बढ़ाने के लिए:** दिमाग रीसेट होता है और काम पर ज्यादा फोकस कर पाते हैं।
- **क्रिएटिविटी के लिए:** दिमाग खाली होता है तो नए आइडिया, सोच व क्रिएटिविटी जन्म लेती है।

### एक्सपर्ट की राय



एक शख्स तभी खुश रह सकता है जब वह मेंटली फिट हो और इसके लिए ज़रूरी है खुद से प्यार करे, खुद की रिस्पेक्ट करे। जब हम खुद के बारे में सोचेंगे तभी अपना ख्याल रख सकेंगे और तभी अपने लिए Me Time निकाल सकेंगे।
-डॉ. दीपक गुप्ता, सायकायट्रिस्ट, सर गंगाराम हॉस्पिटल



जिस तरह हम दांतों की सफाई के लिए समय निकालते नहीं है, वह हमारे रुटीन का हिस्सा होता है, उसी तरह Me Time को आदत बनाएं। दांतों की सफाई फिजिकल हेल्थ के लिए ज़रूरी है तो Me Time मेंटल हेल्थ के लिए।
-डॉ. नुपुर सिंघल, चीफ क्लिनिकल साइकॉलजिस्ट और को-फाउंडर, द ग्रे सर्कल




## 7 तरह के रेस्ट

Me Time का मकसद रिलैक्स करना है और इसके लिए जरूरी है कि 7 तरह के रेस्ट लें: फिजिकल, मेंटल, इमोशनल, सोशल, डिजिटल, सेंसरी, क्रिएटिव

## क्या-क्या कर सकते हैं Me Time में

एक प्राइवेट कंपनी में सीनियर एग्जीक्यूटिव रमेश कहते हैं कि कुछ भी हो जाए मैं रात में किताब पढ़ने के लिए समय जरूर निकालता हूं। इससे फ्रेश महसूस करता हूं। Me Time में क्या-क्या कर सकते हैं? इसका जवाब सबके लिए अलग-अलग हो सकता है। साइकायट्रिस्ट डॉ. दीपक गुप्ता कहते हैं, 'अगर किसी ने बहुत ज्यादा फिजिकल ऐक्टिविटी की है और वह सिर्फ सोकर फिजिकली रिलैक्स करता है तो यह उसका Me Time कहा जाएगा। पर इसी के साथ उसे यह भी ध्यान रखना है कि फैमिली को भी टाइम दे, स्वार्थी न बने। Me Time के लिए लाइफ को बैलेंस करना जरूरी है।'

## ऐसे चुराएं अपने लिए वक्त



- **छोटी शुरुआत करें:** रोज 10-15 मिनट भी काफी है, जरूरी नहीं कि घंटों का समय हो।
- **फोन से दूरी बनाएं:** उस वक्त मोबाइल, नोटिफिकेशन और सोशल मीडिया से ब्रेक लें।
- **फैमिली को बताएं:** घर वालों को साफ बता दें कि यह समय हमारे लिए जरूरी है।
- **न कहना सीखें:** हर कॉल, मैसेज और काम का तुरंत जवाब दिया जाए यह जरूरी नहीं।
- **आदत बनाएं:** Me Time को भी रुटीन और आदत में शुमार करें।

## Gen-Z के रिलैक्स करने का फंडा



Gen-Z अपनी जिंदगी और खुशी का महत्व अच्छे से समझते हैं, इसलिए रिलैक्स करने के लिए अपने लिए भरपूर Me Time निकालते हैं। अतुल का साफ कहना है कि खुद के लिए समय नहीं निकाला तो जिंदगी जीने का फायदा ही क्या? वैसे Gen-Z अब Me Time से एक कदम आगे बढ़ गए हैं। सोशल मीडिया पर Gen-Z का 'Doing Nothing' ट्रेंड तेजी से उभर रहा है, जिसमें वे कुछ मिनटों से लेकर घंटों तक बिना कुछ किए बैठे रहने के विडियो बनाते हैं। न कोई बातचीत, न ऐक्टिंग। पहली नजर में यह आलस लग सकता है, लेकिन असल में यह लगातार प्रोडक्टिव दिखने, रील कल्चर और भागदौड़ के दबाव के खिलाफ एक खामोश जवाब है। यह ट्रेंड बताता है कि आज की पीढ़ी कुछ न करने को भी खुद के साथ रहने, दिमाग को ब्रेक देने और Me Time के एक नए रूप के तौर पर देखने लगी है।

टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारत में खेलना बहुत बड़ा फायदा है। हम इन परिस्थितियों में खेलने का अनुभव हासिल करना चाहते हैं। हम निश्चित रूप से अभी वनडे सीरीज पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। -माइकल ब्रेसवेल, कप्तान, न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम



51

विकेट लिए हैं जवागल श्रीनाथ ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में। वह न्यूजीलैंड और भारत के बीच हुए वनडे मैच में सर्वाधिक विकेट लेने वाले प्लेयर हैं

## न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का पहला मुकाबला आज, कोहली और रोहित पर होगा पूरा फोकस

# भारत के सामने कीवियों पर काबू पाने का चैलेंज

भारत Vs न्यूजीलैंड
वनडे सीरीज, पहला मैच

■ एजेंसियां, वडोदरा: न्यूजीलैंड की टीम पिछली बार साल 2024 में जब भारत दौरे पर आई थी तब उसने घरेलू धरती पर टेस्ट फॉर्मेट में भारत के वर्चस्व को चुनौती दी थी। अब वनडे फॉर्मेट में भारत में भारत के दबदबे को चुनौती देने के लिए कीवी टीम एक बार फिर भारत में है। हालांकि न्यूजीलैंड टीम ने भारत में अभी तक न कोई वनडे सीरीज जीती है और न ही कोई वनडे टूर्नामेंट जीता है। इसके बावजूद वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी कर रहे सितारों से सजी भारतीय टीम को अपनी पूरी ताकत के साथ नए चेहरों और युवा जोश के साथ भारत में नई उड़ान भरने पहुंची कीवी टीम की चुनौती का सामना करना होगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ आज खेले जाने वाले सीरीज के पहले वनडे में भारतीय टीम विराट कोहली और रोहित शर्मा की शानदार लय के साथ आगे बढ़ने की उम्मीद करेगी। न्यूजीलैंड की टीम नए और युवा खिलाड़ियों की भरमार है लेकिन पूरी ताकत के साथ उतर रही भारतीय टीम के लिए रोहित और कोहली के नजरिए से सीरीज अहम है। अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के कारण वनडे सीरीज की अहमियत थोड़ी कम है लेकिन अगले सात दिनों में होने वाले तीन वनडे मैचों में कोहली और रोहित आकर्षण का केंद्र रहेंगे। दोनों दिग्गजों को हाल ही में विजय हजारे ट्रॉफी के लीग चरण में अच्छा मैच अभ्यास मिला है।



आमने-सामने
कुल मैच 120
भारत जीता 62
50 न्यूजीलैंड जीता
7 नो रिजल्ट
1 टाई

### संभावित प्लेइंग XI

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, रविंद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज

**न्यूजीलैंड:** डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), निक केली, विल यंग, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), क्रिस्टियन क्लार्क, काइल जेमीसन, माइकल रे और आदित्य अशोक

**पिच व मौसम:** वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में यह पहला मेंस वनडे इंटरनेशनल मुकाबला खेला जाएगा। यहां खेले गए दो डे-नाइट विमिंस वनडे मैचों में फ्लडलाइट्स के नीचे भारतीय पेसर्स को मदद मिली थी और भारत ने दोनों मुकाबले 100 से ज्यादा रन के अंतर से जीते थे। मौसम खेल के अनुकूल रहेगा। तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा और बारिश की कोई संभावना नहीं है।

**टेलिकास्ट:** दोपहर 1:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

**श्रेयस प्रयोग पर लगाएंगे लगाम:** पिछले साल के अंत में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में यह चोट के कारण बाहर रहे थे। गिल की वापसी से यशस्वी जायसवाल को शीर्ष क्रम से बाहर बैठना पड़ सकता है। जायसवाल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में अपना पहला वनडे शतक जमाया था। श्रेयस अय्यर की वापसी से बल्लेबाजी क्रम में चल रहे प्रयोगों पर विराम लगने की उम्मीद है और 31 वर्षीय इस बल्लेबाज का एक बार फिर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करना लगभग तय है। केएल राहुल की विकेटकीपर-बैटर के रूप में भूमिका जारी रहने से ऋषभ पंत के इलेवन में शामिल होने की संभावना कम है।

**1** शतक लगाते ही विराट कोहली भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे मैचों में सर्वाधिक सेंचुरी का रेकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे। फिलहाल वह और वीरेंद्र सहवाग 6-6 शतक के साथ टॉप पर हैं

**15** फिफ्टी प्लस पारियां खेली हैं विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में खेली 33 पारियों में। ये सर्वाधिक है। सचिन तेंडुलकर (13) लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं

### गिल को तकदीर पर पूरा भरोसा



कप्तान बनने के बाद यह गिल के लिए वनडे में सिर्फ दूसरी सीरीज होगी

प्रेस कॉन्फ्रेंस से

**वडोदरा:** टी20 वर्ल्ड कप टीम से बाहर किए जाने के बाद भारत के वनडे और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने शनिवार को कहा कि वह चयनकर्ताओं के फैसले का सम्मान करते हैं और जब भी मौका मिलेगा अपनी पूरी क्षमता के साथ योगदान देने की कोशिश करेंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के शुरुआती वनडे से पहले गिल ने कहा, 'मेरा मानना है कि मैं वहीं हूं जहां मुझे होना चाहिए। मेरी तकदीर में जो लिखा है उसे कोई मुझसे नहीं छीन सकता। जाहिर है एक खिलाड़ी के तौर पर आपको यह विश्वास होता है कि आप अपनी टीम के लिए और अपने देश के लिए जीत हासिल करेंगे।' गिल ने कहा, 'मैं चयनकर्ताओं के फैसले का सम्मान करता हूं और टी20 टीम को मेरी शुभकामनाएं। मुझे पूरी उम्मीद है कि वे हमारे लिए वर्ल्ड कप जीतेंगे।' जब उनसे पूछा गया कि क्या टीम से बाहर किए जाने का उन पर मानसिक रूप से बुरा असर पड़ सकता है, तो गिल ने कहा, 'एक खिलाड़ी होने के नाते सब कुछ वर्तमान में जीने के बारे में है। आप जितना अधिक वर्तमान में रहेंगे जीत की उतनी ही संभावना बढ़ जाएगी।'

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

### खास रेकॉर्ड कर रहा इंतजार

साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछली वनडे सीरीज में दो शतक जमाने वाले विराट कोहली जब न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में उतरेंगे तो कई रेकॉर्ड उनका इंतजार कर रहे होंगे। विराट अभी तक दुनिया के 34 अलग-अलग मैदान पर वनडे इंटरनैशनल में कुल 53 शतक लगा चुके। न्यूजीलैंड के खिलाफ आज से शुरू हो रही सीरीज के तीन वेन्यू वडोदरा, राजकोट और इंदौर हैं और इन तीनों ही मैदान पर विराट के बल्ले से वनडे में एक भी शतक नहीं आया है। फिलहाल विराट सर्वाधिक वेन्यू पर शतक लगाने के मामले में सचिन तेंडुलकर के साथ संयुक्त शीर्ष पर हैं। यदि वह इस सीरीज में एक भी शतक लगा लेते हैं तो सर्वाधिक वेन्यू पर वनडे शतक का इंटरनैशनल रेकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे।

### स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में न्यूजीलैंड टीम का कप्तान कौन है?
A) डेरिल मिचेल B) माइकल ब्रेसवेल C) मिचेल हे D) केन विलियमसन

2. भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए वनडे मैच में सर्वाधिक विकेट किस बोलर ने लिए हैं?
A) जसप्रीत बुमराह B) शेन बॉन्ड C) टिम साउदी D) जवागल श्रीनाथ

**कल के जवाब**
1. C) राची 2. D) जापान

लकी WINNER



1. संगीता पुरिया, लखनऊ, यूपी
2. अखन तोमर, डाबड़ी गांव, दिल्ली
3. दिनेश वर्मा, जोगेश्वरी, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### भारत पहुंची फीफा ट्रॉफी



■ **नई दिल्ली:** फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ट्रॉफी शनिवार को भारत पहुंची। राजधानी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और फीफा एंबेसडर और ब्राजील के पूर्व खिलाड़ी गिल्बर्टो सिल्वा ने ट्रॉफी का अनावरण किया। इस मौके पर ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष कल्याण चौबे भी मौजूद थे।

### सबालेंका फाइनल में

■ **ब्रिस्बेन:** वर्ल्ड नंबर-1 आरिना सबालेंका ने ब्रिस्बेन इंटरनैशनल टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कैरोलिना मुचोवा को 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। मौजूदा चैंपियन सबालेंका ने चौथे मैच पॉइंट पर जीत पक्की की। फाइनल में उनका सामना यूक्रेन की मार्ता कोस्त्युक से होगा। मेंस सिंगल्स फाइनल डेनियल मेदवेदेव और ब्रेंडन नाकाशिमा के बीच होगा।

### मोरक्को सेमीफाइनल में

■ **रबात:** ब्राहिम डियाज के गोल की बदौलत मोरक्को ने अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के क्वॉर्टर फाइनल में कैमरून को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। डियाज ने 27वें मिनट में बढ़त दिलाई, जबकि इस्माइल सैबरी ने 74वें मिनट में दूसरा गोल किया। अन्य क्वॉर्टर फाइनल में सेनेगल ने माली को 1-0 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।

## हरमन, ब्रंट की फिफ्टी, मुंबई पहला मैच जीती

■ **एजेंसियां, नवी मुंबई:** हरमनप्रीत कौर (74* रन, 42 बॉल, 8 फोर, 3 सिक्स) और नैट सिवर-ब्रंट (70 रन, 46 बॉल, 13 फोर, 2/29) की तेज तर्रार फिफ्टी व निकोला कैरी (21 रन, 12 बॉल, 4 फोर, 3/37) के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत मुंबई इंडियंस ने विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के चौथे सीजन में अपना पहला मुकाबला जीता। मुंबई ने शनिवार को हुए मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 50 रन से हराया। मुंबई की टीम सीजन ओपनर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हार गई थी। पहले बैटिंग करते हुए मुंबई इंडियंस ने खराब शुरुआत के बाद चार विकेट पर 195 रन बनाए। यह दिल्ली के खिलाफ WPL में सबसे बड़ा टोटल है। जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की बैटिंग पूरी तरह फ्लॉप रही और टीम 19 ओवर्स में 145 रन पर ऑल आउट हो गई।



विमिंस प्रीमियर लीग 2026

**मिडल ओवर्स में बरसे रन:** टॉस जीतकर गेंदबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरुआत शानदार रही। टीम के साथ इस सीजन जुड़ी शिनेल हेनरी (1/32) ने अपने पहले और मैच के दूसरे ओवर में ही अमेलिया केर (0) को उनकी पहली गेंद पर चलता किया। जिसके बाद मुंबई पावरप्ले में 6.6 रन रेट से 43 रन ही बना पाई। कमालिनी पावरप्ले के तुरंत बाद ही आउट हो गईं। यहां से कप्तान हरमनप्रीत और ब्रंट ने मोर्चा संभाला। दोनों छोर से मुंबई के लिए तेजी से रन आए, जिसकी बदौलत मुंबई ने मिडल ओवर्स में 10 रन रेट से 100 रन बना लिए। कैरी ने टीम को मजबूत फिनिश दिया।



हरमनप्रीत ने पारी में 3 सिक्स जमाए

**सिर्फ शिनेल का बल्ला चला:** जवाब में दिल्ली की शुरुआत खराब रही और टीम ने 33 रन पर ही चार विकेट गंवा दिए। यहां से टीम पूरी तरह से मैच में कभी टक्कर ही नहीं पाई। हालांकि, एक छोर पर हेनरी ने हार का अंतर कम करते हुए 33 गेंद पर 56 रन की पारी खेली और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। जेमिमा रॉड्रिग्स WPL में कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में सिर्फ 1 रन ही बना पाईं। मुंबई के लिए केर और कैरी ने 3-3 विकेट लिए।

### जॉर्जिया के ऑलराउंड खेल से जायंट्स जीते

कप्तान एशले गार्डनर (65 रन, 41 बॉल, 6 फोर, 3 सिक्स) और जॉर्जिया वेयरहैम (27 रन, 10 बॉल, 1 फोर, 3 सिक्स, 2/30) की बदौलत गुजरात जायंट्स ने विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के रोमांचक मुकाबले में शनिवार को यूपी वॉरियर्स को 10 रन से मात दी। ऑस्ट्रेलिया की युवा बल्लेबाज फीबी लिचफील्ड की 40 गेंद में खेली गई 78 रन की शानदार पारी भी यूपी को जीत नहीं दिला सकी। गुजरात ने पहले बैटिंग करते हुए 207/4 स्कोर बनाया। जवाब में यूपी 20 ओवर्स में 197/8 स्कोर तक ही पहुंच सकी।

## प्लेयर्स के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है असर: नजमुल

■ **एजेंसियां, ढाका:** बांग्लादेश के टेस्ट कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने अगले महीने भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप को लेकर बनी अनिश्चितता पर चिंता जताते हुए कहा है कि इसका असर खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, लेकिन टीम हालात को ऐसे संभालने की कोशिश कर रही है जैसे 'सब कुछ सामान्य है।' भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की भागीदारी उस वक्त विवादों में आ गई, जब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए ICC से अपने मैच भारत से बाहर कराने की मांग की। शंटो ने कहा, 'आप देखेंगे कि हर वर्ल्ड कप से पहले कुछ न कुछ जरूर होता है। तीन वर्ल्ड कप खेलने के अनुभव से मैं कह सकता हूं कि इसका असर पड़ता है। मैं इतना जरूर कहूंगा कि ऐसी परिस्थितियों में अभिनय करना भी मुश्किल होता है। सही मानसिकता के साथ अगर हम वर्ल्ड कप में जाएं और कहीं भी खेलें, तो हमारा ध्यान इस पर होना चाहिए कि टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ कैसे दें।' शंटो ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के निदेशक एम नजमुल इस्लाम द्वारा पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को 'भारत का एजेंट' बताए जाने की कड़ी आलोचना की।

वर्ल्ड कप वेन्यू विवाद



बांग्लादेश टेस्ट कप्तान नजमुल शंटो

## पाइपर्स का खिताब पर कब्जा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** एसजी पाइपर्स ने श्राची बंगाल टाइगर्स को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराकर विमिंस हॉकी इंडिया लीग (WHIL) का खिताब अपने नाम किया। निर्धारित समय में दोनों टीम के बीच 1-1 से मुकाबला ड्रॉ रहा था। यह इस सीजन तीसरा मौका था, जब पाइपर्स और बंगाल टाइगर्स के बीच मुकाबले का नतीजा पेनल्टी शूटआउट से निकला। लीग स्टेज के दौरान बंगाल टाइगर्स ने दोनों मुकाबले पेनल्टी शूटआउट में जीते थे।

विमिंस हॉकी इंडिया लीग

पाइपर्स की टीम पिछले सीजन पॉइंट्स टेबल में चौथे और आखिरी स्थान पर रही थी, लेकिन इस सीजन टीम ने खिताब जीतने का कमाल किया। वहीं, पिछली बार तीसरे स्थान पर रहने वाली बंगाल टाइगर्स इस साल रनर अप रही। एसजी पाइपर्स की गोलकीपर बंसरी सोलंकी को 'प्लेयर ऑफ द मैच चुना' गया।



टूर्नामेंट ट्रॉफी के साथ पाइपर्स की प्लेयर्स और स्टाफ जश्न मनाते हुए


**बंगाल को शुरुआती बढ़त:** फाइनल का दबाव दोनों टीमों पर बराबर दिख रहा था। दोनों टीमों ने खिताबी मुकाबले के पहले क्वॉर्टर में संयम दिखाया। इस क्वॉर्टर में एक भी गोल नहीं हुआ। हालांकि, दूसरा क्वॉर्टर बंगाल टाइगर्स के लिए लकी साबित हुआ, जहां उनकी ओर से लालरेमसियामी ने गोल दागा।

**आखिरी क्वॉर्टर में राहत की सांस:** पाइपर्स एक गोल से पीछे थी और उसके खेमे में बैचेनी बढ़ रही थी। बंगाल को जीतने के लिए सिर्फ लीड कायम रखनी थी, लेकिन प्रीति दुबे ने विपक्षी टीम के डिफेंस में सेंध लगाते हुए पाइपर्स को बराबरी पर ला खड़ा किया।

## सेमीफाइनल में थम गया सिंधु का सफर

■ **एजेंसियां, कुआलालंपुर:** भारतीय शटलर पीवी सिंधु का सीजन के पहले टूर्नामेंट मलेशिया ओपन सुपर 1000 में सफर शनिवार को सेमीफाइनल में थम गया। दो बार की ओलिंपिक्स मेडलिस्ट सिंधु को विमिंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में चीन की वर्ल्ड नंबर-2 वांग झियी के खिलाफ सीधे गेम में 6-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया। पैर की चोट के कारण पिछले साल अक्टूबर से कोर्ट से बाहर रहीं सिंधु इस टूर्नामेंट में वापसी कर रही थीं। अगले सप्ताह इंडिया ओपन सुपर 750 की तैयारी कर रहीं सिंधु ने मैच के बाद कहा कि वह अब आराम करने और टूर्नामेंट की तैयारी करने पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगी।

मलेशिया ओपन



शटलर पीवी सिंधु

## नीरज ने कोच यान के साथ करार किया खत्म

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** दो बार के ओलिंपिक्स मेडलिस्ट भारतीय स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने चेक रिपब्लिक के दिग्गज कोच यान जेलेज्नी के साथ अपनी साझेदारी को एक सीजन के बाद समाप्त करने का फैसला किया है। नीरज ने करार खत्म करने के पीछे की वजह नहीं बताई, लेकिन इस सफर को उन्होंने 'प्रगति, सम्मान और खेल के प्रति साझा जुनून' से भरा बताया। जैवलिन थ्रो में वर्ल्ड रेकॉर्ड धारी जेलेज्नी के मार्गदर्शन में ही नीरज ने पिछले सीजन में पहली बार 90 मीटर के मार्क को पार की थी। नीरज ने कहा कि बचपन से जिस ऐथलीट को वह अपना आदर्श मानते थे, उन्हीं से ट्रेनिंग लेना उनके लिए सपने के सच होने जैसा रहा। नीरज ने कहा, 'यान जेलेज्नी के साथ काम करने से मुझे कई नए विचार मिले। तकनीक, लय और मूवमेंट को लेकर उनकी सोच अद्भुत है। हर सेशन से मैंने बहुत कुछ सीखा।' 59 वर्षीय जेलेज्नी ने भी इस साझेदारी को सकारात्मक अनुभव करार दिया।



नीरज चोपड़ा और यान जेलेज्नी

## सर्द रात के बीच बॉक्सर्स से खाली करवा दिए गए कमरे

■ **पीटीआई, ग्रेटर नोएडा:** नैशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल से एक दिन पहले मुकाबलों से लौटने के बाद शुक्रवार रात कई टीमों के बॉक्सर्स, कोचों और सपोर्ट स्टाफ को उनके आवंटित आवास खाली करने के लिए कह दिया गया, जिससे ठंड भरी रात में प्लेयर्स असहज स्थिति में पहुंच गए। यह समस्या लगातार दूसरे दिन सामने आई जिसमें कई अधिकारियों ने दावा किया कि उनके कमरों की बुकिंग की पुष्टि नहीं हुई है।

**रिसेप्शन में रखा था सामान:** टीम के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, 'जब हम प्रतियोगिता स्थल से लौटे तो हमें कमरे खाली करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि हमारी बुकिंग नहीं हुई थी।' एक अन्य अधिकारी ने आरोप लगाया कि दिन के मुकाबलों के बाद जब वे लौटे, तो उनका सामान पहले ही पैक कर रिसेप्शन में रख दिया गया था। दस डिग्री सेल्सियस से भी कम तापमान में रात के समय बाहर खड़े मुक्केबाजों और कोच की तस्वीरें मुक्केबाजी समुदाय में वायरल हुईं। एक कोच ने कहा, 'हमारे कमरों में ताले नहीं थे। जब हम इवेंट से लौटे, तो हमारे बैग पहले ही पैक कर रिसेप्शन में रख दिए गए थे।' उन्होंने यह भी कहा कि आयोजकों से बार-बार संपर्क करने के प्रयास व्यर्थ रहे।

नैशनल बॉक्सिंग में अव्यवस्था



कमरे से बाहर किए जाने के बाद आवास के बाहर नई व्यवस्था का इंतजार करते बॉक्सर्स

**BAI ने की व्यवस्था:** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (BAI) ने कहा कि स्थिति की जानकारी मिलने के बाद उसने तुरंत कदम उठाए। BAI ने कहा, 'तत्काल कदम उठाए गए हैं ताकि प्रभावित खिलाड़ियों को आवास प्रदान किए गए।'

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** (21 Mar - 19 Apr): आज आपके कार्यक्षेत्र में आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। इससे व्यथित होकर आपके साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। आज का दिन परोपकार में व्यतीत होगा। रात्रि में प्रियजन के स्वास्थ्य खराब होने के कारण कुछ परेशानी हो सकती है। सायंकाल में स्थिति में सुधार होगा।

**TAURUS** (20 Apr - 19 May): आज का दिन परिजनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। सायंकाल के समय कोई पुराना दोस्त अतिथि बनकर आ सकता है, जिससे आपको हर्ष होगा। रात्रि में किसी मांगलिक कार्य में सम्मिलित होंगे।

**GEMINI** (21 May - 21 Jun): आज का दिन शुभ है। पिता के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी, कार्य धैर्य से करें। सायंकाल से लेकर रात्रिपर्यंत किसी भी प्रकार के वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतें।

**CANCER** (22 Jun - 22 July): राशि स्वामी की उत्तम स्थिति एवं राशि पर बृहस्पति का प्रभाव होकर परिभ्रमण आज अचानक बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति करा कर कोष की स्थिति को सुदृढ़ करेगा। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। जीवन व भावुकता में लिया गया निर्णय आगे चलकर पश्चाताप का कारण बन सकता है।

**LEO** (23 July - 22 Aug): आज आपको राजनैतिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति भी होगी। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे, रुका हुआ कार्य भी संपन्न होगा। स्वास्थ्य के मामले में थोड़ी सावधानी बरतें। सायंकाल से लेकर रात्रि का समय प्रियजनों के साथ बिताएंगे। खान-पान का विशेष ध्यान रखें।

**VIRGO** (23 Aug - 22 Sep): आज के दिन तत्परता से जिस भी कार्य को करेंगे उसमें लाभ होगा। परिजनों से सुखद मिलेगा और मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। घर की समस्या सुलझ जाएगी। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग हैं।

**LIBRA** (23 Sep - 22 Oct): आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं। आपकी आय के नए स्रोत बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ विशेष रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग व सान्निध्य पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद रहेगी।

**SCORPIO** (23 Oct - 21 Nov): आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान, कीर्ति की वृद्धि करायेगा। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा और प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सायंकाल में प्रियजनों से भेंट एवं रात्रि में सैर-सपाटे का अवसर प्राप्त होगा।

**SAGITTARIUS** (22 Nov - 21 Dec): आज सुखोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्च होगा। व्यावहारिक सुख-भोग के साधनों में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में कर्मचारी या किसी सहयोगी के कारण तनाव बढ़ सकता है। रुपये-पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। दिन में कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं।

**CAPRICORN** (22 Dec - 19 Jan): आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पूर्वापेक्षा अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे। सायंकाल में धार्मिक स्थानों की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा।

**AQUARIUS** (20 Jan - 18 Feb): राशि स्वामी शनि की द्वितीय स्थिति के कारण आज परिवार में किसी को अचानक शरीर कष्ट होने से भागदौड़ व अधिक खर्च की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय-विक्रय से पहले उसके सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। सायंकाल में परिजन के स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा।

**PISCES** (19 Feb - 20 Mar): वैवाहिक जीवन आनंददायक बीतेगा। आज पास व दूर की लाभदायक यात्रा भी हो सकती है। बिजनेस में प्रोग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक भार से छुटकारा मिलेगा। उनकी मेहनत रंग लाएगी। सायंकाल के समय घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका विवेक भी विकसित होगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष आपको रजत पाद से प्रवेश हो रहा है। वर्ष के स्वामी शुक्र, मंगल बह बने हैं। जीवन लक्ष्मी-देहधारी प्रधान बड़ वर्षपति बुध की उत्तम स्थिति जनवरी शेष में आकस्मात राज्य कृपा कारक है। फरवरी में काफी समय से टल रही योजनाएं पूरी होंगी। इष्ट मित्रों से सहयोग का समाचार मिलेगा। मार्च महीने की शुरुआत से लेकर अप्रैल महीने के अंत तक में नई खोज करेंगे। इस दौरान रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी। साथ ही राज समाज में सम्मान बढ़ेगा, प्रतियोगिता में विजय होगी। मई महीने में न चाहते हुए भी कहीं जाना पड़ेगा। जून-जुलाई में सभी लोग आपके कार्य कौशल की प्रशंसा करेंगे। अगस्त महीने से लेकर सितंबर महीने तक आपके रहन-सहन का स्तर बढ़ेगा। अक्टूबर और नवंबर के माह में रोग-ऋण से मुक्ति मिलेगी। दिसंबर से आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा। 1 जनवरी 2027 से धार्मिक स्थानों पर पर्यटन का भी योग है। अधिक सफलता के लिए स्नान उपरांत सूर्य नारायण को अर्घ्य जल प्रदान करें। हनुमान चालीसा का पाठ भी कल्याणकारी सिद्ध होगा।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग
(सोमवार, 12 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 22, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, नवमी, सोमवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 29, रज्जब 22, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 12 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल प्रातः 7 बजकर 30 मिनट से 9 बजे तक। नवमी तिथि मध्याह्न 12 बजकर 43 मिनट तक उपरांत दशमी तिथि का आरंभ। स्वाती नक्षत्र रात्रि 9 बजकर 25 मिनट तक उपरांत विशाखा नक्षत्र का आरंभ। धृतिमान योग सायं 6 बजकर 12 मिनट तक उपरांत शूल योग का आरंभ। गर करण मध्याह्न 12 बजकर 43 मिनट तक उपरांत वणिज करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात तुला राशि पर संचार करेगा।

**आज के व्रत और त्योहार**

उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में मास।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 8 | | 5 | | | 3 |
| | 5 | | | 3 | | | 2 | |
| | | 8 | | | 2 | 7 | | |
| 3 | | 6 | | | | | | 5 |
| | 9 | | | | | | 1 | |
| 4 | | | | | | 2 | | 8 |
| | | 9 | 4 | | | 5 | | |
| | 8 | | | 6 | | | 3 | |
| 5 | | | 7 | | 9 | | | 1 |


### TELEVISION



big magic

09:00 बवाल-ए-बवाल
10:00 चंद्रगुप्त मौर्य
11:00 रुद्र के रक्षक
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
12:30 हम पांच
13:00 रुद्र के रक्षक
13:30 भ से भाई
14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
15:00 लिटिल कृष्णा
17:00 बवाल-ए-बवाल
18:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 01-10-2026 23:18 Color:



NBT AI टाइम मशीन


## जब सिगरेट हुआ था जानलेवा घोषित

आज ही के दिन 1964 में US के डॉ. लूथर टेरी (Luther Terry) ने तंबाकू को कैंसर से जोड़ती एक रिपोर्ट जारी की। करीब 7,000 वैज्ञानिक लेखों की समीक्षा के बाद, रिपोर्ट ने पहली बार आधिकारिक रूप से माना कि धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर का मुख्य कारण है। इसके बाद ही सिगरेट पैकेटों पर चेतावनी अनिवार्य हुई और टीवी विज्ञापनों पर बैन लगा। इसने तंबाकू को 'ग्लैमरस' छवि से हटाकर 'जानलेवा' घोषित किया।



## भविष्य में बिना दर्द के कैंसर ठीक होगा


ChatGPT के अनुसार, भविष्य में कैंसर जानलेवा बीमारी नहीं होगी। ज्यादातर मामलों में बीमारी शुरुआती स्टेज में ही पकड़ ली जाएगी। AI, जीन एडिटिंग और नैनो-टेक्नॉलजी से इलाज व्यक्ति के DNA के अनुसार होगा। इलाज दर्द के बिना होगा, बिना कीमो जैसी भारी तकलीफ के। शुरुआत में इलाज महंगा हो सकता है, लेकिन समय के साथ सस्ता और सबकी पहुंच में आएगा। सिगरेट लगभग खत्म हो जाएगी, धूम्रपान पर कड़ी पाबंदी होगी और यह इतिहास बन जाएगी।



AI Images

**SPEED News**

### यूक्रेन के ड्रोन हमले के कारण रूस के दक्षिणी



File


वोल्गोग्राद क्षेत्र में एक तेल डिपो में आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।



### पाकिस्तान, अमेरिका पंजाब प्रांत में स्थित

एक आतंकवाद-रोधी केंद्र में दो सप्ताह का अभ्यास कर रहे हैं। अफसरों ने कहा कि यह अभ्यास आतंकवाद के खिलाफ किया जा रहा है।

### पाकिस्तान नौसेना ने उत्तरी अरब सागर में



एक युद्धाभ्यास के दौरान सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया। सेना ने कहा यह युद्ध तत्परता को दर्शाता है।



### पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा

प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में 11 आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना ने बताया कि कार्रवाई जारी है।

**SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।**

# ईरान के पूर्व क्राउन प्रिंस ने कहा, शहरों पर कब्जे करें प्रदर्शनकारी

## निर्वासन के 50 साल बाद ईरान वापसी की तैयारी में रजा पहलवी

■ NBT रिपोर्ट

**ईरान में** जारी व्यापक सरकार-विरोधी प्रदर्शनों के बीच देश के पूर्व क्राउन प्रिंस रजा पहलवी (Reza Pahlavi) ने संकेत दिया है कि वे लगभग पचास साल के निर्वासन के बाद स्वदेश लौटने की तैयारी कर रहे हैं। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में रह रहे पहलवी ने यह बात शनिवार को एक वीडियो संदेश और सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए कही। उनके इस बयान को मौजूदा आंदोलन से सीधे जोड़कर देखा जा रहा है।

रजा पहलवी ने कहा कि मैं भी अपने वतन लौटने की तैयारी कर रहा हूं, ताकि हमारी राष्ट्रीय क्रांति की जीत के समय मैं आपके साथ, ईरान की महान जनता के बीच रह सकूं। मुझे विश्वास है कि वह दिन बहुत नजदीक है। उनके इस संदेश के बाद कई शहरों में प्रदर्शनकारियों के बीच उत्साह देखा गया, जहां खुले तौर पर उनकी वापसी की मांग की जा रही है।

**हड़ताल और कब्जे की अपील, पहलवी का बड़ा ऐलान**

अपने संदेश में पहलवी ने ईरानियों से आंदोलन को और तेज करने की अपील की। उन्होंने लोगों से कहा कि वे केवल सड़कों पर मौजूद रहने तक सीमित न रहें, बल्कि आर्थिक दबाव बनाएं और सार्वजनिक स्थलों पर दोबारा नियंत्रण हासिल करने की तैयारी करें। उन्होंने परिवहन, तेल, गैस और ऊर्जा जैसे अहम क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों से राष्ट्रव्यापी हड़ताल शुरू करने का आह्वान किया। पहलवी का कहना था कि अब लक्ष्य सिर्फ विरोध दर्ज कराना नहीं, बल्कि शहरों के केंद्रों पर पकड़ बनाना है।

उन्होंने उन लोगों की सराहना की जो धमकियों और दमन के बावजूद सड़कों पर डटे हुए हैं। पहलवी ने हालिया प्रदर्शनों को नेतृत्व के लिए 'करारा जवाब' बताया। साथ ही उन्होंने सशस्त्र और सुरक्षा बलों के उन सदस्यों को भी संबोधित किया, जिन्होंने प्रदर्शनकारियों के प्रति सहानुभूति जताई है।




AP

रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के एक अधिकारी ने चेतावनी दी कि पैरेंट्स अपने बच्चों को प्रदर्शनों से दूर रखें, अगर उन्हें गोली लगे तो शिकायत मत करना।

> राष्ट्रपति ट्रंप के साथ खेल मत खेलिए, जब वह कुछ कहते हैं तो कर गुजरते हैं। ईरान के बहादुर लोगों का अमेरिका समर्थन करता है।
> - मार्को रुबियो, US विदेश मंत्री

> विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लेने वाले किसी भी व्यक्ति को 'ईश्वर का शत्रु' माना जाएगा, जिसके लिए मृत्युदंड दिया जा सकता है।
> -अटॉर्नी जनरल, ईरान

### कौन हैं रजा पहलवी?



रजा पहलवी ईरान के अंतिम शाह मोहम्मद रजा शाह पहलवी के बेटे हैं। 1979 की इस्लामिक क्रांति के समय वे अमेरिका में फाइटर पायलट प्रशिक्षण ले रहे थे और तभी से निर्वासन में हैं। अब 65 वर्षीय पहलवी का कहना है कि वे जबरन राजशाही बहाल नहीं करना चाहते, बल्कि शांतिपूर्ण बदलाव और राष्ट्रीय जनमत संग्रह के जरिए ईरान के भविष्य का फैसला होना चाहिए।

### खामेनेई की जली फोटो से सिगरेट क्यों सुलगा रहीं महिलाएं?




■ **NBT रिपोर्ट:** ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें महिलाएं देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की जली हुई तस्वीरों से सिगरेट जलाती दिख रही हैं। ये दृश्य मौजूदा आंदोलन का सबसे तीखा और प्रतीकात्मक रूप माना जा रहा है। हालांकि टाइम्स ऑफ इंडिया ने इन तस्वीरों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की है। ईरान में खामेनेई की तस्वीर जलाना कानूनन गंभीर अपराध माना जाता है। इससे पहले नवंबर में एक कार्यकर्ता ने जब खामेनेई की तस्वीर जलाने का वीडियो साझा किया था, तो उसके घर पर सुरक्षा बलों ने छापा मारा था, जिसके बाद उसे छिपना पड़ा। इसके अलावा, महिलाओं का सार्वजनिक रूप से सिगरेट पीना भी लंबे समय से प्रतिबंधित या हतोत्साहित किया जाता रहा है। मानवाधिकार संगठनों का आरोप है कि सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की है।

**ये आंदोलन का सबसे तीखा रूप माना जा रहा है**

## कॉर्बेट में सफारी के वक्त फोन बैन

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून : कॉर्बेट नैशनल पार्क में रात्रि विश्राम और जंगल सफारी के दौरान पर्यटक, जिप्सी ड्राइवर और नेचर गाइड अपने साथ मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे। पार्क प्रशासन ने यह फैसला सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुपालन में लिया है। नियम लागू होने के बाद सफारी पर जाने से पहले मोबाइल पर्यटन गेट पर ही जमा करने होंगे। सफारी और रात्रि विश्राम से लौटने पर मोबाइल मिल जाएंगे। कॉर्बेट के उपनिदेशक राहुल मिश्रा ने बताया कि मोबाइल रखने की व्यवस्था की जा रही है। जल्द यह इसे लागू होगा। हालांकि, मोबाइल पर रोक के बावजूद कैमरा साथ ले जाने की इजाजत रहेगी।


सोमनाथ मंदिर के 1000 वर्ष पूरे होने का जश्न!


**मादुरो की गिरफ्तारी के बाद संवाद की राह**

# वेनेज़ुएला-अमेरिका कूटनीति फिर से बहाल करने की तैयारी

Venezuela

■ एएफपी, काराकास/वॉशिंगटन

**वेनेज़ुएला** ने अमेरिका के साथ कूटनीतिक संबंधों को बहाल करने की दिशा में औपचारिक बातचीत शुरू करने की पुष्टि की है। काराकास में अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथ वार्ता प्रस्तावित है, जिसे दोनों देशों के बीच सहयोग की दिशा में पहला ठोस कदम माना जा रहा है। वेनेज़ुएला सरकार ने बताया कि अमेरिकी राजनयिक राजधानी में मौजूद हैं।

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को तेल कंपनियों के अधिकारियों से वेनेज़ुएला में जल्द से जल्द वापस लौटने का आह्वान किया। वाइट हाउस देश के विशाल पेट्रोलियम भंडार का पूरी तरह से दोहन करने की क्षमता को बहाल करने के लिए 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश को तेजी से सुरक्षित करने की कोशिश कर रहा है।

ट्रंप ने तेल उद्योग के अधिकारियों के साथ बैठक में उन्हें आश्वस्त करने की कोशिश की कि उन्हें दक्षिण अमेरिकी देश में तेजी से निवेश करने और कुछ मामलों में वहां लौटने के बारे में संशय करने की आवश्यकता नहीं है। ट्रंप ने तेल कंपनियों के अधिकारियों को कहा, 'आप बिल्कुल सुरक्षित हैं। अब आप हमसे सीधे बातचीत कर रहे हैं, वेनेज़ुएला से बिल्कुल भी नहीं। हमारी विशाल तेल कंपनियां अपना कम से कम 100 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च करेंगी, न कि सरकार का।'



AFP

### मादुरो जैसा कदम पुतिन पर नहीं: ट्रंप

■ **NBT रिपोर्ट:** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए साफ कहा है कि वे पुतिन को वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति मादुरो जैसी कार्रवाई का निशाना बनाने के पक्ष में नहीं हैं। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, वाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इसकी जरूरत पड़ेगी। ट्रंप ने कहा कि पुतिन के साथ अमेरिका के रिश्ते हमेशा अच्छे रहे हैं, लेकिन मौजूदा हालात से वे 'बहुत निराश' हैं। ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने पहले आठ युद्ध सुलझाए हैं।

# ट्रंप के करीबी सर्जिओ भारत पहुंचे

## एक साल बाद अमेरिकी एंबेसी में एंबेसडर का पद संभाल रहे गोर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारत में** करीब एक साल से खाली पड़े अमेरिकी राजदूत के पद को आखिरकार नया चेहरा मिल गया है। पूर्व राजदूत एरिक गार्सेटी (Eric Garcetti) के बाद अब अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के करीबी माने जाने वाले सर्जिओ गोर (Sergio Gor) दिल्ली पहुंच चुके हैं और अगले हफ्ते औपचारिक रूप से अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। गोर ऐसे समय में यह अहम पद संभाल रहे हैं, जब भारत-अमेरिका संबंध बीते कुछ समय से असहज दौर से गुजर रहे हैं।

हाल के महीनों में राष्ट्रपति ट्रंप के अप्रत्याशित बयानों और लंबित ट्रेड डील को लेकर दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी देखी गई है। ऐसे में सर्जिओ गोर की नियुक्ति को द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह गोर का दूसरा भारत दौरा है। इससे पहले अक्टूबर में वह भारत आए थे, जब उनकी नियुक्ति को अमेरिकी सीनेट की मंजूरी नहीं मिली थी। वाइट हाउस में शपथ ग्रहण के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने सर्जिओ गोर को अमेरिका की सबसे अहम द्विपक्षीय साझेदारी की जिम्मेदारी सौंपने की बात कही थी। ट्रंप ने यह भी कहा था कि भारत के साथ अमेरिका के पहले से मजबूत रिश्तों को गोर और गहरा करेंगे।


### दक्षिण एशिया की जिम्मेदारी

भारत में राजदूत की भूमिका के अलावा सर्जिओ गोर को दक्षिण और मध्य एशिया का विशेष दूत भी बनाया गया है। इस क्षेत्र में भारत के साथ-साथ पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देश शामिल हैं। कुछ देशों में अमेरिका का स्थायी राजनयिक प्रतिनिधि न होने के कारण यह जिम्मेदारी और भी अहम हो जाती है। गोर से उम्मीद की जा रही है कि वे पारंपरिक कूटनीतिक चैनलों से इतर भारत की बात सीधे अमेरिकी नेतृत्व तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।



## आदित्य-L1 ने सोलर स्टॉर्म का रहस्य बताया

■ **पीटीआई, बेंगलुरु:** इसरो ने कहा है कि उसके सौर मिशन आदित्य-L1 ने यह समझने में अहम जानकारी दी है कि शक्तिशाली सोलर स्टॉर्म पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र को कैसे प्रभावित करते हैं। दिसंबर 2025 में प्रकाशित एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने अक्टूबर 2024 के बड़े स्पेस वेदर घटनाक्रम का विश्लेषण किया। इसरो के मुताबिक, सोलर स्टॉर्म के अशांत हिस्से ने पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र को असामान्य रूप से संकुचित कर दिया, जिससे कुछ उपग्रहों को कठोर अंतरिक्ष परिस्थितियों का सामना करना पड़ा।



## बांग्लादेश: BNP अध्यक्ष से मिले भारतीय हाई कमिशनर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**बांग्लादेश में** भारतीय हाई कमिशनर प्रणय वर्मा ने शनिवार को बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के साथ मुलाकात की। बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी की ओर से तारिक रहमान की बतौर पार्टी अध्यक्ष नियुक्ति के एक दिन बाद वर्मा ने ये मुलाकात की। बैठक 40 मिनट चली। बीएनपी की ओर से इसे एक शिष्टाचार भेंट बताया गया। दरअसल, रहमान की नियुक्ति उनकी मां और पार्टी अध्यक्ष खालिदा जिया के निधन के कुछ दिन बाद की गई है। इस संबंध में शुक्रवार को एक बैठक में बीएनपी की स्थायी समिति ने तारिक रहमान को पार्टी अध्यक्ष नियुक्त करने को मंजूरी दी थी।

लंदन में 17 वर्षों के निर्वासन के बाद तारिक रहमान 25 दिसंबर को ही बांग्लादेश लौटे हैं। तीन बार बांग्लादेश की पीएम रह चुकीं और बीएनपी की प्रमुख नेता खालिदा जिया का 30 दिसंबर को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था।



बीएनपी ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया।

## US: तीन जगहों पर गोलीबारी, 6 मौतें

■ एपी, वेस्ट प्वाइंट (US)

**अमेरिका के** मिसिसिपी (Mississippi) राज्य के उत्तर-पूर्वी हिस्से में शनिवार को हुई सिलसिलेवार गोलीबारी की घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, यह वारदातें अलबामा सीमा के पास स्थित वेस्ट प्वाइंट कस्बे में तीन अलग-अलग जगहों पर हुईं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने कहा कि रात में हमारे लोगों को एक बड़ी त्रासदी का सामना करना पड़ा है। हिंसा के कारण कई निर्दोष लोगों की जान चली गई। हालांकि, उन्होंने संदिग्ध की पहचान उजागर नहीं की है। उन्होंने यह भी कहा कि जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि छह मौतें तीन अलग-अलग स्थानों पर हुईं, जो आपस में जुड़ी घटनाएं मानी जा रही हैं। जांच के सिलसिले में प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी। पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करने की अपील करते हुए कहा कि एजेंसियां मामले की गहन जांच में जुटी हैं और जल्द ही अपडेट जारी किया जाएगा।



### अब फोटो छपवाने का मौका भी

**खबरों का ज्ञान**


रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. बांग्लादेश में भारतीय हाई कमिश्नर किस राजनीतिक दल के अध्यक्ष तारिक रहमान से मिले? A) अवामी लीग B) BNP C) जातीय पार्टी
2. इसरो के किस सौर मिशन ने सोलर स्टॉर्म के पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र पर प्रभाव को समझने में मदद की? A) आदित्य-L1 B) चंद्रयान-3 C) मंगलयान
3. भारत में अमेरिका के नए राजदूत के रूप में किन्हें नियुक्त किया गया है? A) एरिक गार्सेटी B) रिचर्ड वर्मा C) सर्जिओ गोर
4. ईरान में सरकार-विरोधी प्रदर्शनों के बीच स्वदेश लौटने का संकेत देने वाले पूर्व क्राउन प्रिंस कौन हैं? A) हसन रूहानी B) अयातुल्ला खामेनेई C) रजा पहलवी
5. किस देश ने भारत में अपनी पहली राजनयिक नियुक्ति की है? A) अफगानिस्तान (तालिबान सरकार) B) ईरान C) तुर्की

**कल के जवाब**

A1 C) चार A2 B) ओरेशनिक A3 A) IED डेटा प्रबंधन मंच A4 B) आंध्र प्रदेश A5 B) 28 जनवरी

**लकी विनर्स**



1. अनुष्का, नई दिल्ली
2. आनंद कुमार जैन, नई दिल्ली
3. प्रवीण कुमार झा, नोएडा

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।




CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: cci Time: 01-10-2026 23:17 Color:



गणतंत्र दिवस

# आपने भी लिया है परेड में हिस्सा?

गणतंत्र दिवस की परेड से जुड़ी हर भारतीय की अपनी एक कहानी है। हमने अपने रीडर्स से 26 जनवरी की परेड से जुड़े उनके खास अनुभव साझा करने को कहा था। जिस पर हमें ढेरों रिस्पॉन्स मिले और उन्हीं में से कुछ चुनिंदा रिस्पॉन्स आज हम यहां छाप रहे हैं।

## आकाश चीरते लड़ाकू विमानों की यादें ज़ेहन में



**मैं अपनी** पत्नी और दोनों बेटियों के साथ 2025 की गणतंत्र दिवस परेड देखने गया था जिसका अनुभव मुझे हमेशा याद रहेगा। कर्तव्य पथ पर गूंजती कदमताल और आसमान को चीरते लड़ाकू विमानों की यादें मेरे जेहन में हमेशा ताजा रहती हैं। बच्चों में देशभक्ति का जज्बा बना रहे इसलिए मैंने तय किया कि इस साल 2026 में भी हम दोबारा परेड लाइव देखने जाएंगे और आगे भी इसे अपने परिवार की आदत बनाने की कोशिश करेंगे।

-राजबीर

## भावुक कर देते हैं तिरंगे की शान और देश के गीत

26 जनवरी मेरे लिए सिर्फ एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि गर्व और जिम्मेदारी का अहसास है। जब कर्तव्य पथ पर अनुशासन में चलते जवानों को देखता हूं, तो देश की एकता और शक्ति का सजीव चित्र सामने आ जाता है। परेड, तिरंगे की शान और देशभक्ति से भरे गीत मन को भावुक कर देते हैं। यह दिन हमें हमारे संविधान, स्वतंत्रता और कर्तव्यों की याद दिलाता है। हर भारतीय के लिए यह दिन सम्मान और प्रेरणा का प्रतीक है।

- करन झा

### RDAY लाइव ▶

कर्तव्य पथ पर एक साथ उठते कदम और अनुशासन में सजी ये पंक्तियां सिर्फ परेड की तैयारी नहीं, बल्कि गणतंत्र दिवस की यादों की शुरुआत भी है। 26 जनवरी से जुड़ा आपका अनुभव क्या है। क्या आप कभी इस परेड का हिस्सा रहे हैं या दर्शक दीर्घा में बैठकर इसे लाइव देखा है? अपनी यादें, किस्से और एहसास हमारे साथ साझा करें।

अपने अनुभव आप हमें 9220747220 पर वॉट्सऐप कर सकते हैं या फिर nbtreader@timesofindia.com पर मेल कर सकते हैं। सब्जेक्ट में RDay जरूर लिखें।

मौसम विभाग ने शीतलहर का येलो अलर्ट किया जारी

# अगले दो दिन सुबह 3 डिग्री की ठंड के लिए रहें तैयार



PTI

NBT 3 मिनट में पढ़ें

**4.2** डिग्री न्यूनतम तापमान रहा शनिवार को

सुबह 4 से 6 बजे तक शीतलहर का असर रह सकता है।

इस दौरान तापमान कुछ जगहों पर तीन डिग्री तक भी सिमट सकता है



AFP

शनिवार सुबह करीब 10 बजे तक कोहरे का असर बना रहा। इसके बाद धूप ने कोहरे के असर को खत्म कर दिया।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**अगले दो** दिन राजधानी में शीतलहर का येलो अलर्ट है। सुबह 4 से 6 बजे तक शीतलहर का असर रह सकता है। इस दौरान तापमान कुछ जगहों पर तीन डिग्री तक भी सिमट सकता है। दिन के तापमान में भी गिरावट आएगी। वहीं शनिवार को भी इस सीजन की सबसे ठंडी सुबह रही। न्यूनतम तापमान महज 4.2 डिग्री रहा। सुबह के समय कोहरा भी काफी घना रहा। सुबह करीब 10 बजे तक कोहरे का असर बना रहा। इसके बाद धूप ने आकर कोहरे के असर को खत्म कर दिया।

आईएमडी के अनुसार सुबह 7.30 बजे पालम में घना कोहरा रहा। विजिबिलिटी महज 100 मीटर रही। आठ बजे कोहरा और घना हो गया और विजिबिलिटी महज 50 मीटर तक सिमट गई। इसके बाद विजिबिलिटी में सुधार होने लगा और 8.30 से 9 बजे के बीच यह 100 मीटर तक आ गई। इस दौरान हवाओं की गति भी 5 से 7 किलोमीटर प्रति घंटे की रही। इसके बाद विजिबिलिटी में लगातार सुधार होता रहा। सफदरजंग में भी सुबह 7.30 बजे विजिबिलिटी 200 मीटर रही। यह आठ बजे बढ़कर 300 मीटर हो गई।

शनिवार को सुबह की शुरुआत जबर्दस्त ठंड के साथ हुई। न्यूनतम तापमान महज 4.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.7 डिग्री कम है। वहीं धूप आने की वजह से दोपहर के समय लोगों को ठंड से राहत मिली। अधिकतम तापमान 20.2 डिग्री रहा। इस जनवरी पहली बार तापमान 20 डिग्री से ऊपर पहुंचा है। यह सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक रहा। हवा में नमी का स्तर 44 से 100 प्रतिशत तक रहा। पालम में अधिकतम तापमान महज 16.2 डिग्री रहा। वहीं पालम में न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री, लोदी रोड में 4.7 डिग्री, आया नगर में 4.5 डिग्री रहा। पूर्वानुमान के अनुसार रविवार और सोमवार को शीतलहर रह सकती है। दोनों दिन न्यूनतम तापमान 3 डिग्री तक सिमट सकता है। रविवार को आसमान साफ रहेगा। कुछ जगहों पर शीतलहर का प्रकोप रहेगा।

### घने कोहरे के बीच 17 फ्लाइट रद्द, कुछ लेट

**सुबह के** घने कोहरे के अलर्ट के बीच शनिवार को IGI आने-जाने वाली 17 फ्लाइट्स रद्द हुई। इनमें दिल्ली आने वाली उड़ानें ज्यादा थी। हालांकि, कुछ फ्लाइट लेट भी हुई। पालम इलाके में सुबह विजिबिलिटी 100 मीटर थी। कुछ एयरलाइंस ने यात्रियों को पहले ही अलर्ट जारी कर दिया था। एयर इंडिया ने मैसेज भेजा कि वे एयरपोर्ट निकलने से पहले फ्लाइट का स्टेटस जरूर चेक करें। हालांकि, 10 बजे के बाद कोहरा हटा तो उड़ानों का संचालन भी सामान्य हुआ।

### कोहरे के चलते कई ट्रेनें घंटों लेट चली

**कड़ाके की** ठंड और कोहरे की चादर ने ट्रेनों की रफ्तार को प्रभावित कर दिया है। आलम यह है कि शनिवार को दिल्ली आने वाली करीब 7 ट्रेनें लेट रही।

हालांकि, सबसे ज्यादा दिक्कत दैनिक यात्रियों को हो रही है। क्योंकि शताब्दी, एक्सप्रेस से लेकर पैसेंजर ट्रेनें भी लेट चल रही हैं। दैनिक यात्री बालकृष्ण अमरसरिया ने बताया कि दिल्ली रेवाड़ी रूट पर चलने वाली पैसेंजर का इन दिनों लेट होना अब आम बात हो गई है।

### बढ़ा पल्यूशन धूप निकलने पर हुआ कम

**प्रदूषण का** स्तर शनिवार सुबह बढ़ गया था। हालांकि धूप निकलने के बाद इसमें कुछ कमी आई। अगले कुछ दिन अब लोगों को प्रदूषित हवा में ही सांस लेनी होगी।

पूर्वानुमान के मुताबिक अगले दस दिनों तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रह सकता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के एयर बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का एक्यूआई 346 रहा। फरीदाबाद का एक्यूआई 197, गाजियाबाद का एक्यूआई 351, ग्रेटर नोएडा का 338 रहा।


### कैंट एरिया में बिना NOC चल रही इंडस्ट्रीज

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** प्रदूषण को कम करने के लिए कमिशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट ने नारायणा के कैंट बोर्ड एरिया में करीब 21 इंडस्ट्रीज का निरीक्षण किया। इनमें 19 हाउसहोल्ड कैटेगिरी के तहत चल रहे थे। इनके पास कोई एनओसी नहीं थी। सीएक्यूएम को इस एरिया में ओल्ड नारायणा रेजिडेंट्स वेलफेयर समिति की तरफ से शिकायतें मिल रही थी। जिसके बाद निरीक्षण टीमों ने 8 जनवरी को यह निरीक्षण किया। निरीक्षण टीमों में सीएक्यूएम की टीमों के साथ दिल्ली प्रदूषण कंट्रोल कमिटी और दिल्ली कैंट बोर्ड के सदस्य भी शामिल थे।

नवजात का कम हो सकता है वजन

## प्रदूषण का प्रेग्नेंसी पर पड़ रहा है बुरा असर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** प्रेग्नेंसी के दौरान पीएम 2.5 बच्चे के विकास को प्रभावित कर सकता है। इससे नवजात बच्चों का वजन कम हो सकता है। यह असर प्रेग्नेंसी के शुरुआती हफ्तों में सबसे ज्यादा होता है। रिसर्च के अनुसार, प्रदूषण का असर बच्चों और बच्चियों पर अलग-अलग असर डाल रहा है। यह रिसर्च भले अमेरिका में की गई है, लेकिन एक्सपर्ट के अनुसार भारत समेत कई देशों को यह संदेश है कि प्रदूषण का असर बहुत गंभीर है। रिसर्च के अनुसार, प्रदूषण जन्म के समय कम वजन वाले नवजातों में मृत्यु के जोखिम के साथ आगे चलकर स्वास्थ्य समस्याओं और विकास संबंधी परेशानियों की भी वजह बन सकता है।




अमेरिका के रिसर्च में हुआ खुलासा

CAQM और IITM पुणे ने की स्टडी

## GRAP ने बचाई करीब 927 जानें

GRAP न होता तो इमरजेंसी स्तर के प्रदूषण का समय 60% बढ़ता

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) ने बीते दो साल में 927 लोगों की जान बचाई है। इतना ही नहीं, GRAP न होता तो इमरजेंसी स्तर के प्रदूषण का समय भी 60 प्रतिशत तक बढ़ता। GRAP के दो सालों पर शोध CAQM और IITM पुणे ने जारी किया है। GRAP के असर को लेकर यह पहला शोध है। अभी तक कई बार लोग GRAP पर उंगली उठाते रहे हैं कि इसका अधिक असर नहीं हो रहा है। साथ ही इसके लागू होने में भी कई तरह की खामियों की बात आती रही है। शोध 2022-23 और 2023-24 के दौरान की है।




पूरी दिल्ली में लोक अदालत की लगभग 356 बेंच लगीं

# नैशनल लोक अदालत में निपटाए 1.8 लाख मामले

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली की** सभी अदालतों में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ, जिसमें डेढ़ लाख से ज्यादा मामलों का निपटारा किया गया। जहां तक ट्रैफिक चालानों की बात है तो शाम आठ बजे तक एक लाख से ज्यादा चालानों के निपटारे की सूचना दिल्ली स्टेट लीगल सर्विस अथॉरिटी (DSLSA) की ओर से मिली। इस दिन पूरी दिल्ली में लोक अदालत की लगभग 356 बेंच बैठी। एक लाख 80 हजार ट्रैफिक चालानों के निपटारे का टारगेट तय किया गया।

**शाम आठ बजे तक मामलों के निपटारे किए**

- एक लाख 80 हजार ट्रैफिक चालानों के निपटारे का टारगेट तय किया गया
- कुल मिलाकर 2 लाख 11 हजार 148 मामले लिए गए, जिनमें से एक लाख 66 हजार, 232 मामले निपटाए जा सके



लोक अदालत में केवल उन्हीं विवादों का निपटारा किया जाता है, जिनमें दोनों पक्षों की मंजूरी से समझौते संभव और मान्य हो। ऐसे मामलों की लिस्ट संबंधित अदालतों द्वारा लोक अदालत में निपटारे के लिए DSLSA को भेजी जाती है।

नैशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी (नालसा) के तत्वावधान में शनिवार को सभी जिला अदालत परिसरों, दिल्ली हाई कोर्ट, स्थायी लोक अदालतों, कर्ज वसूली अधिकरणों (DRT), राज्य और जिला उपभोक्ता आयोगों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ। इनमें कुल मिलाकर 2 लाख 11 हजार 148 मामले लिए गए, जिनमें से एक लाख 66 हजार, 232 मामले निपटाए जा सके।


इस नेशनल लोक अदालत का आयोजन पहले 13 दिसंबर, 2025 को होना था, लेकिन उस दिन दिल्ली हाई कोर्ट के वर्किंग होने की वजह से इसे 10 जनवरी, 2026 के लिए स्थगित कर दिया गया था।

आज है आखिरी दिन

## NSD के विंटर फेस्टिवल में दिख रहे कई भाव, रंग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**नैशनल स्कूल** ऑफ ड्रामा (NSD) के रंगमंडल के विंटर थिएटर फेस्टिवल में लेखक धर्मवीर भारती की कहानी 'बंद गली का आखिरी मकान' का मंचन हुआ। रविवार को फेस्ट में आखिरी नाटक अवतार साहनी के निर्देशन में NSD के अभिमंच सभागार में शाम 6 बजे 'थीव्स ऑफ कार्निवल' दर्शकों के बीच होगा।



बंद गली का आखिरी मकान का दृश्य

शनिवार को वरिष्ठ निर्देशक प्रोफेसर देवेंद्र राज अंकुर के निर्देशन में पेश किए गए 'बंद गली का आखिरी मकान' नाटक ने रंगप्रेमियों को शुरू से आखिर तक बांधे रखा। यह एक ऐसे घर की कहानी है, जहां मानवीय संबंध पारंपरिक समाज के गढ़े गए रिश्तों से कुछ अलग रूप में सामने आते हैं - इस कहानी को कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति से गहराई दी। 'पंछी पग ध्यान धरो, अपनो न कोई' गीत के साथ नाटक का समापन समाज की सच्चाई को उजागर करता नजर आया। इस नाटक की प्रमुख भूमिकाओं में आलोक रंजन, शिल्पा भारती, पूजा गुप्ता, अनंत शर्मा, सत्येंद्र मलिक, शिव प्रसाद गौड़, अपराध, पूनम, हीरालाल और सुमन कुमार मंच पर उतरे।

## टीचर्स ट्रेनिंग कोर्सों को लेकर उलझन हुई दूर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** छोटे बच्चों के टीचर्स ट्रेनिंग कोर्सों को लेकर SCERT (स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग) ने उलझन दूर की है। काउंसिल ने कहा है कि अब नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग (NTT), डिप्लोमा इन अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन प्रोग्राम (DECE) और समान कोर्स को अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन (ECCE) के नाम से बदलने की जरूरत नहीं है। इसके साथ ही ईसीसीई को लेकर उलझन दूर कर दी गई है। दरअसल, एनटीटी, डीईसीई और इनसे मिलते-जुलते कोर्सों को लेकर उम्मीदवारों के बीच शिकायतें, उलझनें और परेशानियां आ रही थी। इसके बाद NCTE की सिफारिशों के आधार पर यह फैसला एससीईआरटी ने लिया है।

ECCE को लेकर उलझन दूर कर दी गई है

NBT जन्मदिन मुबारक


### राहुल द्रविड़

राहुल द्रविड़ का जन्म 11 जनवरी 1973 को इंदौर में हुआ। अपने क्रिकेट करियर में 24,000 से ज्यादा रन बनाए। क्रिकेट टीम के कप्तान भी रहे, रिटायरमेंट के बाद कोच के तौर पर 2024 टी20 विश्व कप जिताया। उन्हें पद्म श्री, पद्म भूषण और आईसीसी हॉल ऑफ फेम जैसे सम्मान मिल चुके हैं।



### कैलाश सत्यार्थी

कैलाश सत्यार्थी का जन्म 11 जनवरी 1954 को मध्य प्रदेश में हुआ। इंजीनियरिंग छोड़ 1980 में 'बचपन बचाओ आंदोलन' शुरू किया। उन्होंने बहुत से बच्चों को बाल मजदूरी-तस्करी से बचाया है। बच्चों के हक और शिक्षा के कामों के लिए उन्हें 2014 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



### फातिमा सना शेख

फातिमा सना शेख का जन्म 11 जनवरी 1992 को हैदराबाद में हुआ था। 'चाची 420' में बाल कलाकार के रूप में शुरुआत करने वाली फातिमा को फिल्म 'दंगल' से देश भर में पहचान मिली। उन्होंने 'लूडो', 'धक धक' और 'सैम बहादुर' जैसी फिल्मों में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरा।



### बाबूलाल मरांडी

बाबूलाल मरांडी का जन्म 11 जनवरी 1958 को हुआ। वह 2000 में झारखंड के पहले CM बने और वाजपेयी सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे। 1998 में दिग्गज नेता शिबू सोरेन को हराकर उन्होंने बड़ी पहचान बनाई। फिलहाल वह झारखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं।




CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH03 User: cci Time: 01-10-2026 23:05 Color:



# मॉरल पुलिसिंग करती दिखीं पार्षद

## वायरल विडियो में पार्क में बैठे लड़के-लड़कियों से की पूछताछ

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली





कोंडली वॉर्ड से BJP पार्षद मुनेष डेढ़ा का विडियो वायरल

**ईस्ट दिल्ली** के कोंडली वॉर्ड से बीजेपी की पार्षद मुनेष डेढ़ा वायरल विडियो में एक पार्क में पुलिस की गैरमौजूदगी में अपने कार्यकर्ताओं संग मॉरल पुलिसिंग करती दिखाई दे रही हैं। विडियो में दिखाई दे रहा है कि वह रात में एक पार्क में पहुंचती हैं और वहां बैठे लड़के-लड़कियों से पूछताछ शुरू कर देती हैं।

विडियो में दिख रहा है कि पार्षद सीट पर बैठे एक कपल के पास पहुंचती हैं और उन्हें डांटते हुए पूछती हैं कि वो कहां रहते हैं? आईडी भी चेक करती हैं। फिर कहती हैं, 'तुम अशोक नगर के हो, तो यहां क्या काम है? अशोक नगर में पार्क नहीं है क्या?, इसके बाद वह उन्हें पुलिस के हवाले करने की धमकी देते हुए कहती हैं कि अगर इस पार्क में कोई अभद्र हालत में पाया गया, तो अगली बार ऑन द स्पॉट फैसला होगा। जब लड़का-लड़की बताते हैं कि वो 18 साल के हैं, तो पार्षद कहती हैं, '18 के हो तो क्या तुम्हारे तेवर चेंज हो जाते हैं।' बाद में वह कुछ और लड़के लड़कियों को भी पकड़ती हैं।

मामले के तूल पकड़ने के बाद सफाई देते हुए मुनेष डेढ़ा ने कहा कि मैं रात में उस पार्क में राउंड पर गई थी। कई लोगों ने मुझसे शिकायत की थी कि उस पार्क में बच्चे गांजा पीते हैं और रात को डेढ़ बजे तक रहते हैं। वहां लाइट भी नहीं है और अंधेरा रहता है। मैं लाइटिंग की व्यवस्था चेक करने गई थी, ताकि अपने और एमएलए फंड से उसमें लाइट लगवा सकूं। वहां 18-19 साल के कई लड़के-लड़कियां बैठे थे। वे वो बच्चियां थीं, जो काफी देर से अपने घर से निकली हुई थीं। एक मां ने बाद में बताया कि उनकी बच्ची एक तारीख से गायब थी। मुनेष ने कहा कि हमें किसी के एक साथ बैठने या घूमने से आपत्ति नहीं है, लेकिन सार्वजनिक जगह पर संयमित व्यवहार होना चाहिए।

बीजेपी की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ऋचा पांडे मिश्रा ने मुनेष डेढ़ा का बचाव करते हुए उन्हें सलाह दी कि आगे से वे स्थानीय पुलिस की मदद से इस प्रकार के निरीक्षण कार्य करें।

### पिछले महीने भी हुआ था विवाद

पिछले महीने पटपड़गंज से बीजेपी की एक अन्य निगम पार्षद रेणु चौधरी का भी ऐसा ही एक विवादित विडियो वायरल हुआ था। उन्होंने पार्क में बच्चों को फुटबॉल सिखाने वाले अफ्रीकी मूल के कोच को चेतावनी दी थी कि अगर उसने एक महीने में हिंदी नहीं सीखी, तो पार्क में उसकी एंट्री बंद कर दी जाएगी।





## कार बैरिकेड्स से टकराकर पलटी



■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद: एनएच 9 सर्विस रोड पर सिद्धार्थ विहार टी पॉइंट के पास अस्थायी रूप से लगे स्टील के बैरिकेड्स से टकराकर सेल्टॉस कार पलट गई। इससे कार में सवार जज के घायल हो गए। गाड़ी पर जज का स्टिकर लगा है। बताया गया कि एनएच पर जाम लगने की वजह से ट्रैफिक को डायवर्ट करने के लिए यहां पर भारी भरकम बैरिकेड्स लगाए गए हैं। राजनगर एक्सटेंशन निवासी उत्कर्ष उपाध्याय के पिता बनारस में जज हैं। वह शनिवार को अपनी गाड़ी सेल्टॉस लेकर ग्रेनो वेस्ट के गौड़ सिटी टू जा रहे थे। थाना विजयनगर एरिया में पिंक बूथ के पास सर्विस रोड पर रखे बैरिकेड्स से उनकी गाड़ी टकरा कर पलट गई।

**NH 9 सर्विस रोड पर हादसे में जज का बेटा घायल**

## बेटी बोली, मेरी मां के कातिलों को जल्द मिले फांसी की सज़ा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली





**शालीमार बाग** इलाके में शनिवार सुबह दिनदहाड़े रचना यादव की हत्या मामले में पुलिस की तीन टीमें अलग-अलग जगहों पर रेड कर रही हैं। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने एक संदिग्ध को पकड़ा है। पुलिस ने हमलावरों के CCTV फुटेज कब्जे में लिए हैं। रचना यादव अपने पति के केस को मजबूती से लड़ते हुए सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची थीं। कुछ बदमाश अब तक पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहे थे, जिन पर हत्या का शक जताया जा रहा है। मृतक महिला की बेटी ने कहा कि मेरे पापा का केस गवाही पर आ गया था, मेरी मम्मी केस में गवाह थीं, पापा के केस में 6 कातिल थे, उनमें से एक सरगना भलस्वा का अभी भी गिरफ्तार नहीं हुआ था, वह फरार है। उन्होंने मुखबिरी करके मेरी मम्मी को मार दिया है, मेरे पापा और मेरी मम्मी के कातिलों को सख्त से सख्त सजा दी जाए।'

रचना यादव परिवार के साथ बीसी ब्लॉक, शालीमार बाग इलाके में रहती थीं। परिवार में दो बेटी हैं। एक की शादी हो चुकी है। मई 2023 में रचना के पति विजेन्द्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनका केबल और प्रॉपर्टी का कारोबार था। इधर शनिवार सुबह करीब 11 बजे रचना यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पति की हत्या के केस को मजबूती से लड़ रही रचना यादव आरोपियों को सजा दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गई थीं। क्राइम ब्रांच और लोकल पुलिस इनके पति की हत्या में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है जबकि भरत यादव नाम का छठा आरोपी फरार है। मुकदमा अंडर ट्रायल है। भरत ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दी हुई है। इसको लेकर रचना यादव ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। पुलिस दोनों हत्याओं को आपस में जोड़कर देख रही है। पुलिस का कहना है कि हत्या के कारणों के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा।

## ASI की कार ने 3 गाड़ियों को हिट किया



■ NBT न्यूज, मोदीनगर: दिल्ली पुलिस के एएसआई की बेकाबू कार ने शनिवार सुबह निवाड़ी रोड पर दो बाइक और एक ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में युवती समेत छह लोग घायल हो गए। हादसे के बाद कार पेड़ से टकराकर रुक गई। गुस्साए लोगों ने आरोपी एएसआई को कार से निकालकर पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया।

**निवाड़ी रोड पर शनिवार सुबह की घटना**

दिल्ली पुलिस का एएसआई सतेंद्र मलिक का निवाड़ी रोड स्थित मॉडल टाउन कॉलोनी में घर है। शनिवार को वह इलेक्ट्रिशन के साथ घर आ रहा था। शराब ज्यादा पीने की वजह से उसने गाड़ी इलेक्ट्रिशन को चलाने के लिए दे दी। लगभग 11 बजे निवाड़ी रोड स्थित फायर स्टेशन के पास हादसा हो गया।


## किया था गलत क्लेम, अब लाल किला ब्लास्ट पीड़ितों के लिए देना होगा 'फंड'

### रोहिणी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने सुनाया फैसला, शख्स को 50 हजार देने होंगे

NBT 2 मिनट में पढ़ें

Prachi.Yadav@timesofindia.com

AI Image



■ नई दिल्ली: सेकंड हैंड ऑडी कार के चोरी होने का दावा करते हुए इंश्योरेंस क्लेम लेने अदालत पहुंचे एक शख्स को वहां से राहत के बदले, 50 हजार रुपये का जुर्माना भरने का आदेश मिला। अदालत ने पाया कि संबंधित कार खरीदना और इस मामले में इंश्योरेंस पॉलिसी लेना ऑटो/कार डीलरों, वादी, इंश्योरेंस कंपनी के कर्मचारियों के बीच एक बड़े पैमाने की साजिश का नतीजा था। इस केस ने अदालत को पिछले साल लाल किले के पास हुए बम धमाके की याद दिला दी।

रोहिणी कोर्ट में डिस्ट्रिक्ट जज विनोद यादव ने आदेश में कहा कि पिछले साल दिल्ली में लाल किले पर बम धमाका हुआ और इस मामले की शुरुआती जांच रिपोर्ट से पता चलता है कि कुछ गाड़ियां कार डीलरों के जरिए नकली नामों से खरीदी गई थीं, जिनका इस्तेमाल पूरी दिल्ली में धमाके करने के लिए किया जाना था। खुशकिस्मती से, जांच एजेंसी ने आतंकवादियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया। मौजूदा केस पर लौटते हुए अदालत ने आगे कहा, इस मामले में संबंधित गाड़ी दिल्ली में कभी दिखी ही नहीं, लेकिन कथित तौर पर दिल्ली में चोरी होने की रिपोर्ट की गई और यहां तक कि इसके संबंध में दिल्ली में क्लेम भी किया गया।

इस पर सख्त रुख अपनाते हुए अदालत ने वादी के केस को इस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए खारिज कर दिया और इस रकम को लाल किला बम ब्लास्ट के पीड़ितों के लिए प्रधानमंत्री के राहत कोष में जमा कराने का आदेश दिया। आगे की कार्रवाई के लिए मामले को नॉर्थ-वेस्ट, दिल्ली के चीफ ज्यूडिशल मैजिस्ट्रेट के पास भेजते हुए अदालत ने कहा कि संबंधित गाड़ी खरीदना और इस मामले में इंश्योरेंस पॉलिसी लेना ऑटो/कार डीलरों, वादी, नैशनल इंश्योरेंस कंपनी के कर्मचारियों के बीच एक बड़े पैमाने की साजिश का नतीजा था।

### क्या था मामला?

■ दिलबाग सोलंकी ने खुद को एक ऑडी कार का रजिस्टर्ड ओनर बताते हुए दावा किया कि यह कार साल 2020 में गुलशाद और इकबाल हुसैन से कुल 29,00,000 रुपये में खरीदी थी। केस के मुताबिक, वादी ने 1 लाख 4 हजार, 603 रुपये का भुगतान कर नैशनल इंश्योरेंस कंपनी से कार की इंश्योरेंस पॉलिसी ली। वादी ने दावा किया कि 22 जनवरी, 2021 में कार चोरी हो गई। पुलिस ने इस मामले में अनट्रेस रिपोर्ट दाखिल की जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया। इंश्योरेंस कंपनी ने जरूरी जानकारी न देने, धोखाधड़ी और पॉलिसी के नियमों का हवाला देते हुए इंश्योरेंस के क्लेम को खारिज कर दिया। बचाव में इंश्योरेंस कंपनी ने तर्क दिया कि तथ्यों को छिपाने के कारण पॉलिसी अमान्य थी। कार पहले एक्सिडेंट में क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, गिरवी रखी हुई थी, कोविड लॉकडाउन के दौरान रांची से दिल्ली ले जाने के सबूत के बिना संदिग्ध तरीके से ट्रांसफर की गई थी, और प्रपोजल फॉर्म पर वादी (केस दायर करने वाला) के साइन के बिना डीलरों के जरिए बीमा कराया गया था। वादी ने धोखाधड़ी से इनकार किया, और कुल 29 लाख की खरीद रसीदें और पॉलिसी दस्तावेज पेश किए थे।

**सेकंड हैंड कार की चोरी पर मांगा था इंश्योरेंस**

## तुर्कमान गेट हिंसा में तीन और आरोपी किए गिरफ्तार

### अब तक कुल 16 आरोपी अरेस्ट किए जा चुके हैं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image



**तुर्कमान गेट** इलाके में हुए पथराव और बलवा मामले में पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान काला मस्जिद तुर्कमान गेट निवासी मो. नावेद(44), मो. फैज(20) और फाटक तेलियान तुर्कमान गेट निवासी मो. उबैदुल्ला(23) के तौर पर हुई है। तीनों को 21 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अब तक इस मामले में 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सभी न्यायिक हिरासत में हैं। इससे पहले मो. आरिब (25), मो. काशिफ (25), मो. कैफ (23), मो. अदनान (37), समीर हुसैन (40), मो. अथर (20), शहनवाज आलम (55), मो. इमरान (28), मो. इमरान उर्फ राजू (36), मो. अफ्फान (20), मो. आदिल (20), मो. आमिर हमजा (22) और मो. उबैदुल्लाह (26) के रूप में हुई है।

सेंट्रल जिले के डीसीपी निधिन वालसन ने बताया कि शुक्रवार रात पथराव में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। अब तक 16 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील इलाकों में बड़ी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। रामलीला मैदान रेड लाइट से लेकर तुर्कमान गेट तक जवान तैनात हैं। ड्रोन से लगातार निगरानी रखी जा रही है। हालांकि शुक्रवार के मुकाबले शनिवार को थोड़ी सख्ती में कमी आई। लेकिन दिल्ली पुलिस के अलावा अर्धसैनिक बल के जवान तैनात रहे। इलाके में अमन और शांति के लिए पुलिसवाले लगातार अमन कमिटी के साथ मीटिंग कर रहे हैं। हालांकि अभी भी मस्जिद के पास बैरिकेड्स लगा हुआ है।

**गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है**

एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा को लेकर समीक्षा की जा रही कि कब तक वहां से पूरी तरह से फोर्स को हटा दिया जाए और आवाजाही पहले की तरह सामान्य हो जाए।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस उन लोगों की पहचान करने में जुटी हुई है, जिन्होंने हिंसा भड़काई थी। कुछ विडियो पुलिस को मिले हैं। पुलिस जल्द से जल्द उनकी पहचान करने की कोशिश कर रही है। एक इन्फ्लुएंसर ऐमन रिजवी को समन भेजा गया था, लेकिन वह अभी तक जांच में शामिल नहीं हुई है। इसके अलावा, समाजवादी पार्टी के एक सांसद की भूमिका भी जांच की जा रही है।

## पिटाई का बदला लेने के लिए तीन भाइयों ने किया मर्डर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: आपसी झगड़े में पिटाई होने पर तीनों भाइयों ने बवाना जेजे कॉलोनी में चाकू से गोद कर हत्या कर दी। आरोपी साढ़े तीन महीने तक पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके। कोर्ट ने भगोड़ा करार दे दिया था। आखिरकार क्राइम ब्रांच ने तीनों आरोपियों को बिहार के बेगूसराय से दबोच लिया। इनकी शिनाख्त बवाना के मनीष (25), राजेश उर्फ हड्डी (26) और राजा (24) के तौर हुई है। आरोपी मनीष पर पहले से हत्या का प्रयास, चोरी और आर्म्स एक्ट समेत 35 केस हैं, जबकि राजा पर तीन मुकदमे मिले हैं। राजेश के खिलाफ भी कई मामले हैं।

AI Image



डीसीपी (क्राइम) पंकज कुमार के मुताबिक, नरेला इंडस्ट्रियल एरिया के बवाना जेजे कॉलोनी में 20 सितंबर 2025 को बादशाह नाम के युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए गए। वह मौके पर ही ढेर हो गया। शिकायतकर्ता अकबर ने बताया कि पहले हुए एक झगड़े की वजह से आरोपी मनीष और राजेश ने उसे और उसके भाई राजा को गंभीर नतीजा भुगतने की धमकी दी थी। आरोपी मनीष, अपने भाइयों राजेश और राजा के अलावा अन्य साथियों के साथ उन पर हमला करने के लिए आया। इस हमले में उसके दोस्त बादशाह पर चाकू से कई वार किए गए। आरोपी फरार हो गए। जांच में मनीष, राजेश और राजा की संलिप्तता सामने आई, जो फरार हो चुके थे। एसीपी उमेश बर्थवाल की देखरेख में बनी इंस्पेक्टर विवेक मलिक, एसआई तनीश, उमरदीन, प्रदीप, सुरेंद्र और सम्राट की टीम को जांच में पता चला कि मनीष बवाना थाने का घोषित बदमाश है। तीनों मूल रूप से बिहार के हैं।


**पुलिस टीम ने गुरुवार को बिहार से तीनों को दबोच लिया**

### हेडक्वॉर्टर की तरफ से मांगे जाएंगे तीन ऑप्शन, जिनमें से एक में होगी तैनाती

## ट्रेनिंग यूनिट में 3 साल काटने पर मनपसंद पोस्टिंग!

Shanker.Singh@timesofindia.com

AI Image



■ नई दिल्ली: ओवरऑल पर्सनैलिटी डिवेलपमेंट और लेटेस्ट प्रफेशनल ट्रेनिंग के मद्देनजर दिल्ली पुलिस अकैडमी (DPA) या अन्य ट्रेनिंग यूनिट्स में सिर्फ योग्य और इच्छुक अफसरों और जवानों को ही भेजा जाएगा। स्पेशल सीपी (HRD) की अगुआई वाला बोर्ड बाकायदा एक इंटरव्यू लेगा, जिसमें खरा उतरने के बाद ही 'उस्ताद' बनाकर ट्रेनिंग सेंटर भेजा जाएगा। तीन साल का कार्यकाल वहां सफलतापूर्वक पूरा करने वाले अफसरों-जवानों को पसंदीदा पोस्टिंग का मौका दिया जाएगा।

सीपी सतीश गोलचा की तरफ से जारी स्टैंडिंग ऑर्डर के मुताबिक, ट्रेनिंग यूनिट में तैनाती से पहले इंटरव्यू में दावेदार से उसकी इच्छा पूछी जाएगी। पढ़ाने की क्षमता को आंकने के तहत कम्युनिकेशन स्किल्स, योग्यता और नॉलेज परखा जाएगा। किसी भी तरह की गंभीर बीमारी न हो, इसके लिए शारीरिक और मानसिक फिटनेस को आंका जाएगा। सर्विस रिकॉर्ड में बीते पांच साल के दौरान कोई प्रतिकूल एंट्री नहीं होने को भी चेक किया जाएगा। विशेषज्ञता और अनुभव को तरजीह मिलेगी।

लेटेस्ट कंप्यूटर स्किल्स और टेक्नॉलजी का ज्ञान के अलावा ऑनलाइन टीचिंग और लर्निंग में सहज होने को भी इंटरव्यू बोर्ड देखेगा। यह भी गौर करने को कहा गया है कि जो अफसर-जवान ट्रेनिंग सेंटर जाने के इच्छुक हैं, उन्होंने जिलों में रहकर तीन साल की फील्ड पोस्टिंग काट रखी हो।

### परफॉर्म नहीं करने वाले हटाए जाएंगे

**स्पेशल सीपी** (HRD) की कमिटी हर छह महीने में ऑब्जेक्टिव असेसमेंट रिपोर्ट और ट्रेनीज से मिले फीडबैक के आधार पर वहां तैनात किए गए स्टाफ की परफॉर्मेंस की समीक्षा करेगी। बेहतर परफॉर्म नहीं करने वालों को वहां से हटाया जाएगा। ट्रेनिंग यूनिट में कम से कम तीन साल का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करने वाले अफसरों और जवानों को मनपसंद पोस्टिंग का ऑप्शन मिलेगा। तीन विकल्प मांगे जाएंगे, जिनमें खाली पोस्ट, योग्यता, कौशल आदि के आधार पर एक में तैनाती मिलेगी।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH04 User: naveen.tirkey Time: 01-10-2026 23:58 Color:



# दिल्ली में अब आएंगी DEVi से भी छोटी बसें

## दिल्ली सरकार ने केंद्र की एजेंसी CESL को भेजा प्रपोजल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली




**दिल्ली में** लास्टमाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने और संकरी सड़कों वाले रिहायशी इलाकों तक डीटीसी बसों की पहुंच बढ़ाने के लिए दिल्ली सरकार ने अब एक और बड़ा निर्णय लिया है। दिल्ली सरकार अब 7 मीटर वाली मिनी बसें खरीदने जा रही है। इसके लिए केंद्र सरकार की एजेंसी CESL (कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड) को एक विस्तृत प्रस्ताव भेजा गया है।

दिल्ली सरकार CESL के जरिए कुल 3,330 नई इलेक्ट्रिक बसें खरीदेगी। इनमें 7 मीटर की 500 बसें, 9 मीटर वाली 2,330 बसें और 12 मीटर वाली 500 बसें शामिल होंगी। ये सभी बिजली से चलने वाली प्रदूषण रहित लो फ्लोर एयर कंडीशंड बसें होंगी। सरकार ने तय किया है कि 7 मीटर की बसें संकरी सड़कों पर चलेंगी और रिहायशी इलाकों को लास्टमाइल कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। वहीं, 9 मीटर की बसें फीडर सर्विस की तरह काम करेंगी, जबकि 12 मीटर की बसें मुख्य रूटों और भारी भीड़भाड़ वाले बस रूटों पर चलाई जाएंगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार, दिल्ली सरकार ने अपनी आवश्यकता का पुनर्मूल्यांकन करते हुए विभिन्न आकार की बसों की मांग रखी है, ताकि संकरी सड़कों से लेकर मुख्य मार्गों तक, सभी जगह बसों की कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने केंद्र सरकार और भारी उद्योग मंत्रालय से अनुरोध किया है कि दिल्ली के लिए इलेक्ट्रिक बसों की इस अतिरिक्त मांग (जो कि पहले से आवंटित 2,800 बसों के कोटे से अलग है) को भी सब्सिडी मॉडल में शामिल किया जाए। हालांकि, अगर सब्सिडी मिलने में कोई तकनीकी अड़चन आती है, तो दिल्ली सरकार खुद लागत का पूरा भार उठाने के लिए तैयार है, ताकि बसों की खरीद में कोई देरी न हो।

मुख्यमंत्री का मानना है कि ये 3,330 नई बसें न केवल सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करेंगी, बल्कि दिल्ली के 'ग्रीन ट्रांजिशन' का आधार भी बनेंगी। इससे निजी गाड़ियों पर दिल्लीवासियों की निर्भरता कम होगी। साथ ही वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी। सीएम ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली की हवा को स्वच्छ बनाना और लोगों को आधुनिक, सुगम और सस्ता पब्लिक ट्रांसपोर्ट देना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से हाल ही में CESL के अधिकारियों के साथ हुई एक उच्चस्तरीय बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया कि पीएम ई-ड्राइव योजना (फेज-2) के तहत दिल्ली के लिए बसों का कोटा बढ़ाया जाए।

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### दिल्ली को कितनी बसों की ज़रूरत?

मेट्रो के विस्तार की नई योजनाओं के बावजूद दिल्ली में लगभग 13 हजार बसों की जरूरत है। जबकि वर्तमान में 5,336 सरकारी बसें हैं। इनमें भी 3,535 इलेक्ट्रिक बसें हैं, जिसमें देवी बस स्कीम के तहत चल रही 9 मीटर वाली 1,162 बसें, 12 मीटर वाली 2,273 और 100 मेट्रो फीडर बसें शामिल हैं। मार्च तक इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़कर 5 हजार से ज्यादा हो जाएगी, जबकि साल के अंत तक 7000 इलेक्ट्रिक बसें दिल्लीवासियों को उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। पीएम ई-ड्राइव (फेज-1) की 2800 बसें आने के बाद दिल्ली में बसों की संख्या बढ़कर 10,430 हो जाएगी। वहीं, पीएम ई-ड्राइव (फेज-2) की 3,330 बसें आने के बाद यह संख्या बढ़कर 13,760 हो जाएगी।

# नरेला कैंपस स्टूडेंट्स को देगा क्वॉलिटी एजुकेशन: LG

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली टीचर्स** यूनिवर्सिटी और गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी को नरेला एजुकेशन सिटी में 12.69 एकड़ और 22.43 एकड़ जमीन के पजेशन लेटर सौंपे गए। एलजी वी. के. सक्सेना और शिक्षा मंत्री आशीष सूद की मौजूदगी में डीडीए ने यूनिवर्सिटी को ये लेटर सौंपे। एलजी ने कहा कि नरेला में यूनिवर्सिटी कैंपस का विस्तार दिल्ली ही नहीं, बल्कि देशभर के स्टूडेंट्स को क्वॉलिटी हायर एजुकेशन देगा और एजुकेशन फील्ड में दिल्ली मजबूत सेंटर बनेगा।

**नरेला एजुकेशन सिटी में दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी और IP को मिला जमीन का कब्जा**

सूद ने कहा कि इन दोनों यूनिवर्सिटी से पहले इंदिरा गांधी दिल्ली टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी फॉर वुमंस को 50 एकड़ जमीन का पजेशन लेटर दिया गया है। नरेला में लगभग 160 एकड़ जमीन पर वर्ल्ड-क्लास एजुकेशन और इनोवेशन हब डिवेलप करने की दिशा में दिल्ली सरकार तेजी से बढ़ रही है। पहले इस प्रोजेक्ट के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, लेकिन अब जरूरतों को देखते हुए हालिया बजट में इसे 1300 करोड़ रुपये कर दिया गया है। दिल्ली सरकार ने अब तक लगभग 452 करोड़ रुपये की पेमेंट डीडीए को कर दी है। बाकी राशि भी इसी वित्तीय वर्ष में दी जाएगी।

सूद के अनुसार नरेला एजुकेशन सिटी ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिस पर आधारित एक साझा कैंपस मॉडल होगा। इसमें आधुनिक लाइब्रेरी, हाईटेक लैब, सेमिनार हॉल, ऑडिटोरियम और रिसर्च-इनोवेशन सुविधाएं होंगी। साथ ही, फैकल्टी और स्टाफ के लिए यहां एलआईजी, एमआईजी, एचआईजी, ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स की रेजिडेंशल सुविधाएं भी होंगी। विभिन्न यूनिवर्सिटी के फ्लैट्स, हॉस्टल और बाकी सुविधाओं के निर्माण पर लगभग 567 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इन सबके लिए सरकार साइंटिफिक स्टडी और इंटरनैशनल लेवल के कंसल्टेंट्स की मदद ले रही है।


एलजी और शिक्षा मंत्री की मौजूदगी में डीडीए ने यूनिवर्सिटी को सौंपे पजेशन लेटर

### ये होंगे दो कैंपस

■ **दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी :** यूनिवर्सिटी को 12.69 एकड़ जमीन दी गई है, जिसके लिए दिल्ली सरकार ने डीडीए को 92.16 करोड़ रुपये दिए हैं। 2022 में शुरू हुई यह यूनिवर्सिटी अभी मुखर्जी नगर के सरकारी स्कूल में चल रही है। टीचर तैयार करने और हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट के टीचर्स को ट्रेनिंग देने के उद्देश्य से यह यूनिवर्सिटी बनी है।

■ **आईपी यूनिवर्सिटी :** यूनिवर्सिटी को 22.43 एकड़ जमीन दी गई है, जिसके लिए 162.90 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। इस हिसाब से यूनिवर्सिटी को नॉर्थ दिल्ली में तीसरा कैंपस मिला है। अभी इसका मेन कैंपस द्वारका में है और एक ईस्ट कैंपस है।

# सीनियर कार्यकर्ताओं की बढ़ गई ज़िम्मेदारी: CM


रोहिणी के उत्तर-पश्चिम जिला कार्यालय में हुआ कार्यक्रम

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सीएम रेखा गुप्ता शनिवार को 60 वर्ष से ऊपर के बीजेपी कार्यकर्ताओं के सम्मान-अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुईं। रोहिणी-29 स्थित उत्तर-पश्चिम जिला कार्यालय में हुए कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि 27 वर्षों के संघर्ष के बाद दिल्ली में बीजेपी सरकार का बनना वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की तपस्या, धैर्य और संगठनात्मक निष्ठा का ही फल है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सरकार बनने के बाद उनकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि 'आयुष्मान भारत योजना' से 4 लाख से अधिक लोग रजिस्टर्ड हैं और 20 हजार से अधिक लोगों को उपचार का लाभ मिल चुका है। 70+ वर्ष के वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य सुरक्षा योजना भी शुरू की गई है।

**कार्यकर्ताओं के सम्मान-अभिनंदन कार्यक्रम में पहुंचीं CM**

# जालंधर में मंत्री पर FIR होने को लेकर विधानसभा सचिवालय ने भेजा नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**आम आदमी पार्टी** नेता आतिशी के विडियो को लेकर जालंधर में कपिल मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने के मामले में दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने पंजाब पुलिस को नोटिस जारी किया है। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि पंजाब के डीजीपी, जालंधर पुलिस कमिश्नर और स्पेशल डीजीपी साइबर सेल को नोटिस जारी किए गए हैं और उन्हें 48 घंटे के अंदर लिखित स्पष्टीकरण और सभी संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

गुप्ता ने कहा कि जिस विडियो के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है, वह किसी व्यक्तिगत रिकॉर्डिंग नहीं, बल्कि सदन की आधिकारिक रिकॉर्डिंग है, जो पूरी तरह से दिल्ली विधानसभा की संपत्ति है। सदन की संपत्ति का इस प्रकार दुरुपयोग करना और इस आधार पर किसी मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि बहुत गंभीर और निंदनीय भी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की मांग पर और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विडियो क्लिप को फॉरेंसिक साइंस लैब भेजा गया। हालांकि, सदन की आधिकारिक रिकॉर्डिंग को 'छेड़छाड़ की गई' बताना सदन की गरिमा पर हमला है।


DGP, पुलिस कमिश्नर और स्पेशल DGP साइबर सेल से मांगा गया है स्पष्टीकरण

शनिवार को दिल्ली विधानसभा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि विधानसभा कार्यवाहियों से जुड़े जिस विडियो से छेड़छाड़ की बात की जा रही है, उसे लेकर दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने जालंधर में एफआईआर दर्ज किए जाने के मामले में औपचारिक नोटिस जारी किया है। यह मामला बहुत गंभीर और संवैधानिक अहमियत का है और सीधे सदन की गरिमा, अधिकार और विशेषाधिकारों से जुड़ा है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन की कार्यवाहियों की कोई भी रिकॉर्डिंग केवल सदन की संपत्ति है और किसी राजनीतिक दल, व्यक्ति या बाहरी एजेंसी की नहीं है। उन्होंने नोटिस में सवाल उठाया है कि इस एफआईआर को किस अधिकार और किस आधार पर दर्ज किया गया। गुप्ता ने कहा कि पूरे प्रकरण में जालंधर के पुलिस कमिश्नर की भूमिका बहुत चिंताजनक है और यह सदन के विशेषाधिकारों का उल्लंघन प्रतीत होता है। इसलिए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का साफ मामला बनता है, जिसे सदन गंभीरता से देखेगा।

गुप्ता ने कहा कि यह केवल झूठा आरोप नहीं है, बल्कि एक सुनियोजित साजिश नजर आती है, जिसका उद्देश्य सदन की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना है। इस साजिश में शामिल पाए जाने वाले सभी लोग सदन की कठोरतम कार्रवाई का सामना करेंगे। यह भी कहा कि बार-बार बुलाने के बावजूद विपक्ष की नेता सदन में उपस्थित नहीं हुईं और प्रस्ताव पर चर्चा में भाग नहीं लिया। जब चर्चा चल रही थी, विपक्ष के सदस्य सदन से उठकर चले गए।


TIMES inter act

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I hitherto known as Prisca Bilung Minj alias Prisca Bilung D/o Hermon Bilung W/o Ashok Minj R/o H.No.2047/35,Gali No-59, Molarband Extn. Badarpur, South Delhi, Delhi- 110044 have changed my name and shall thereafter be known as Prisca Bilung vide affidavit dated 09/01/2026 at New Delhi.

THE DELHI GOLF CLUB
Dr. Zakir Hussain Road,New Delhi-03
Sealed Bids are invited for "Hiring of Contractor/Vendor (Interior Expert) for Civil & Renovation works at Main Club house Building" at The Delhi Golf Club. Detailed RFP can be downloaded from DGC website http://delhigolfclub.org/tendernotice/. Sealed bids addressed to The Secretary, The Delhi Golf Club mentioning the heading "Hiring of Contractor/Vendor (Interior Expert)for Civil & Renovation works at Main Clubhouse Building" in a sealed envelope cover in capital letters must reach us before 1400Hrs on 20th Jan 2026.Tender box is placed at the main office of DGC (1st Floor).
Lt. Col. Rohit Singh (Retd)
Secretary
The Delhi Golf Club

टेंडर और नोटिस

निविदाएं (टेंडर्स)

Five Star Hotel at Delhi Selling Good Running Condition Stuff as below:
HP DESKTOPS 280 G4
50 NOS.
HP LAPTOPS HP240 G7
22 NOS.
CONTACT +91 98107 23772

BOOK YOUR TENDER & NOTICE ADS
For booking please contact Aman : 9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Adstimesofindia.com

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.


रिवाइज्ड बजट में दिखी दिल्ली सरकार की प्राथमिकताएं

# बेसिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर है फिलहाल सरकार का फोकस

Brijesh.singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** विधानसभा के विंटर सेशन के आखिरी दिन शुक्रवार को दिल्ली सरकार के रिवाइज्ड बजट को सदन में मंजूरी दी गई। मुख्य रूप से यही संकेत मिला कि फिलहाल दिल्ली सरकार का पूरा फोकस मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने और इन्फ्रास्ट्रक्चर को दुरुस्त करने पर है, ताकि दिल्ली की जनता को दूरगामी लाभ मिल सके। अच्छी बात यह रही कि सरकार ने पिछले साल मार्च में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जो 1 लाख करोड़ रुपये का अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत किया था, उसमें कोई कटौती नहीं की गई है। हालांकि, रिवाइज्ड बजट में ओवरऑल पूंजीगत निवेश को घटाया गया है, लेकिन शिक्षा, सार्वजनिक परिवहन, सफाई व्यवस्था और सड़कों समेत अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट से जुड़ी योजनाओं के लिए बजट में 2132 करोड़ रुपये का इजाफा किया है।


रिवाइज्ड बजट में सरकार के वेतन, भत्ते, प्रशासनिक खर्चों में बढ़ोतरी हुई है। इस मद (एस्टेब्लिशमेंट) में प्रस्तावित बजट 40,700 करोड़ से बढ़ाकर 42,150 करोड़ रुपये किया गया है। वहीं, ओवरऑल पूंजीगत बजट 59,300 करोड़ से घटाकर 57,850 करोड़ रुपये कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने यह कमी स्कीम एंड प्रोग्राम हेड में की है, जिसमें महिला सम्मान निधि भी शामिल है, जिसके लिए बजट में 5100 करोड़ रुपये रखे गए थे, लेकिन रिवाइज्ड बजट में इसका कोई जिक्र नहीं है। हालांकि, इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी योजनाओं के बजट में कोई कमी नहीं की गई है। ट्रांसपोर्ट सेक्टर का बजट 12,952 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 16,024 करोड़ किया है, जो कुल बजट का 16 फीसदी है। इसमें सड़कें, पुल, बसें और अन्य साधन शामिल हैं। वहीं, शिक्षा क्षेत्र का बजट 19,291 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20,702 करोड़ रुपये किया है जो कुल बजट का 21 फीसदी हिस्सा है।

**2132** करोड़ रुपये का इजाफा इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट से जुड़ी योजनाओं के लिए किया गया है

रिवाइज्ड बजट में खर्च घटाया, इन्फ्रास्ट्रक्चर को दुरुस्त करने पर रहेगा जोर

पिछले वित्त वर्ष के प्रस्तुत 1 लाख करोड़ के बजट में नहीं की गई है कोई कटौती






### बिजली सब्सिडी, मेट्रो का बजट बढ़ा

सरकार ने बिजली सब्सिडी देने के लिए 400 करोड़ रुपये का बजट बढ़ाया है। रिवाइज्ड बजट में इसे 3,600 करोड़ से बढ़ाकर 4,000 करोड़ रुपये कर दिया है। दिल्ली मेट्रो के लिए भी बजट 2,117 करोड़ रुपये बढ़ाकर 5046.66 करोड़ किया गया है। DTC के लिए भी 653 करोड़ की बढ़ोतरी की गई है, जबकि MCD के लिए 1,031 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कोष बनाया गया है।

# महिलाओं का अपमान है आतिशी पर कमेंट: AAP

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी पर टिप्पणी के खिलाफ विरोध किया है। 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि शुक्रवार को बीजेपी विधायक तरविंदर सिंह मारवाह ने सदन में आतिशी को 'नाचने- झूमने वाली' कहकर देश भर की महिलाओं का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने यह अपमानजनक टिप्पणी की, तब सीएम रेखा गुप्ता महिला होकर भी मुस्कुरा रही थीं। साथ ही, उसी समय सीएम ने महिला कार्ड खेलते हुए यह भी कहा कि विपक्ष को यह बर्दाश्त नहीं हो रहा कि दिल्ली में एक महिला मुख्यमंत्री है। रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं। उन्हीं के सामने तरविंदर सिंह मारवाह ने आतिशी का मजाक उड़ाया, तो क्या उन्हें यह नहीं कहना चाहिए था कि विधायक गलत बोल रहे हैं और उन्हें अपने शब्द वापस लेने चाहिए?



सौरभ ने कहा कि सोशल मीडिया पर बीजेपी मंत्रियों-विधायकों ने आतिशी के नाम पर फर्जी विडियो चलाए। उसमें भी रेखा गुप्ता शामिल रहीं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि नाचने-झूमने वाली महिला का समाज में क्या अर्थ होता है और जब यह कहकर किसी को गाली दी जाती है तो इसके क्या मायने होते हैं, यह बताने की जरूरत नहीं है। संजय सिंह, कुलदीप कुमार, अजय दत्त, प्रेम चौहान ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीजेपी पर झूठे विडियो चलाकर आम आदमी पार्टी को बदनाम करने का आरोप लगाया।

# असल रिकॉर्डिंग देखे बगैर क्लीन चिट कैसे दी: BJP

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सिख्खों गुरुओं के अपमान के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के आरोपों को खारिज करते हुए बीजेपी ने पंजाब पुलिस की कार्रवाई पर भी सख्त आपत्ति जताई है। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि पंजाब पुलिस द्वारा दिल्ली विधानसभा की असल रिकॉर्डिंग देखे बिना नेता प्रतिपक्ष आतिशी को क्लीन चिट देने से पंजाब और दिल्ली समेत सारे देश के सिख समाज में आम आदमी पार्टी के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। उसी को देखते हुए 'आप' नेतृत्व ने आतिशी को गोवा में छुपा रखा है और अब सांसद संजय सिंह को उनके बचाव में मैदान में उतरना पड़ा है।



सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा सिख समाज का सम्मान बढ़ाने का काम किया है, इसीलिए आज देश का सिख समाज प्रधानमंत्री मोदी को पूरा सम्मान देता है। उन्होंने संजय सिंह से पूछा कि आखिर दिल्ली विधानसभा की ओरिजनल रिकॉर्डिंग देखे बिना पंजाब पुलिस ने कैसे आतिशी को क्लीन चिट दे दी? उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष द्वारा कराई जा रही जांच रिपोर्ट से जल्द ही सारी सच्चाई सामने आ जाएगी और उसके बाद 'आप' नेतृत्व को आतिशी को बर्खास्त करना होगा। दिल्ली बीजेपी के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने भी राजघाट पर आप नेताओं के विरोध प्रदर्शन के जवाब में पूछा कि विधानसभा में गुरु तेग बहादुर जी के प्रति अभद्र टिप्पणी करने के बाद से पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी कहां लापता हैं?

# DSSSB का नया नोटिफिकेशन जारी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिल्ली सबऑर्डिनेट सर्विसेज सिलेक्शन बोर्ड (DSSSB) परीक्षा का नया नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। हालांकि, उम्र की छूट को लेकर कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है। अब परीक्षाएं 16 फरवरी 2026 से 14 मई 2026 के बीच आयोजित की जाएंगी। बोर्ड के नोटिफिकेशन के अनुसार, इन परीक्षाओं के अंतर्गत दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों के लिए अलग-अलग पोस्ट पर भर्ती की जाएगी।

**16 फरवरी से 14 मई तक होंगी परीक्षाएं, उम्र की छूट पर नोटिफिकेशन जारी नहीं**


बोर्ड ने साफ किया है कि सभी परीक्षाएं ऑनलाइन मोड में कंप्यूटर आधारित टेस्ट (CBT) के रूप में आयोजित होंगी। 16 फरवरी 2026 को डिस्पैच राइडर-कम-प्रोसेस सर्वर, ड्राइवर (चालक), असिस्टेंट टीचर (प्राइमरी), पीजीटी, टीजीटी, सीनियर साइंटिफिक असिस्टेंट (माइक्रोबायोलॉजी), एमटीएस जैसी पोस्ट के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। ये पद दिल्ली हाई कोर्ट, शिक्षा निदेशालय, एनडीएमसी, ड्रग्स कंट्रोल विभाग से संबंधित हैं।

इससे पहले डीएसएसएसबी परीक्षा टाल दी गई थी। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा था कि नई डेटशीट तब जारी की जाएगी, जब उम्र में छूट देने का प्रावधान बन जाएगा। पिछली सरकारों ने डीएसएसएसबी के माध्यम से होने वाली परीक्षाएं रखी ही नहीं। जो टीचर बनना चाहते थे उनकी उम्र निकल गई। ऐसे में इन नोटिफिकेशन के साथ उम्मीदवार उम्र की छूट की जानकारी का इंतजार कर रहे थे। हालांकि, उम्मीद है कि इसके लिए अलग से नोटिफिकेशन जारी होगा।


शोक सन्देश

स्मृति सन्देश

WE SALUTE & Remember



(02.10.1904 - 11.01.1966)
BHARAT RATNA SH. LAL BAHADUR SHASTRI JI
Ex-Prime Minister and Great Son of Mother India, on his 60th Death Anniversary
कोई तो बताए कि श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की मृत्यु कैसे हुई थी
P.N. MALHOTRA
Retd. Asstt. Commissioner (Delhi Police)
M: 9811924060
Amit Metal, Paharganj

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES



स्वर्गीय श्री आर. के. जिन्दल
सोलहवीं पुण्य तिथि
11.01.2010
आपकी यादें, प्यार, प्रेरणा, आशीर्वाद आपके होने का अहसास हर पल हर क्षण हमारे साथ। हम सभी उन्हें नतमस्तक होकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।
Missed by: समस्त जिन्दल परिवार

TO BOOK AN OBITUARY & REMEMBRANCE AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088
PANKAJ : 81306 04727
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Adstimesofindia.com

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

*Placement on specified obit pages only. • This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. • ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand • TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj: 8130604727

"HONOUR, COURAGE, BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss."

The silent joy of remembering a loved one. The moments you shared together. Little moments that make life beautiful. Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727


# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर कनॉट प्लेस के मंदिर पहुंचे नितिन नवीन

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** देशभर में बीजेपी द्वारा मनाए जा रहे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत शनिवार को बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पहुंचकर भगवान शंकर का दुग्धाभिषेक किया। इसके बाद प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा की। इस अवसर पर दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज, बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री महेंद्र पांडेय, नई दिल्ली के जिलाध्यक्ष रवींद्र चौधरी और मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल समेत कुछ अन्य नेता और पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



# गांधी पर किताब का हुआ विमोचन

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति ने 'गांधी : अहिंसा के योद्धा की सचित्र जीवन यात्रा' कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि गांधी आज भी प्रासंगिक हैं। अपनी पुस्तक पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के उपाध्यक्ष विजय गोयल ने कहा कि युवा पीढ़ी को गांधी के विचारों से सीख लेनी चाहिए। शिक्षाविद मुकुल कानिटकर और इंडिया हैबिटेट सेंटर के निदेशक प्रो. केजी सुरेश भी मौजूद रहे।

# खान मार्केट में बनेगा नया ड्रेनेज सिस्टम

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** एनडीएमसी ने शनिवार को खान मार्केट की मिडिल लेन सुधार परियोजना का शिलान्यास किया। NDMC उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि इसके तहत नई ड्रेनेज, आधुनिक फुटपाथ, 400 मिमी व्यास की नई ड्रेनेज लाइन, पानी की पाइपलाइन, बिजली और अन्य सेवाओं के लिए डक्ट, नए मैनहोल कवर और स्टेनलेस स्टील डस्टबिन लगाने के काम होंगे। करीब 1.21 करोड़ रुपये की लागत से यह परियोजना करीब तीन महीने में पूरी होगी।




# भारत में अब SIMBOX से साइबर टेररिज़म

## देशभर में पहली बार एक साथ 22 SIMBOX ज़ब्त, ताइवानी नागरिक समेत 7 गिरफ्तार


Vishal.Sharma3@timesofindia.com

NBT संडे स्पेशल

■ नई दिल्ली : IFSO ने विदेश से भारत में साइबर टेररिज्म का खुलासा करते हुए इंटरनेशनल सिंडिकेट के विदेशी नागरिक समेत 7 लोगों को पकड़ा है। दिल्ली, मोहाली, कोयंबटूर, मुंबई से 22 SIMBOX सेटअप जब्त किए हैं। इस पूरे ऑपरेशन में 30 पुलिसकर्मी शामिल थे।

IFSO डीसीपी विनीत कुमार ने बताया, हाल के वर्षों में सबसे खतरनाक साइबर क्राइम के तौर 'डिजिटल अरेस्ट' उभरा है। अक्टूबर 2025 से ऐसे सिंडिकेट का पर्दाफाश करने के लिए IFSO ने सीक्रेट ऑपरेशन शुरू किया। शुरुआती जांच में पता चला कि यह एक इंटरनेशनल सिंडिकेट सिमबॉक्स टेक्नॉलजी का इस्तेमाल कर रहा है। कॉल को जानबूझकर रियल-टाइम लोकेशन ट्रैकिंग से बचने के लिए लो-फ्रीक्वेंसी (2G) नेटवर्क पर रूट किया जाता था। इसके लिए क्रिमिनल SIMBOX सिस्टम चला रहे थे। ये कॉल खासकर कंबोडिया से आ रही थी। SIMBOX डिवाइस (खासकर Quectel कंपनी के) को IMEI नंबरों को ओवरराइट करके और चेंज किया जा रहा था, जिससे डिवाइस की पहचान करना बेहद मुश्किल होता था।


IFSO ने सबसे पहले SIMBOX ऑपरेशन के पहले फेज में इंस्टॉलेशन के साथ 4 एक्टिव लोकेशन की पुष्टि की। इसके बाद रेड की। इसमें दो गिरफ्तारियां बतौर लोकल ऑपरेटर गोयल डेयरी, कुतुब विहार निवासी शशि प्रसाद और शाहबाद डेयरी निवासी परविंदर के तौर पर हुईं।




हैंडलर और मास्टरमाइंड टेलीग्राम के जरिए टच में थे



पुलिस ने स्कैमर बनकर विदेशी हैंडलर के साथ की बात



पुलिस ने रेड कर इन आरोपियों को कब्जे में लिया



इनकी भूमिका फैसिलिटेटर और मेंटेनेंस हैंडलर की थी

Subrata Dhar

### ... जब IFSO टीम को बनना पड़ा स्कैमर

जांच से पता चला कि SIMBOX डिवाइस विशेष रूप से चीन सपोर्टिव ताइवानी नागरिक द्वारा सप्लाई, इंस्टॉल और टेक्निकली कॉन्फिगर किए जा रहे थे। भारतीय हैंडलर्स और विदेशी मास्टरमाइंड टेलीग्राम के जरिए टच में थे। जब्त किए गए डिजिटल डिवाइस की फॉरेंसिक जांच से ताइवानी नागरिक आई-त्सुग चेन(30) की पहचान हुई। टीम ने जानबूझकर खुद को स्कैमर बनकर विदेशी हैंडलर के साथ एन्क्रिप्टेड ऑनलाइन बातचीत शुरू की। धीरे-धीरे उसका भरोसा जीता। उसे यह भी यकीन दिलाया कि भारत में उसका SIMBOX नेटवर्क अच्छे से चलाया जाएगा। वह IFSO के जाल में फंस गया। 21 दिसंबर को आई-त्सुग चेन को आईजीआई एयरपोर्ट पर उतरते ही गिरफ्तार कर लिया।

### कंबोडिया में स्कैम सेंटर में की जॉब

इसी कड़ी में अगली तफ्तीश पंजाब के मोहाली पहुंची। जहां 2 जगहों से SIMBOX ऑपरेट हो रहे थे। यहां भी आई-त्सुग चेन ने मोहाली SIMBOX सेटअप फिक्स किया था। पुलिस ने बीटेक इंजीनियर सरबदीप सिंह (33) और डिप्लोमा होल्डर जसप्रीत कौर(28) को गिरफ्तार कर इनके पास से सिमबॉक्स, लैपटॉप, पासपोर्ट, कंबोडिया एम्प्लॉयमेंट कार्ड बरामद किया। इनसे चौंकाने वाला खुलासा हुआ। दोनों ने कंबोडिया स्थित स्कैम सेंटर्स में काम किया था। जहां इन्हें एक पाकिस्तानी हैंडलर ने भर्ती किया था। उसने भारत में सिमबॉक्स इंस्टॉलेशन के लिए इन्हें फंडिंग की थी। डीसीपी विनीत कुमार के मुताबिक पूछताछ में देश की सुरक्षा को लेकर परेशान करने वाली अंतरराष्ट्रीय साजिश का खुलासा हुआ। जो सामान्य साइबर क्राइम से कहीं ज्यादा बड़ी है।

### और क्या बरामद




**22** SIMBOX दिल्ली, मोहाली, कोयंबटूर, मुंबई से जब्त

**2** महीने तक चला IFSO का सीक्रेट ऑपरेशन

**30** पुलिसकर्मी शामिल थे ऑपरेशन में, 7 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

### क्रिप्टोकरंसी एक्सचेंज

मोहाली के बाद जांच कोयंबटूर पहुंची। जहां क्रिप्टो एंगल निकला। वहां से SIMBOX के साथ दिनेश के. नाम के शख्स को गिरफ्तार किया गया। होटल मैनेजमेंट कर चुके दिनेश से पता चला कि वह 2018 से क्रिप्टोकरेंसी इकोसिस्टम में है। दिनेश ने वियतनाम, थाईलैंड, मलेशिया और कंबोडिया की कई यात्राएं कीं। ये ऐसे देश हैं, जहां से इंटरनेशनल साइबर नेटवर्क ऑपरेशनल हैं। इसी कड़ी में आगे की जांच मुंबई के मलाड पहुंची। जहां SIMBOX सेटअप के साथ अब्दुल सलाम नाम के शख्स की सातवीं अरेस्टिंग हुई। यह सिविल इंजीनियर है। पूछताछ में 'डिजिटल अरेस्ट' स्कैम के पीछे एक इंटरनेशनल कमांड-एंड-कंट्रोल स्ट्रक्चर का भी पता चला।

### सबूतों से हुआ साबित

- कंबोडिया ट्रेनिंग और रिक्रूट कैंप, जहां ऑपरेटरों को स्कैम सेंटर्स में शामिल किया गया था
- चीन के नागरिकों ने SIMBOX हार्डवेयर और टेक्निकल आर्किटेक्चर की सप्लाई और कॉन्फिगर किया
- पाकिस्तानी हैंडलर फंडिंग, IMEI मैनिपुलेशन और आइडेंटिटी मास्किंग का ऑपरेटर
- नेपाल मौजूदा ऑपरेशनल नर्व सेंटर के रूप में उभरा, जहां से भारतीय ग्राउंड ऑपरेटरों को निर्देश दिए जाते थे।

## हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट की जामिया नगर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को देसी कट्टे और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बाटला हाउस निवासी मोहम्मद सहवान उर्फ मुन्ना के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, जामिया नगर थाना पुलिस की एक टीम रात 8:30 बजे से 12 बजे तक बाइक से पैट्रोलिंग पर थी।



रात करीब 9:10 बजे जब टीम यमुना पुश्ता रोड पर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के नीचे, पिलर नंबर-49 के पास आरोपी को पकड़ा।

## बेहोश कर गहने ले उड़ीं तीन महिलाएं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: गांधी नगर इलाके में एक 63 साल की बुजुर्ग महिला को नशीला पदार्थ सुंघा कर तीन महिलाएं उनके गहने लेकर फरार हो गईं। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल तीन महिलाओं की पहचान की जा रही है।

**गांधी नगर इलाके में हुई वारदात, केस दर्ज**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 63 साल की गीता भाटिया सुभाष रोड गांधी नगर में रहती है। उनका आरोप है कि 5 जनवरी को वह दवा लेने के लिए झील चौक गई थी। लौटते वक्त यह वारदात हुई।

## स्नैचिंग मामले में तीन को पकड़ा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की एंटी स्नैचिंग सेल और सागरपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने स्नैचिंग के एक मामले में एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहन गार्डन निवासी रौनक खान (19), चाणक्य प्लेस पार्ट-2 निवासी नासिर खान (22) और एक 17 वर्षीय नाबालिग के रूप में हुई है।



DCP अमित गोयल के अनुसार 1 जनवरी की रात सागरपुर इलाके में स्नैचिंग की वारदात हुई थी। पीड़ित ए.के. रंजन की शिकायत पर सागरपुर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया।

## स्कूटी सवार युवक पर चाकू से हमला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के कालिंदी कुंज इलाके में स्कूटी सवार युवक को तीन आरोपियों ने चाकू से गोद दिया। युवक की पीठ और पेट में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के दौरान एक राहगीर बाइक सवार की सूझबूझ से दो हमलावरों को मौके पर दबोच लिया गया, जबकि तीसरा आरोपी फरार हो गया। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित जाकी हुसैन (33) ने बताया कि पीड़ित ने विरोध किया तो तीनों ने उनके साथ हाथापाई शुरू कर दी।

**पीड़ित का अस्पताल में चल रहा है इलाज**

पुलिस घटना में शामिल तीसरे आरोपी की तलाश कर रही है।

## अश्लील विडियो वायरल करने की धमकी, FIR

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI image

फेसबुक मैसेंजर से दोस्ती हुई। फिर महिला के घर युवक जाने लगा। दोनों करीब भी आ गए। लेकिन बाद में महिला ने दूरी बनाना शुरू कर दिया। इससे नाराज युवक ने महिला को परेशान करना शुरू कर दिया और महिला की विडियो सोशल मीडिया पर डालने और जान से मारने की धमकी देने लगा। आखिरकार परेशान होकर महिला ने गांधी नगर थाने में शिकायत दी। महिला के शिकायत पर 6 जनवरी को BNS की धारा 79/351 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

**सोशल मीडिया पर महिला की युवक से हुई थी दोस्ती**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 30 साल की महिला अपने पति के साथ कैलाश नगर इलाके में किराए पर रह रही है और मूलरूप से यूपी की रहने वाली है। दिल्ली के एक फैक्ट्री में काम करती है। महिला के दो बेटे भी हैं। महिला ने बयान में बताया है कि करीब डेढ़ साल पहले फेसबुक मैसेंजर से आरोपी युवक ने संपर्क किया। फिर दोनों के बीच फोन पर बातचीत होने लगी। आरोपी ने खुद को फतेहपुर, यूपी का रहने वाला बताया। बात आगे तक बढ़ी। वह दो से तीन बार दिल्ली में महिला से मिलने भी आया। दोनों करीब भी आए। लेकिन बाद में महिला दोस्ती खत्म करने को कहने लगी। इस पर वह गुस्से में आ गया और उनका विडियो सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देने लगा। बार-बार फोन कर गंदी गालियां देता और परेशान करता। फिर उनके पति के फोन पर उन्हें और उनके बच्चे को जान से मारने की धमकी देने लगा। उसका नंबर ब्लॉक करने के बाद भी वह अलग-अलग नंबर से महिला को परेशान करता रहा। तब जाकर महिला ने शिकायत दी। फिलहाल पुलिस आरोपी का पता कर रही है।

## रियल एस्टेट, गोल्ड में निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी

Shanker.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : रियल एस्टेट और गोल्ड स्कीम में इन्वेस्टमेंट का लालच देकर करोड़ों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। इसका आरोप 'एक फैमिली' के दस मेंबरों पर है। इनकी चपेट में आए आठ पीड़ितों ने दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) में शिकायत दी है। 4.11 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज हो गया है। दावा है कि इस रैकेट ने करोड़ों की रकम को 42 फर्जी बैंक खातों में ट्रांसफर करवाया था। यह पूरा वाकया 1 नवंबर 2023 से 30 जून 2024 के बीच का है।

**'एक फैमिली' ने कई को लगाया चूना, दर्ज हुई FIR**



AI image

रोहिणी निवासी एक परिवार के मुताबिक, आरोपियों ने एक फैमिली समारोह में नजदीकी बढ़ाई। कई साल से इन्वेस्टमेंट के बिजनेस में सक्रिय होने की बात कह कर उनका भरोसा जीता। राजनगर एक्सटेंशन में निवेश कर मोटी रकम के सपने दिखाए। गाजियाबाद की एक प्रॉपर्टी भी बिकवा दी, जिसके बदले में पीतमपुरा में एक प्लॉट देने का झांसा दिया। पीड़ितों ने उधार लिया। बैंक से 1.5 करोड़ का लोन भी ले लिया। पीड़ित परिवार ने 1.46 करोड़ कैश दिया, आरोपियों के कहने पर 2.65 लाख रुपये 45 बैंक खातों में डाले।

### 'जान से मारने की दे रहे हैं धमकी'

काफी बार याद दिलाने के बाद उन्हें 2.15 लाख रुपये लौटाए गए। दिए गए चेक बाउंस हो गए। सात अन्य पीड़ितों ने भी शिकायत दी है। कई और भी सामने आ सकते हैं। इससे मामला कई करोड़ रुपये तक पहुंचने की आशंका है। आरोप है कि नॉर्थ ईस्ट दिल्ली, शाहदरा, पीतमपुरा, रोहिणी और गाजियाबाद निवासी आरोपी गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने लगे। कॉल रिकॉर्डिंग, व्हाट्सऐप चैट, ट्रांजैक्शन डिटेल और बाउंस चेक बतौर सबूत पेश किए हैं।

## चोरी के मामले में बावरिया गिरोह के 4 बदमाश गिरफ्तार

■ नवीन निश्चल, तिलक नगर: तिलक नगर थाना पुलिस ने इलाके में चोरी की एक वारदात का खुलासा करते हुए बावरिया गिरोह के 4 बदमाशों को पकड़ा है। पुलिस टीम ने इन्हें FRS (फेस रिकॉग्निशन सिस्टम) की मदद से पकड़ा। पुलिस ने इनसे 70 हजार कैश में से 42 हजार रुपये कैश बरामद कर लिया है। डीसीपी वेस्ट शरद भास्कर ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान राम निवास, राम सिंह उर्फ राकेश, सत्यनारायण और चिंकल के रूप में हुई है। ये सभी राजस्थान के अजमेर के रहने वाले हैं। इनमें राम निवास 4 और राम सिंह एक मामले में पहले से शामिल है। ये सभी इंटरस्टेट बावरिया गैंग से ताल्लुक रखते हैं।

**तिलक नगर थाना पुलिस ने FRS की मदद से पकड़ा**







दिल्ली की खबरों के लिए टेलीग्राम पर फॉलो करें
t.me/nbtdilli

दिल्ली की खबरों के लिए एक्स पर फॉलो करें
@NBTDilli

जा सकती है रोशनी | काला मोतिया है बेहद खतरनाक, डायबिटीज के मरीजों में अंधेपन का खतरा दोगुना, भारत में लगभग 1.2 करोड़ लोग ग्लूकोमा से पीड़ित

## 40 के बाद धुंधलापन और सिरदर्द 'ग्लूकोमा' का संकेत

Abhishek.Gautam1@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: अगर आपकी उम्र 40-45 वर्ष से अधिक है और आपको कभी-कभी धुंधला दिखाई देता है, सिरदर्द रहता है या रात में ड्राइविंग के दौरान आंखों में तेज चौंध (Glare) महसूस होती है, तो इसे नजरअंदाज न करें। ये लक्षण ग्लूकोमा (काला मोतिया) का संकेत हो सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि समय पर जांच और सही इलाज से आंखों की बची हुई रोशनी को सुरक्षित रखा जा सकता है, क्योंकि इस बीमारी में एक बार गई रोशनी कभी वापस नहीं आती। इसी खतरे के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल जनवरी माह को 'ग्लूकोमा जागरूकता माह' के रूप में मनाया जाता है।


**हर साल जनवरी में मनाया जाता है 'ग्लूकोमा जागरूकता माह'**

### क्या है ग्लूकोमा और क्यों है यह खतरनाक?

शार्प साइट आई हॉस्पिटल्स के डॉ. विनीत सहगल के अनुसार, ग्लूकोमा में आंखों के अंदर का दबाव धीरे-धीरे बढ़ने लगता है। यह दबाव आंख की मुख्य नस, जिसे ऑप्टिक नर्व कहते हैं, उसे डैमेज कर देता है। जिससे आंखें देख तो पाती हैं, लेकिन मस्तिष्क तक दृश्य की तस्वीर नहीं पहुंच पाती। इसे 'साइलेंट किलर' इसलिए कहा जाता है क्योंकि शुरुआत में इसके कोई स्पष्ट लक्षण नहीं होते। भारत में लगभग 1.2 करोड़ लोग इस बीमारी की चपेट में हैं।

### ग्लूकोमा के प्रकार और उनकी गंभीरता

गुरु नानक आई सेंटर की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनु पून के अनुसार, ग्लूकोमा मुख्य रूप से दो प्रकार का होता है। पहला है ओपन एंगल ग्लूकोमा। यह सबसे अधिक खतरनाक है क्योंकि इसमें दबाव धीरे-धीरे बढ़ता है और मरीज को किसी दर्द या परेशानी का अहसास नहीं होता। ग्लूकोमा का दूसरा प्रकार है क्लोज एंगल ग्लूकोमा। इसमें आंख में अचानक तेज दर्द, लालिमा, उल्टी होना और रोशनी के चारों ओर रंगीन छल्ले दिखना जैसे लक्षण उभरते हैं।



### डायबिटीज़ के मरीजों को 2X खतरा

बीएलके मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सीनियर डायरेक्टर डॉ. एके ग्रोवर ने बताया कि सामान्य लोगों की तुलना में डायबिटीज के मरीजों में ग्लूकोमा का खतरा दोगुना होता है। डायबिटीज के कारण आंखों की बारीक रक्त नलिकाएं प्रभावित होती हैं। इसे नियोवैस्कुलर ग्लूकोमा कहा जाता है, जो अत्यंत गंभीर स्थिति है।

### बच्चों में भी हो सकता है

ग्लूकोमा केवल बुजुर्गों की बीमारी नहीं है, यह बच्चों में जन्मजात भी हो सकती है। यदि बच्चों में निम्नलिखित लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। जैसे - आंख का आकार सामान्य से बड़ा होना, आंखों से लगातार पानी आना, तेज रोशनी से घबराना या फोटोफोबिया, आंख की पुतली में सफेद दाग दिखना।

### सावधानी ही बचाव है

विशेषज्ञों का कहना है कि 40 की उम्र पार करने के बाद हर व्यक्ति को नियमित अंतराल पर आंखों के प्रेशर की जांच करानी चाहिए। विशेष रूप से वे लोग जिनके परिवार में इसकी हिस्ट्री रही है, उन्हें सतर्क रहने की जरूरत है। ग्लूकोमा का कोई पूर्ण इलाज नहीं है, लेकिन आई ड्रॉप्स, लेजर या सर्जरी के जरिए दबाव को नियंत्रित कर अंधेपन को रोका जा सकता है।



पन्नों पर आया नई पीढ़ी का प्यार

# किताबों का ख़ज़ाना... खुल गया सिम सिम

बुक फेयर में कहीं किताबों का लॉन्च तो कहीं खाने के लुत्फ, कहीं इंफ्लुएंसर्स से रूबरू होने की चाहत, तो कहीं पसंदीदा राइटर से किताब पर दस्तखत करा लेने की कोशिश। NBT की GenZ बुक फेयर के पहले दिन से कुछ किस्से समेटकर आपके लिए लाई है। आइए जानते है, कहां क्या देखा ताकि अगर आप जाने का प्लान कर रहे हैं तो एक पिक्चर आपके जहन में पहले से रहे।

**GenZ की नज़र से स्पेशल कवरेज**



Photos: PTI

## वर्ल्ड बुक फेयर के पहले दिन उमड़ा लोगों का हुजूम

■ राम त्रिपाठी, नई दिल्ली: 53वें नई दिल्ली वर्ल्ड बुक फेयर का शनिवार को शुभारंभ होने के साथ ही पहले ही दिन पुस्तक प्रेमियों के हुजूम ने स्टॉलों में रौनक बिखेर दी। भारत मंडपम में शुरू हुए फेयर में आने वालों की संख्या दोपहर 2 बजे के बाद तेजी से बढ़ी। एक अनुमान के मुताबिक शाम 5 बजे तक फेयर देखने 80 हजार के करीब लोग आए। 18 तारीख तक चलने वाले बुक फेयर में इस बार कोई टिकट नहीं है। फेयर में लगे 3 हजार से अधिक स्टॉल में से लगभग सभी में अच्छी संख्या में पुस्तक प्रेमी मौजूद थे। अंग्रेजी प्रकाशकों के स्टॉल पर भीड़ थोड़ी अधिक देखी गई। फेयर के आयोजक नैशनल बुक ट्रस्ट के अधिकारी और प्रकाशकों का मानना है कि रविवार को पुस्तक प्रेमियों की संख्या रिकॉर्ड तोड़ सकती है।

## स्मार्टफोन से आगे जहां और भी हैं

Abhishek.Upadhyay1@timesofindia.com

■ भारत मंडपम में आयोजित दिल्ली पुस्तक मेला 2026 में जैसे ही कदम रखा, सबसे पहले कानों में जो आवाजें टकराईं, वह पन्नों के पलटने की थीं। नन्हें उंगलियों से लेकर हाथ में एक ही तरह के दृश्य युवा की भीड़ का था। कॉलेज बैग टांगे छात्र, दोस्तों के साथ घूमते स्कूल के बच्चे और किताबों के बीच में खोए पाठक। कोई पसंदीदा लेखक खोज रहा था, कोई नई विधाओं की अलमारियों में झांक रहा था। दुनिया भले डिजिटल की खास लग रही हो, लेकिन यहां जेन-ज़ी पीढ़ी से हुई, जिसे मोबाइल में गुम रहने का ताना मिलता है। बलूमवरी की प्रेजेंट मैनेजर आरजू ने पहले दिन के रुझान पर बात करते हुए कहा, 'फिक्शन इस बार ज्यादा कर रहा है, नॉन-फिक्शन में थोड़ी गिरावट है। लेकिन सबसे अहम बात यह है कि जेन-ज़ी पढ़ रहा है।' उनके मुताबिक, यह पीढ़ी स्मार्ट खरीदार है। पहले रिसर्च, फिर खरीद।


■ पन्नों की आवाज और युवाओं की भीड़ ने बता दिया कि पढ़ना अब फिर से ट्रेंड में है

■ जिस पीढ़ी को स्क्रीन में खोया कहा जाता है, वही GEN-Z किताबों के स्टॉल पर आगे दिखी

■ भीड़ भरे मेले में किताबों के बीच अपना 'सुकून वाला कोना' भी खोजते दिखे लोग

मैनेजर ने तो अपनी बात कह दी लेकिन मैं एक कोने में खड़ा हुआ और देखने लगा कि लोग किस किताब के पास ज्यादा रुकते हैं। कुछ लोगों का दिल क्लासिक नॉवेल्स को देखकर ज्यादा फिसल रहा था तो कुछ नॉन फिक्शन को देखकर रुक जा रहे थे, लेकिन इस सबके के बीच एक किताब थी, जो लगातार सबके आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी, खासकर लड़कों का। विराट कोहली के कवर के साथ एक किताब, उनकी कहानी और उनकी मौजूदगी हर गुजरते पाठक को एक पल के लिए रोक ही ले रही थी। हार्पर कॉलिन्स के अधिकारी ने भी इसी रुझान की पुष्टि की। उन्होंने बात करते हुए कहा, 'युवा पाठक अब केवल ट्रेंड के भरोसे नहीं, बल्कि अपनी रुचि और जरूरत के हिसाब से किताबें चुन रहे हैं।'

**इंफ्लुएंसर्स की किताबों की मांग:** आरजू ने यह भी माना कि सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स द्वारा लिखी गई किताबों की मांग तेजी से बढ़ी है। युवा पाठक उन चेहरों को पढ़ना चाहते हैं, जिन्हें वे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर फॉलो करते हैं। इंफ्लुएंसर अनुराग माइनस वर्मा और रिया चोपड़ा ने हाल ही में किताबें लिखी हैं, जिन्हें GEN-Z जनरेशन पढ़ रही है। हालांकि, इसके साथ-साथ फिक्शन, नॉन-फिक्शन, सेल्फ-हेल्प और इतिहास जैसी कैटिगरी में भी अच्छी बिक्री देखने को मिल रही है।




## दोस्त के लिए ले गया 'आधा गांव'

Devid.Sharma@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: वीकेंड पर ठंड और हल्की धूप के बीच लोग बुक फेयर में खूब खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। फेयर के पहले दिन लोग किताबों के साथ अपना रिश्ता तलाशते दिखे। किसी के हाथ में हिंदी के क्लासिक उपन्यास थे तो कोई नई किताबों की खुशबू में खोया था। हिंदी के बड़े पब्लिकेशन्स राजकमल, हिंदी युग्म, राजपाल एंड संस और वाणी पर सभी उम्र के लोग अपनी पसंद खोजते दिखे।


■ कहीं अपने किसी खास को गिफ्ट करने के लिए, तो कहीं अपनी पसंदीदा किताब की तलाश थी जारी

■ क्लासिक उपन्यासों से लेकर ट्रैवल किताबों तक, हर हाथ में एक अलग दुनिया थी

■ उम्र चाहे 21 हो या 52, किताबों से जुड़ाव सबके हर चेहरे पर नजर आया

समीर (21) यहां अपने दोस्त की कॉल पूरी करने के लिए आए हैं। उनको किताबों में खास दिलचस्पी नहीं है। इसके बावजूद उन्होंने अपने खीसे में कई किताबें इकट्ठा कर रखी हैं। इनमें राही मासूम रजा की 'आधा गांव', अज्ञेय की 'शेखर-एक जीवनी' और हजारी प्रसाद द्विवेदी की 'बाणभट्ट की आत्मकथा' शामिल थी। समीर ने कहा कि वो बनारस में अपने दोस्त के लिए ये खरीदारी कर रहे हैं। उन्होंने हंसते हुए कहा कि वो दोस्त के लिए फेयर से किताबों का कम से कम आधा गांव समेटकर ले जाना चाहते हैं।

किताबों को खुद के अंदर झांकने का एक जरिया माना जाता है। इसी अपनेपन को ढूंढने के लिए इटावा के तरुण (32) यहां आए हैं। वे इटावा के पोस्ट ऑफिस में पोस्ट मास्टर के तौर पर काम कर रहे हैं। उनकी दिलचस्पी खास तौर पर ट्रैवलिंग से जुड़ी किताबों में दिखी। उन्होंने अनुराधा बेनीवाल की 'लोग मुझमें रह गए' और उमेश पंत की 'दूर दुर्गम दुरुस्त' खरीदने के लिए अपने पास रखी हुई थी। इसके अलावा उनके हाथ में अज्ञेय की 'नदी के द्वीप' भी दिखी। कुछ देर उनसे बातचीत लगा कि वो भी अपने लिए एक अलग द्वीप चाहते हैं। इस दुनिया में ही हम लोगों के बीच ऐसा द्वीप, जिसमें सबकी निजता बची रहे। मेले में सभी उम्र के लोग टहलते दिखे। 52 साल के रूपचन्द्र हिंदी पब्लिकेशंस पर नॉन फिक्शन के जुड़ी किताबें ढूंढते नजर आए। हालांकि उनके हाथ में हिंदी की फिक्शन से जुड़ी क्लासिकल किताबें ही दिखीं। एक गेमिंग कंपनी में कॉन्टेंट क्रिएटर के तौर पर काम करने वाली संचिता (27) ने बताया कि यहां वो सब कुछ एक्सप्लोर करने आई हैं। उन्होंने कहा कि सब तरह की किताबों को देखकर उनका मन मचल जाता है।




**भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद की नई किताब 'कुडोपली की वीर गाथा** 1857 की अनकही कहानी' का केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को विमोचन किया। नैशनल बुक ट्रस्ट ने बंगाली, असमिया, पंजाबी, मराठी, मलयालम, उर्दू सहित 9 भारतीय भाषाओं और एक अंतरराष्ट्रीय भाषा (स्पेनिश) में इसका प्रकाशन किया है। इससे पहले हिंदी, अंग्रेजी और ओड़िया में यह किताब प्रकाशित हो चुकी थी। इस बीच हॉल नं 4 में फेयर में भाग ले रहे 35 देशों के स्टॉल में स्पेन ने बांस के बबूओं से स्टॉल बनाया है। ऊंचे बबूओं के कारण दूर से ही दिखाई दे रहे स्टॉल को देखने उत्सुकतावश पुस्तक प्रेमी यहां पहुंचते दिखे।

## केंद्रीय मंत्री ने किया उद्घाटन

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कतर के संस्कृति मंत्री अब्दुलरहमान बिन हमद बिन जसीम, स्पेन के संस्कृति मंत्री अर्नेस्ट उर्टासुन डोमेनेच और अन्य विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में वर्ल्ड बुक फेयर का उद्घाटन किया। फेयर की थीम 'भारतीय सैन्य इतिहास: शौर्य और विवेक @ 75' तथा कतर और स्पेन जैसे देशों की सहभागिता इस सांस्कृतिक एवं साहित्यिक आयोजन को अंतरराष्ट्रीय महत्व प्रदान करती है। शिक्षा मंत्री ने फेयर के आयोजन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पढ़ने की संस्कृति को जन आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## किताबों की मुंह दिखाई की रस्म में ज़रूर-ज़रूर आना

Mohd.Asgar@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सोचा था, जिन किताबों की मुंह दिखाई की रस्म, यानी लॉन्चिंग हो रही है, उनके बारे में अच्छे से बताया जाएगा, मगर पहले दिन किताबों के लॉन्च कम ही थे। हॉल नंबर 2-3 के स्टॉल नंबर Q-4 पर पवन तिवारी की पहली किताब का लॉन्च हो रहा था- ऑफिस स्पार्क... ये किताब कॉर्पोरेट ऑफिस में कलीग के बीच अंकुर पनपने वाले एक सहज आकर्षण पर लिखी गई है। इससे आगे बढ़े तो 'अनबाउंड स्क्रिप्ट' के स्टॉल पर पहुंचे। वहां किताबों के कवर और टाइटल देखकर बात कर रहे थे कि अब किताबों के नाम कितने अद्भुत आने लगे हैं। जैसे दिलवाली जादूगरनियां, जादू की पड़ी... तभी एक जादू जैसा किस्सा अपने साथ हो गया। लड़की हाथ में किताब थामे हुए करीब आकर बोली, एक्सक्यूज मी सर! प्लीज किताब पर साइन कर दीजिए। मैं चौंक गया। मगर क्यों? जवाब था- सर ये आपकी किताब है। लड़की (भावना) ने राइटर का फोटो दिखाते हुए कहा, ये आप ही तो हैं। मैंने कहा- मैं नहीं मेरा जैसा कोई और शख्स है। अब दोनों ही हैरान होते हुए हंस पड़े। अनबाउंड स्क्रिप्ट पर राइटर टॉक चल रही थी। उनसे सवाल हुआ कि आप अपनी किताब पर फिल्म बनते देखना चाहेंगी? तो जवाब था- राइटर खुला आसमान छोड़ता है। मगर फिल्म एक नजरिये में बांधकर पेश कर देती है। चाचा चौधरी के स्टॉल पर कॉमिक्स कैरेक्टर साबू का एक बड़ा कटआउट लगा था। एक शख्स तो बेहद ही एक्साइटेड होते हुए बोला- यार अपने बचपन में लौट आया हूं। वहीं, हिंदी युग्म पर भावुक पल भी दिखा, जब इस दुनिया से विदा हुए साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के बेटे शाश्वत गोपाल ने रिबन काटकर उद्घाटन किया।

■ लेखक जैसा चेहरा देखकर लड़की मांग बैठी ऑटोग्राफ, बुक फेयर में हुआ एक मजेदार किस्सा




## किताब में सेहत के टिप्स

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली




थायरॉइड के एक्सपर्ट डॉ अशोक झिंगन की किताब 'आपका थायराइड और जीवन मधुमेह के संग' का विमोचन शनिवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में हुआ। इस किताब का प्रकाशन कॉर्पोरेट पब्लिकेशन्स द्वारा किया गया है। डॉ अशोक झिंगन के मुताबिक, आप और आपका थायराइड में थायराइड रोग के इलाज, लक्षण, दवाइयां कब और कैसे लें और मरीजों को होने वाली आम समस्याओं को बहुत ही सरल और आम भाषा में समझाया गया है। उन्होंने बताया कि आज के समय में यह किताबें अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. टीएस. क्लेर और मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर के जॉइंट सेक्रेटरी मधुकर कुमार भगत मौजूद रहे।




## इस वर्कशॉप में सीखें पुराने कपड़ों का नया इस्तेमाल

एनबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लाया है अपसाइकलिंग क्लोद्स वर्कशॉप जिसमें फैशन डिजाइनर और ब्रैंड अनुभा की फाउंडर अनुभा नाविकर आपको बताएंगी कि इस साल कौन सा फैशन स्टेंग ट्रेंड में। इसके साथ वह यह भी बताएंगी आप कैसे अपने पुराने कपड़ों को नए फैशन में ढालकर इस्तेमाल कर सकते है और उनका क्या-क्या इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें हिस्सा लेने के लिए आपको करवाना होगा बस रजिस्ट्रेशन।

NBT रंगमंच Club



अनुभा नाविकर, फाउंडर, ब्रैंड अनुभा

**तारीख:** 15 जनवरी 2026
**टाइम:** 3 बजे से 4 बजे
**वेन्यू:** टाइम्स हाउस 7, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली
**फीस:** निःशुल्क

इस वर्कशॉप में हिस्सा लेने के लिए +91 7003890071 पर फोन करें या वॉट्सऐप करें।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा संख्या | 333507 | | |
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | कार्यशाला परिसरों और भवनों में सामान्य बिजली आपूर्ति के संचालन और रखरखाव का प्रावधान, जिसमें मौजूदा विद्युत उपकरणों की मरम्मत और (आवश्यकतानुसार) छोटे-मोटे नए इंस्टॉलेशन शामिल हैं। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,70,46,806.25 जीएसटी @ 18% सहित | | |
| बयाना राशि | ₹2,35,200/- | निविदा फॉर्म का मूल्य | शून्य |
| कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से अठारह महीने | | |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 04.02.2026 खुलने का समय 15:00 बजे। | | |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है | | |

यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा।

पत्र सं.: 333507 दिनांक 10.01.2026 115/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**पहचान के लिए अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम: अज्ञात, पुत्र अज्ञात, पता: अज्ञात जोकि दिनांक 06.01.2026 को केएम पोल नं. 15/33-31, इंदिरा पार्क, सागरपुर, दिल्ली में मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में DD No. 01A, दिनांक 06.01.2026 पुलिस थाना दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे अज्ञात व्यक्ति की पहचान दी गई है:

नाम: अज्ञात, उम्र: 25 वर्ष, कद: 5'6", रंग: गेहुँआ, चोट: बायां हाथ कटा हुआ, पहनावा: सफेद रंग की शर्ट और नीले रंग की पैंट।

अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
पुलिस थाना दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन: 011-25688505, 9968217252

DP/445/Rly/2026



**पहचान की अपील**



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम: नामालूम पुत्र: नामालूम निवासी: नामालूम, उम्र: लगभग 30 वर्ष, कद : 5.6 फुट, रंग: गेहुआ, पहचान: दाहिनी बांह पर टैटू गुदा हुआ है, जो हरे रंग का लोअर पहने हुए, माता मंदिर रेड लाइट, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली से बेहोशी की हालत में मिला, जिसे अपोलो हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। इस संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 05/2026 धारा 281/125(ए) भारतीय न्याय संहिता दिनांक 06.01.2026 को थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस अज्ञात व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:-

ई-मेल: cic@cbi.gov.in
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
फैक्स: 24368639,
दूरभाष: 24368638/24368641

थानाध्यक्ष: थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्लीदूरभाष सं.: 9992309767

DP/466/SE/2026



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत जैसलमेर**

Phone No.- 02992-251808, E mail ID- sephedjsm@yahoo.com, secircle.jsl.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक-वृत/ जैसलमेर/ निविदा / 2025-26 / 7640-51 दिनांक:- 24.12.2025

बिड आमंत्रण सूचना (NIB) संख्या 06 / 2025-26

NIB code PHE2526A4959

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु दर संविदा के आधार पर राज्य सरकार के नियमों के अंतर्गत पंजीकृत/ अपंजीकृत एवं केन्द्र / राज्य सरकार के अधिकृत विभागों/ संस्थानों, केन्द्रिय लोक निर्माण विभाग, रेल, डाक, दूरसंचार विभागों में पंजीकृत/अपंजीकृत संवेदकों से ई-निविदा प्रक्रिया द्वारा निम्न ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है

| बिड संख्या | UBN NUMBER | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि (रुपये) 2 प्रतिशत | बिड शुल्क (रुपये) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | बिड संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6(1) 2025-26 | PHE2526WSRC10204 | 200.00 | 4,00,000/- | 3000/- | 2000/- | 12 माह |
| 6(2) 2025-26 | PHE2526WSRC10205 | 200.00 | 4,00,000/- | 3000/- | 2000/- | 12 माह |
| 6(3) 2025-26 | PHE2526WSRC10206 | 200.00 | 4,00,000/- | 3000/- | 2000/- | 12 माह |
| 6(4) 2025-26 | PHE2526WSRC10207 | 100.00 | 2,00,000/- | 2000/- | 1500/- | 12 माह |
| 6(5) 2025-26 | PHE2526WSRC10208 | 100.00 | 2,00,000/- | 2000/- | 1500/- | 12 माह |
| 6(6) 2025-26 | PHE2526WSRC10209 | 50.00 | 1,00,000/- | 1000/- | 500/- | 12 माह |
| 6(7) 2025-26 | PHE2526WSRC10210 | 200.00 | 4,00,000/- | 3000/- | 2000/- | 12 माह |
| 6(8) 2025-26 | PHE2526WSRC10211 | 150.00 | 3,00,000/- | 3000/- | 2000/- | 12 माह |
| 6(9) 2025-26 | PHE2526WSRC10212 | 150.00 | 3,00,000/- | 3000/- | 2000/- | 12 माह |

| | | |
|---|---|---|
| ऑन लाईन निविदा डाउनलोड /अपलोड करने के अंतिम तिथि एवं समय | : | 27.01.2026 को 06:00 पी.एम. तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | 28.01.2026 को 02:00 पी.एम. |

शर्तें :-

बिड से संबंधित समस्त विवरण वैबसाईट www.dipronline.org, sppp.raj.nic.in and eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

Sd/-
अधीक्षण अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, वृत-जैसलमेर

DIPR/C/32/2026



**झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची**

(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉर्पोरेट पहचान सं० -U51228JH2010SGC014519,

TIN No - 20520108277

E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.com

उत्पाद भवन, भूतल, नवीन पुलिस केंद्र के समीप कॉंके रोड, राँची- 834008

अति अल्पकालिन ई-आमंत्रण पत्रांक सं०-JSBCL/01 दिनांक- 10.01.2026

इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु अति अल्पकालिन ई-आमंत्रण सूचना

झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची

मदिरा संचयन गोदाम हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु अति अल्पकालिन ई-आमंत्रण सूचना

| क्र०सं० | विवरणी | अनुसूचित |
|---|---|---|
| 1 | इच्छा की अभिव्यक्ति के प्रपत्र को वेबसाईट https://jharkhand tenders.gov.in एवं http://jsbcl.in पर अपलोड करने की तिथि | दिनांक- 12.01.2026 |
| 2 | इच्छा की अभिव्यक्ति को ऑनलाईन https://jharkhandtenders.gov.in के माध्यम से जमा करने की प्रारंभिक तिथि | दिनांक- 13.01.2026 |
| 3 | इच्छा की अभिव्यक्ति को Online रूप से जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक- 19.01.2026 के अपराह्न 06.00 बजे तक |
| 4 | इच्छा की अभिव्यक्ति को ऑनलाईन माध्यम से तकनीकि बिड खोलने की तिथि | दिनांक- 21.01.2026 के अपराह्न 04:00 बजे |

नोटः- (1) इच्छा की अभिव्यक्ति की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु https://jharkhandtenders.gov.in एवं http://jsbcl.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

(2) इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन ऑनलाईन https://jharkhandtenders.gov.in माध्यम से ही स्वीकार की जायेगी एवं इसकी भौतिक प्रति राँची स्थित झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड मुख्यालय में जमा की जानी है।

ह०/- महाप्रबंधक (संचालन)
झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, राँची

PR 370578 Excise (25-26)_D



**भारतीय रेल**
**पटियाला लोकोमोटिव वर्क्स**
पटियाला-147003
फोन: 2396000, 2396001 फैक्स: 91-0175-2396413

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा आमंत्रण सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, पटियाला रेल इंजन कारखाना, पटियाला द्वारा निम्नलिखित इलेक्ट्रॉनिक निविदाएं आमंत्रण की जाती है।

ई-निविदा सूचना संख्या: 39 ईटी/2025-26

| क्र. सं. | निविदा सं. | विवरण एवं विशिष्टी सं. | मात्रा | निविदा बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12251440 | मटीरियल फॉर कॉस्टिंग/ सिंटेरिंग पाउडर बेस्ड मास्कट, ... | 582743.5 ग्राम्स | 22.01.2026* |
| 2 | 21251123A | अर्थ रीटर्न ब्रश | 1136 नंबर्स | 06.02.2026** |
| 3 | 21251300 | दो तरह की मोटराइज्ड ब्लोअर सेट असेंबली WAP-7 लोको के लिए 133 नंबर्स और WAP-9 लोको के लिए 150 नंबर्स | 283 नंबर्स | 29.01.2026 |

निविदाओं का समापन समय 15:00 बजे है।

*लगी हुई मदें बी.एल.डब्ल्यू. फर्मों से खरीदने के लिए हैं। **लगी हुई मदें सी.एल.डब्ल्यू. फर्मों से खरीदने के लिए है। उत्तरदायी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि मदों का विस्तृत विवरण तथा निविदा दस्तावेज और निविदा शर्तें http://www.ireps.gov.in या पटियाला रेल इंजन कारखाना, पटियाला की वेबसाइट http://www.plw.indianrailways.gov.in से देखी जा सकती हैं। कृपया नोट करें कि निविदाकर्ता अपनी कोटेशन केवल http://www.ireps.gov.in से ही भेज सकते हैं।

शुद्धि पत्र निविदा सूचना संख्या 36 ET/2025-26

1. निविदा संख्या 21251309 की बंद होने की तिथि को 20.01.2026 पढ़ी जाए।
2. निविदा संख्या 02251369 की बंद होने की तिथि को 23.01.2026 पढ़ी जाए।

114/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**स्पेशल टास्क फोर्स ( एस0टी0एफ0 ), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।**

टीसी-33, वी-2, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ-226010
फोन/फैक्स नं0-0522-2721100, ई-मेल: stf@upstf.com

संख्या: एसटीएफ-अ-103/2025(01) दिनांक: जनवरी 08, 2026

**जेम (GeM) कस्टम निविदा सूचना**

उ0प्र0 विशेष सुरक्षा बल हेतु निम्नांकित शस्त्रों के क्रयार्थ जेम पोर्टल पर कस्टम बिड प्रकाशित की गयी है, जिनका विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | शस्त्रों का विवरण | बिड संख्या | प्रकाशित होने की तिथि | निविदा बन्द होने की तिथि/समय | निविदा खुलने की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | Light Machine Gun (LMG) | GEM/2026/B/7077521 | 08.01.2026 | 23.01.2026/ 19:00 | 23.01.2026/ 19.30 |

उक्त शस्त्र के क्रय हेतु जेम की नियम व शर्तें एवं विभाग द्वारा निर्धारित नियम व शर्तें लागू होंगी, जो UP Police की Website - https://uppolice.gov.in पर भी देखा जा सकता है। बिड में उल्लिखित क्रय संबंधी समस्त नियम व शर्तों को पूरा करने वाली फर्मों द्वारा निविदा में प्रतिभाग किया जा सकेगा।

पुलिस उपमहानिरीक्षक/
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
स्पेशल टास्क फोर्स, उ0प्र0,
लखनऊ।

UPID-243785/09.01.2026 www.upgov.nic.in



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

संख्या: जीएसयू/सीपीएम/जयपुर/ निविदा सूचना/25-26, दिनांक 08.01.2026

मुख्य परियोजना प्रबंधक गति-शक्ति उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रारूपों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा संख्या/कार्य का नाम: गति-शक्ति/इंजी./जे पी/2025-26/26; उप मुख्य अभियंता (जी.एस.यू) जयपुर- जयपुर मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर अतिरिक्त प्लेटफार्म शैल्टर प्रदान करने का कार्य। अनुमानित लागत रुपये: 26,63,31,570.26; बयाना राशि रुपये: 14,81,700/-. 1. उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड-मुख्य परियोजना प्रबंधक गति-शक्ति उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। 2. निविदा सं. गति-शक्ति/इंजी./जेपी/2025-26/20 की बन्द होने की तिथि 30.01.26 समय 15.30 बजे एवं खुलने की तिथि 30.01.26 समय 16.00 बजे।

58-PM/26

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH07 User: cci Time: 01-10-2026 23:15 Color:



युवती को ढूंढ निकाला

## महिला की हत्या, बेटी के अपहरण में आरोपी अरेस्ट

■ NBT न्यूज़, मेरठ: सरधना के कपसाड़ गांव में तीन दिन पहले हुई दलित महिला की हत्या और बेटी की किडनैपिंग में पुलिस ने मुख्य आरोपी पारस सोम को शनिवार शाम गिरफ्तार कर लिया। साथ ही युवती को भी सुरक्षित बरामद कर लिया है। मेरठ और सहारनपुर पुलिस की कार्रवाई से यह सफलता मिली है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की गिरफ्तारी हरिद्वार में हुई है। गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। बिना जांच किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं है।

बीजेपी के पूर्व विधायक संगीत सोम पीड़ित परिवार से मिले और न्याय का भरोसा दिलाया। पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे नगीना से आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आजाद को पुलिस ने गाजियाबाद में रोक दिया। लेकिन, पुलिस को चकमा देकर वह गनर के साथ बाइक से मेरठ के काशी टोल प्लाजा तक पहुंच गए। वहां तैनात पुलिस बल ने चंद्रशेखर को आगे बढ़ने से रोक लिया। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन और कार्यकर्ताओं को भी पुलिस ने परतापुर में काशी टोल प्लाजा पर रोका।

## अलमोंट सिरप पर तेलंगाना में रोक

■ भाषा, हैदराबाद : केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की चेतावनी के बाद तेलंगाना औषधि नियंत्रण प्रशासन (डीसीए) ने अलमोंट-किड सिरप के इस्तेमाल पर तुरंत रोक लगाने का नोटिस जारी किया है। यह सिरप बच्चों में एलर्जी, एलर्जिक बुखार और अस्थमा के इलाज में आम तौर पर यूज किया जाता है। डीसीए ने बताया कि लैब रिपोर्ट में इस सिरप में एथिलीन ग्लाइकॉल की मिलावट पाई गई है। यह एक बेहद जहरीला पदार्थ है।

# सोमनाथ पहुंचे पीएम, रोड शो जैसा नज़ारा

## हेलीपैड से सर्किट हाउस के रास्ते में उमड़ी भारी भीड़




ओंकार मंत्र का जाप कर मंदिर परिसर में ड्रोन शो में हुए शामिल, आज भी कई कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे

■ पीटीआई, वेरावल (गुजरात)

**पीएम नरेंद्र** मोदी शनिवार को 3 दिन के गुजरात दौरे पर सोमनाथ पहुंचे। वहां वह 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' और वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस सहित कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने सोमनाथ महादेव मंदिर के पास हेलीपैड पर पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। हेलीपैड से मोदी अपने काफिले के साथ मंदिर के पास वीवीआईपी सर्किट हाउस पहुंचे। सड़क के दोनों तरफ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और श्रद्धालु स्वागत करने के लिए जमा थे। पीएम मोदी ने X पर लिखा, 'सोमनाथ आकर वह धन्य महसूस कर रहे हैं। सोमनाथ हमारी सभ्यता के साहस का प्रतीक है। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब देशभर में वर्ष 1026 में सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले हमले के 1,000 साल पूरे होने पर स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है।'

रात को पीएम ने सोमनाथ मंदिर में ओंकार मंत्र का जाप किया। इसके बाद मंदिर परिसर में ड्रोन शो में शामिल हुए। इसमें करीब 3,000 ड्रोन के जरिये मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों को दर्शाया गया। रविवार सुबह वह 9:45 बजे 'शौर्य यात्रा' में शामिल होंगे। यात्रा सोमनाथ मंदिर की रक्षा में जान देने वीरों के सम्मान में निकाली जा रही है।

### भारत के युवाओं में अद्भुत जोश-जज्बा : PM

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत के युवा अपनी बेजोड़ ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ मजबूत और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की प्रेरक शक्ति हैं। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की ओर से X पर की गई पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए पीएम बोले, 'अद्भुत जोश और बेमिसाल जज्बे से भरी हमारी युवा शक्ति सशक्त और समृद्ध राष्ट्र के लिए संकल्पबद्ध है।' पीएम मोदी 12 जनवरी को 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' में युवा नेताओं को संबोधित करेंगे। पीएम ने कहा कि इस समिट में देशभर के युवाओं से संवाद को लेकर बेहद उत्सुक हूं। देश के युवा विकसित भारत@2047 के विजन को आगे बढ़ाने वाले दस प्रमुख राष्ट्रीय विषयों के बारे में पीएम मोदी के सामने अपनी बात रखेंगे। पीएम उनसे बातचीत करेंगे। केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया का कहना है कि संवाद, नवाचार और राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ सीधे जुड़ाव के माध्यम से, यह प्लेटफॉर्म विकसित भारत@2047 का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाता है।

उधर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल शनिवार को इस समिट में शामिल हुए। विकसित भारत प्रदर्शनी में केंद्रीय मंत्रालयों की पहलों को दिखाया जाएगा। इसमें शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता, नवाचार और संस्कृति में अवसरों की जानकारी दी जाएगी। प्रतिभागी प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय का गाइडेड टूर भी करेंगे।

### कल जर्मनी के चांसलर से द्विपक्षीय बातचीत

रविवार दोपहर पीएम राजकोट में कच्छ और सौराष्ट्र इलाके के लिए वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेंगे। ट्रेड शो का उद्घाटन करेंगे और 14 नए ग्रीनफील्ड जीआईडीसी एस्टेट्स व राजकोट के मेडिकल डिवाइस पार्क की घोषणा करेंगे। सोमवार को पीएम मोदी जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज का स्वागत करेंगे। दोनों नेता साबरमती आश्रम जाएंगे और अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में शामिल होंगे। इसके बाद द्विपक्षीय बातचीत भी होगी।

## 'सरकारी संस्थान से कोर्स करने भर से नियुक्ति नहीं'

■ NBT, रिपोर्ट, नई दिल्ली : सरकारी संस्थान से कोई कोर्स कंप्लीट कर लेना, अपने आप में किसी सरकारी पद पर नियुक्ति की वैध अपेक्षा नहीं हो सकती है। वह भी तब, जब नीति और भर्ती ढांचे में परिवर्तन हो चुका हो। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस राजेश बिंदल और जस्टिस मनमोहन की अगुआई वाली बेंच ने यूपी राज्य की उस याचिका को स्वीकार करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट ने प्रतिवादियों को केवल इस आधार पर नियुक्ति देने का निर्देश दिया था कि उन्हें ट्रेनिंग कोर्स में प्रवेश मिलने के बाद रोजगार की वैध अपेक्षा थी। सर्वोच्च अदालत ने 8 जनवरी को फैसले में कहा कि सरकारी कोर्स में प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थियों को केवल पूर्व प्रथा के आधार पर कोई निहित अधिकार प्राप्त नहीं होता, खासकर तब, जब बाद में नीति में बदलाव हो और पात्र अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ जाए।

## डंपर पर रोड टैक्स नहीं : SC

■ NBT, रिपोर्ट, नई दिल्ली : एक्सकावेटर, डंपर, लोडर और डोजर जैसी हैवी मशीनरी गाड़ियों पर रोड टैक्स लागू नहीं होगा। क्योंकि, मोटर वाहन अधिनियम की धारा 2 (28) के तहत ये मोटर वाहन नहीं माने जाएंगे। एक सीमेंट कंपनी की याचिका स्वीकार करते हुए जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस की बेंच ने यह टिप्पणी की। साथ ही गुजरात हाई कोर्ट के उस निर्णय को रद्द कर दिया, जिसमें इस प्रकार के वाहनों पर सरकार की करोड़ों रुपये के रोड टैक्स की मांग को सही ठहराया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम इस निष्कर्ष पर हैं कि अपीलकर्ताओं की ओर से उपयोग किए गए वाहन विशेष प्रकार के हैं, जो विशेष रूप से निर्माण उपकरण वाहन हैं। ये औद्योगिक क्षेत्र/बंद परिसरों में ही इस्तेमाल होते हैं।

> एक सीमेंट कंपनी की याचिका स्वीकार कर कोर्ट की टिप्पणी


POCSO का दुरुपयोग रोकने को लाएं रोमियो-जूलिएट क्लॉज : SC

# 'मर्ज़ी से रिलेशन बनाने वाले किशोर किशोरियों को मिले मुकदमे से छूट'

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि केंद्र सरकार POCSO एक्ट में एक 'रोमियो-जूलियट' क्लॉज लाने पर विचार करे, ताकि सहमति से संबंध बनाने वाले किशोरों को मुकदमे से छूट मिले। भले ही वे सहमति की वैधानिक आयु (18 साल) से कम के हों और उनके बीच आयु का अंतर बहुत कम हो। पॉक्सो एक्ट के कई बार बेजा इस्तेमाल पर सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट पहले भी कई बार टिप्पणी कर चुके हैं। यह आदेश इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक फैसले को चुनौती वाली याचिका पर आया, जिसमें हाई कोर्ट ने एक किशोर को जमानत देते हुए जांच एजेंसियों को जांच के प्रारंभिक चरण में ही पीड़िता की आयु निर्धारित करने के लिए बोन एज (उम्र का पता लगाने के लिए मेडिकल टेस्ट) जैसे जांच कराने के व्यापक निर्देश दिए थे। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद इस कानून में सहमति की उम्र सीमा पर फिर से बहस छिड़ गई है। 18 साल से कम उम्र के किशोर-किशोरियों से किसी भी तरह का सेक्सुअल असॉल्ट पॉक्सो के दायरे में आता है। इस कानून के तहत 18 साल से कम उम्र के लड़के या लड़की दोनों को ही सुरक्षा दी गई है। इस तरह के मामलों की सुनवाई स्पेशल कोर्ट में होती है और दोषी के लिए उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। 18 साल से कम उम्र में मर्जी से भी बनाया गया सेक्सुअल रिलेशन भी अपराध है, क्योंकि कानूनी तौर पर यह सहमति नहीं मानी जाती है।

### कोर्ट ने कहा- लॉ सेक्रेटरी उठाएं जरूरी कदम



जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने 9 जनवरी को दिए फैसले में कहा कि इस तथ्य को देखते हुए कि पॉक्सो के दुरुपयोग पर बार-बार न्यायिक संज्ञान लिया गया है। ऐसे में मौजूदा मामले में दिए गए फैसले की कॉपी भारत सरकार के लॉ सेक्रेटरी को भेजी जाए, ताकि इस समस्या पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर विचार किया जा सके। इसके तहत, जो वास्तविक किशोर उम्र के हैं और उनमें सहमति से संबंध बने हैं तो उनको इस कानून के कठोर शिकंजे से मुक्त करने के लिए रोमियो-जूलियट क्लॉज को शामिल करने पर विचार किया जाए। साथ ही उन व्यक्तियों के अभियोजन के लिए एक तंत्र भी बनाया जाए, जो इस कानून का उपयोग निजी रंजिशें निपटाने के लिए करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के व्यापक निर्देशों के खिलाफ यूपी सरकार की अर्जी स्वीकार कर ली और कहा कि पॉक्सो कानून पीड़ित की आयु निर्धारण की अनिवार्य प्रक्रिया निर्धारित करता है। इस प्रावधान के अनुसार, आयु का निर्धारण सबसे पहले मैट्रिकुलेशन या समकक्ष प्रमाणपत्र के आधार पर किया जाना चाहिए। यदि वह उपलब्ध न हो, तो नगर निकाय या पंचायत से जारी जन्म प्रमाणपत्र पर भरोसा किया जाना चाहिए। केवल इन दस्तावेज के अभाव में ही बोन एज टेस्ट जैसे परीक्षणों का आदेश दिया जा सकता है।



• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

जॉइंट वर्किंग ग्रुप बना, कई राज्य शामिल

# लाइव इवेंट और कॉन्सर्ट इकॉनमी के लिए सिंगल विंडो सिस्टम पर ज़ोर

AI Image



Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : देश में लाइव इवेंट उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बनाए गए जॉइंट वर्किंग ग्रुप की दो बैठकों में हुई चर्चा के बाद नए कदम उठाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। यह ग्रुप लाइव मनोरंजन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार और उद्योग को एक साथ लाने, इंडस्ट्री में बड़ी संख्या में जॉब के मौके के मिशन पर काम कर रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि ऑनलाइन सिंगल विंडो क्लियरेंस मैकेनिज्म तैयार करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्टेट नोडल ऑफिसर्स की नियुक्ति की जाए। साथ ही प्री-अप्रूव्ड वेन्यू नोटिफाई किए जाएं। पर्यटन, स्पोर्ट्स, नगर निकायों के दायरे में आने वाले इन वेन्यू के लिए मंजूरी के नियमों को सरल व पारदर्शी बनाया जाए। सचिव ने राज्यों से कहा है कि स्पोर्ट्स और कल्चरल इवेंट्स के आयोजन के लिए किराये की दरों को तर्कसंगत बनाया जाए और सुविधाओं की तैयारी पर नियमित नजर रखी जाए।

**देश के लाइव इवेंट्स उद्योग में तेजी से बढ़ोतरी :** मंत्रालय के एक सीनियर अधिकारी का कहना है कि देश का लाइव इवेंट्स उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहा है। संगठित लाइव इवेंट्स बाजार का मूल्य वर्ष 2024 में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 20,861 करोड़ रुपये तक आंका गया। लाइव इवेंट्स क्षेत्र से वर्तमान में 1 करोड़ से अधिक रोजगारों का लक्ष्य हासिल किया जा रहा है।

### सरकारों को जोड़ने के लिए बनाई LEDC


नियमों को सरल बनाने पर जोर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने लाइव इवेंट उद्योग (संगीत, खेल, थिएटर) को बढ़ावा देने और सुव्यवस्थित करने के लिए लाइव इवेंट्स डिवेलपमेंट सेल (LEDC) की स्थापना की है। यह केंद्र-राज्य सरकारों, उद्योग संघों और कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ सिंगल-विंडो सुविधा के रूप में काम करेगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के आदेश पर जुलाई 2025 में जॉइंट वर्किंग ग्रुप बना। इसमें कई राज्यों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। वर्किंग ग्रुप इन्फ्रास्ट्रक्चर, रोजगार, पर्यटन और सांस्कृतिक सॉफ्ट पावर के इंजन के रूप में कॉन्सर्ट अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मिशन मोड में काम कर रहा है। इंडिया सिने हब प्लेटफॉर्म पर लाइव इवेंट उद्योग के लिए समर्पित ऑनलाइन सिंगल विंडो क्लियरेंस मैकेनिज्म विकसित करने की प्रक्रिया चल रही है।

**भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद**
आजाद भवन, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली 110002

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर), विदेशों में स्थित भारतीय सांस्कृतिक केंद्रों के निदेशकों के पैनल में सूचीबद्ध होने के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। अधिक जानकारी के लिए कृपया क्यूआर कोड स्कैन करें या आईसीसीआर की वेबसाइट: https://iccr.gov.in/ देखें।

परिषद द्वारा प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी और केवल संक्षिप्त सूची में शामिल उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उम्मीदवारों का चयन आईसीसीआर का विशेषाधिकार होगा और इस संबंध में कोई पूछताछ स्वीकार नहीं की जाएगी।

इच्छुक उम्मीदवारों के आवेदन निर्धारित प्रारूप में संबंधित दस्तावेजों के साथ ईमेल: panel-iccdir@iccr.gov.in पर या रजिस्टर्ड डाक द्वारा महानिदेशक, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, आजाद भवन, आई.पी.एस्टेट, नई दिल्ली-110002, को 1800 hrs (IST) 02 फरवरी 2026 तक प्राप्त हो जाने चाहिए।




Electronics Service & Training Centre
Sub Centre Delhi, Ministry of MSME, Govt of India
First Floor Bi MSME DFO, Opposit L-Block Outer Circle, Connaught Place New Delhi 110001

NSQF Approved Training Courses for Diploma/ITI/Graduate/Engineering Degree

All Courses are Free For SC/ST

| Course | Duration | Fee(₹) | Eligibility |
|---|---|---|---|
| O Level | 1 year | 20000 | Intermediate/ITI (after 10th pass) |
| Jr Technician(Computer Hardware & Networking) (NSQF Level 3) | 3 Months | 20000 | 10th or Equivalent |
| Jr. Web Designer (NSQF Level 4) | 4 Months | 20000 | 12th pass or equivalent/Completed |
| 3D Animator Assistant (NSQF Level 3) | 6 Months | 30000 | 10th or Equivalent |
| Jr. Designer CAD/CAM (NSQF Level 4.5) | 6 Months | 25000 | Diploma/Degree/B.tech/in relevant field |
| Associate Developer AR/VR(NSQF Level 4) | 6 Months | 60000 | 12th pass or equivalent |
| Technician-Hand Held Products-HHP (NSQF Level 4) | 3 Months | 15000 | 12th pass or equivalent/Completed 2nd year of 3 year Diploma(after |

Registration Link: https://tinyurl.com/estcdelhi
For More Info: https://www.estcindia.com






CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH08 User: cci Time: 01-10-2026 23:23 Color:



## फटाफट खबरें

### विरासत पर रोहिणी ने 'अपनों' को घेरा

■ भाषा, पटना: राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के अध्यक्ष लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने कहा कि विरासत को खत्म करने के लिए बाहरी लोगों की जरूरत नहीं, अपने ही काफी हैं। शनिवार को उन्होंने किसी का नाम लिए बिना लिखा एक्स पर लिखा, उन लोगों के निशान मिटाने की कोशिश की जा रही है जिन्होंने एक विरासत को पहचान और अस्तित्व दिया।

### सबरीमला का अरेस्ट तंत्री अस्पताल में भर्ती

■ पीटीआई, तिरुवनंतपुरम: सबरीमला मंदिर में सोने के गायब होने के मामले में गिरफ्तार किए गए तंत्री (मुख्य पुजारी) कंदरारु राजीवरु की शनिवार को तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों के अनुसार, डॉक्टरों को उनके दिल की धड़कन में कुछ गड़बड़ी नजर आई, जिसके चलते उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है।

### तीनों राज्यसभा सीटों पर लड़ेंगे: हिमंता

■ भाषा, गुवाहाटी: असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि बीजेपी और उसके सहयोगी दल असम में इस साल अप्रैल में खाली होने जा रही राज्यसभा की तीनों सीट पर चुनाव लड़ेंगे। सरमा ने दावा किया कि दो सीट पर उनके उम्मीदवारों की जीत पक्की है, जबकि तीसरी सीट भी उनके खाते में जा सकती है।

# ममता की शिकायत पर अज्ञात ED अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू

## I-PAC प्रमुख के आवास के CCTV फुटेज से अफसरो को पहचानने की कोशिश

NBT 3 मिनट में पढ़ें



■ भाषा, कोलकाता

**कोलकाता पुलिस** ने I-PAC प्रमुख प्रतीक जैन के आवास और सलाहकार फर्म के ऑफिस से दस्तावेजों की कथित चोरी में शामिल प्रवर्तन निदेशालय (ED) के अधिकारियों की पहचान करने की प्रक्रिया शनिवार को शुरू कर दी। एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि पुलिस की कार्रवाई में दोनों जगहों पर मौजूद केंद्रीय एजेंसी के अन्य कर्मियों की पहचान करने का भी कोशिश हो रही है। अधिकारी ने बताया कि शनिवार सुबह शेक्सपियर सरणी थाने के अधिकारी जैन के आवास पर गए और सीसीटीवी फुटेज और डीवीआर रिकॉर्डिंग इकट्ठी की।

> अफसरो पर छापेमारी के दौरान पार्टी की योजना चोरी करने का आरोप है

अधिकारी ने कहा, घरेलू कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों के बयान भी दर्ज किए गए। एक बार पहचान की प्रक्रिया पूरी हो जाने पर आरोपियों को नोटिस जारी किया जाएगा।

ममता बनर्जी ने शुक्रवार को I-PAC के कार्यालय और प्रतीक जैन के आवास पर केंद्रीय एजेंसी की छापेमारी के संबंध में ईडी के खिलाफ पुलिस में दो शिकायतें दर्ज कराईं।

### रेकॉर्ड सुधार नहीं, वोटर्स के नाम काटने की प्रक्रिया है SIR: ममता

**सीएम ममता** बनर्जी ने शनिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर SIR प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया रेकॉर्ड सही करने के बजाय मतदाताओं के नाम हटाने की कवायद बना दी गई है। बनर्जी ने अपने पत्र में निर्वाचन आयोग पर राजनीतिक पक्षपात और चुनाव प्रक्रिया के दौरान मनमानी करने का आरोप लगाया।

उन्होंने तीन पन्नों के पत्र में कहा, सुनवाई की प्रक्रिया काफी हद तक मशीनी हो गई है, जो पूरी तरह से तकनीकी आंकड़ों द्वारा संचालित है और इसमें विवेक, संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण का पूरी तरह अभाव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य न तो सुधार करना है और न ही नाम जोड़ना...बल्कि केवल नाम काटना है। बनर्जी ने दावा किया कि वर्तनी या उम्र संबंधी मामूली गलतियों के कारण आम लोगों को जबरन सुनवाई, उत्पीड़न और वेतन हानि का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने शादी के बाद उपनाम बदलने वाली महिलाओं की दिक्कतों को भी रेखांकित करते हुए कहा कि उन्हें अपनी पहचान साबित करने के लिए बुलाया जा रहा है।

> CEC को पत्र लिख कहा, प्रक्रिया में मानवीय दृष्टिकोण का अभाव है

### ED-EC के दबाव में झुकेंगे नहीं: अभिषेक

**पीटीआई, साल्टोरा :** तृणमूल कांग्रेस (TMC) के नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को कहा कि बीजेपी प्रवर्तन निदेशालय (ED) और चुनाव आयोग के जरिए उनकी पार्टी को रोक नहीं सकती। उन्होंने कहा कि टीएमसी किसी भी दबाव के आगे नहीं झुकेगी। बांकुड़ा जिले के साल्टोरा में एक पार्टी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने चुनाव आयोग और ईडी पर कई आरोप लगाए। SIR को लेकर उन्होंने आरोप लगाया कि इसके नाम पर बंगालियों पर अत्याचार हो रहा है।

### TMC ने जारी किया चुनावी गीत

**तृणमूल कांग्रेस** ने शनिवार को आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए अपना चुनावी गीत जारी किया। इसमें तृणमूल ने दावा किया कि पार्टी लगातार चौथी बार सत्ता में वापसी करेगी। चुनाव प्रचार गीत की मुख्य पंक्ति कहती है, अपने ऊपर होने वाले सभी हमलों के बावजूद बंगाल फिर से जीतेगा। हम एक नए रास्ते पर एक नई दिशा के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तुम्हारा अंधकार नई सुबह के सामने हार जाएगा। इसमें राजनीतिक मुद्दों का भी जिक्र है। गाने के विजुअल्स में ममता बनर्जी को भी दिखाया गया है।

## सवाल मन का

# अक्सर जंग और हमले की खबरें सुनकर डर-सा लगने लगता है...



शरीर की बीमारी के लिए तो हम डॉक्टर के पास चले जाते हैं लेकिन मन की परेशानी के लिए मन के डॉक्टर या साइकॉलजिस्ट के पास जाने में झिझक होती है। इसलिए संडे एनबीटी के इस कॉलम में रीडर्स खुलकर अपने मन की उलझनों के बारे में सवाल पूछ सकते हैं। जाने-माने एक्सपर्ट्स उनका जवाब देंगे। आज आपके सवालों के जवाब दे रहे हैं फोर्टिस हॉस्पिटल के सीनियर कंसल्टेंट सायकायट्रिस्ट डॉ. विशाल छाबड़ा

■ अक्सर जंग और हमले की खबरें सुनकर डर-सा लगने लगता है। सोशल मीडिया हो या टीवी, जब लगातार ये खबरें दिखती हैं तो लगता है कि ये सब क्या हो रहा है। इस डर से कैसे बचा जा सकता है?

-एक पाठक

जैसे हमें हेल्दी रहने के लिए न्यूट्रिशन से भरपूर खाना खाना चाहिए ताकि शरीर में विटामिन, मिनरल्स, फाइबर्स के साथ एनर्जी की कमी न हो, उसी तरह हमें अपने मन को सेहतमंद रखने के लिए न्यूट्रिशियस मेंटल डाइट भी लेनी चाहिए। अपने मन की सेहत को दुरुस्त रखने के लिए ज्यादा कुछ नहीं चाहिए, सिर्फ पॉजिटिव सोच और पॉजिटिव एटिट्यूड रखने से काम चल जाता है।

वहीं अगर हम पूरे दिन निगेटिव न्यूज या जंग की खबरें या खतरनाक चीजें, क्राइम आदि की चीजें देखते रहेंगे तो दिमाग में भी इसी तरह के नेगेटिव विचार बनेंगे। ऐसे विचार ही हमें डराते हैं और एंग्जायटी देते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि हम इसका ध्यान रखें। ऐसा नहीं है कि हमें न्यूज नहीं देखना चाहिए, लेकिन हमारा फोकस सिर्फ यह रहना चाहिए कि आजकल क्या चल रहा है, इसके बारे में थोड़ी-सी जानकारी रखें। लेकिन पूरे दिन इसी तरह की खबरें देखना। दिनभर एक ही तरह की न्यूज को बार-बार देखना सही नहीं है। इसी तरह की खबरों के बीच रहने से स्वाभाविक तौर पर इसी तरह के नकारात्मक विचार आते हैं।

इसलिए यह जरूरी है कि ऐसी खबरों के साथ हम कुछ अच्छी पॉजिटिव चीजें भी देखें। अच्छी मूवीज देखें। कॉमिडी पसंद हो तो वह देखें। पसंदीदा गाने देखें। अपनी फैमिली के साथ हेल्दी टाइम निकालें। एक साथ बैठकर कम से कम डिनर तो जरूर करें। वॉक करें। अगर घर में पौधे लगा रखे हैं तो उनकी देखभाल में वक्त लगाएं आदि। इन सबसे घर के माहौल के साथ सोच में भी पॉजिटिविटी भी आएगी।

■ कुछ समय से मुझे जिंदगी में किसी भी चीज में दिलचस्पी महसूस नहीं हो रही है। पहले जो बातें अच्छी लगती थीं, अब उनमें मन नहीं लगता। ऐसा क्यों होता है और इससे बाहर निकलने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?

-एक पाठक

आपने जो बताया है कि आपको किसी भी चीज में दिलचस्पी महसूस नहीं हो रही है और पहले की पसंद की बातें अब अच्छी नहीं लगतीं। इस तरह की स्थिति अक्सर तनाव या डिप्रेशन के शुरुआती स्टेज पर मिलती है। लेकिन इसका यह कतई मतलब नहीं है कि आप डिप्रेशन में हैं। ज्यादातर मामलों में इस तरह की स्थिति कुछ घंटों या दिनों में अपने आप ठीक हो जाती है।

दूसरी बात यह कि मन की सेहत दुरुस्त न हो, इस बात को स्वीकार कर लेना और उसके लिए सलाह लेना ही अपने आप में बहुत बड़ी बात है। सीधे कहें तो आधी जीत तो आपने खुद ही तय कर ली है। बाकी अगर समस्या ज्यादा परेशान नहीं कर रही और आप अपने काम मन न लगने के बाद भी पूरा कर पा रहे हैं तो इस तरह की परेशानी को खुद में कुछ पॉजिटिव बदलाव लाकर बेहतर किया जा सकता है। इसके लिए अपने जीवन को कुछ अनुशासित करें। कोई आउटडोर गेम खेलें।

रात को सोने में देर न करें और सुबह जल्दी उठें। सीधे कहें तो हर दिन अपनी 6 से 8 घंटे की नींद जरूर पूरी करें। यह ध्यान रहे कि सेहतमंद नींद लेना ही स्ट्रेस और डिप्रेशन से छुटकारा की निशानी है। खानपान को दुरुस्त रखें। जंक फूड, पैक्ड फूड आदि से दूर रहें। इनके अलावा हर दिन वॉक करने और योगासन व मेडिटेशन से काफी फायदा होगा। अगर आप अपने लाइफस्टाइल में इस तरह के बदलाव नहीं कर पा रहे हैं या फिर इनसे ज्यादा फायदा नहीं हो रहा हो तो फिर किसी सायकायट्रिस्ट से मिलकर बात करें। उन्हें अपनी परेशानी विस्तार से बताएं। उनकी सलाह आपके बहुत काम आ सकती है।



**मन की उलझन**

**हमें ऐसे भेजें अपने सवाल**

*यह कॉलम आपके लिए ही है। अगर आपके मन में कोई उलझन हो या मेंटल हेल्थ से जुड़ा कोई सवाल हो तो हमें sundaynbt@timesofindia.com पर ईमेल करें या वॉट्सऐप नंबर 89298-16941 पर मंगलवार तक भेज दें। चुने हुए सवालों पर एक्सपर्ट्स से बात करके जवाब पब्लिश किए जाएंगे।*

# तालिबान ने की दिल्ली एंबेसी में पहली राजनयिक नियुक्ति

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



पिछले साल 10 अक्टूबर को तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की भारत यात्रा में इस संबंध में दोनों देशों के बीच सहमति बनी थी।

**करीब पांच** साल बाद अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पहली राजनयिक नियुक्ति की है। इस जिम्मेदारी को संभालने के लिए काबुल से मुफ्ती नूर अहमद नूर दिल्ली आ गए हैं। उन्हें चार्ज डी अफेयर्स की जिम्मेदारी दी गई है। बता दें कि इससे पहले पिछले साल 21 अक्टूबर को भारत सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए काबुल में भारत के टेक्निकल मिशन से एंबेसी का दर्जा दे दिया था। इसके साथ ही वहां चार्ज डी अफेयर के तौर पर भारतीय अधिकारी करण यादव की नियुक्त किया गया। दरअसल 10 अक्टूबर को तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की भारत यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बातचीत में इस बात पर सहमति बनी थी कि दोनों देश राजनयिक नियुक्तियों की दिशा में काम करेंगे। हालांकि भारत उससे पहले तालिबान के साथ बैकडोर इंगेजमेंट कर रहा था। मुत्ताकी ने न केवल दिल्ली में विदेश मंत्री जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बातचीत की, बल्कि इसके साथ वह देवबंद के दारूल उलूम भी गए थे। अफगानिस्तान में सत्ता संभालने के बाद किसी तालिबान से ये पहली हाई प्रोफाइल यात्रा थी। इसके तहत अक्टूबर में भारत की ओर से नियुक्ति होने के बाद अब तालिबान ने अपनी ओर अपने राजनयिक की तैनाती की है।

> तालिबान ने मुफ्ती नूर अहमद नूर को दिल्ली एंबेसी भेजा

नूर अहमद नूर अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय में फर्स्ट पॉलिटिकल डायरेक्टर रह चुके हैं। पिछले दिनों मुत्ताकी के भारत दौरे के वक्त भी वो उनके साथ थे।

# अंकिता केस में 'VIP' का नाम उजागर करने के लिए FIR दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

**उत्तराखंड के** चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में कथित 'वीआईपी' का नाम उजागर करने के लिए पर्यावरणविद पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने गृह विभाग और डीजीपी को शिकायती पत्र सौंपा। इसके बाद डीजीपी ने देहरादून के एसएसपी को जांच सौंप दी। उनके आदेश पर वसंत विहार थाना पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

> पर्यावरणविद डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने DGP को शिकायत पत्र सौंपा था

डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने शुक्रवार को उत्तराखंड के डीजीपी दीपम सेठ को पत्र लिखा था कि वर्तमान में चल रही चर्चाओं में अंकिता भंडारी हत्याकांड में कुछ अज्ञात लोगों (जिनको वीआईपी के रूप में संदर्भित किया जा रहा है) पर एक स्वतंत्र अपराध में शामिल होने का आरोप लगाया जा रहा है। अंकिता हत्याकांड में शामिल अपराधियों को सजा हो चुकी है, लेकिन कहा जा रहा है कि प्रकरण में कुछ सबूतों को छिपाया और नष्ट किया गया है। ऐसे में वीआईपी कहे जा रहे किसी अज्ञात शख्स से संबंधित इस स्वतंत्र अपराध की जांच पूरा न्याय सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

### 'VIP' की अलग से जांच करे CBI: कांग्रेस

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** कांग्रेस ने मांग की कि इस मामले में वीआईपी एंगल की अलग से निष्पक्ष सीबीआई जांच कराई जाए। कांग्रेस ने कहा कि यह जांच किसी मौजूदा जज की निगरानी में फास्ट ट्रैक मोड पर 6 महीने के भीतर पूरी की जाए। दिल्ली में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा और कांग्रेस सचार डिपार्टमेंट के सचिव वैभव वालिया ने धामी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

# रेप केस का आरोपी बना BJP पार्षद, विवाद के बाद इस्तीफा

■ भाषा, ठाणे



घटना के 44 दिन बाद तुषार आप्टे को अरेस्ट किया गया था।

**बीजेपी ने** बदलापुर में एक स्कूल में यौन उत्पीड़न से संबंधित मामले में सह-आरोपी तुषार आप्टे को ठाणे जिले की कुलगांव-बदलापुर नगर परिषद में शनिवार को मनोनीत पार्षद नियुक्त किया, लेकिन आलोचना के बाद 24 घंटे में ही इस्तीफा दे दिया। उद्धव ठाकरे और संजय राउत ने इसका कड़ा विरोध किया था।


शुक्रवार को नगर परिषद में पांच मनोनीत पार्षदों के चयन की प्रक्रिया पूरी हुई। इनमें से दो बीजेपी, दो शिवसेना और एक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) की ओर से मनोनीत किए गए। कथित यौन उत्पीड़न की घटना के समय आप्टे स्कूल का सचिव था। आप्टे पर आरोप है कि उसने इस अपराध की सूचना नहीं दी।

> कथित यौन उत्पीड़न की घटना के समय तुषार आप्टे स्कूल का सचिव था

बच्चियों के यौन शोषण के मामले में शिकायत दर्ज न करने पर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (POCSO) की धारा 21(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना के 44 दिन बाद आप्टे को गिरफ्तार किया गया और 48 घंटे में जमानत मिल गई। केस अदालत में विचाराधीन है। मुख्य आरोपी अक्षय शिंदे (24) को अगस्त 2024 में गिरफ्तार किया गया था। उस पर बदलापुर के एक स्कूल के शौचालय में दो नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न का आरोप था।

# 'कभी हिजाब वाली महिला PM बनेगी'

■ भाषा, मुंबई : AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि एक दिन हिजाब पहनने वाली महिला भारत की प्रधानमंत्री बनेगी। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान सभी समुदायों के लोगों को समान दर्जा देता है जबकि पाकिस्तान का संविधान शीर्ष संवैधानिक पदों के लिए केवल एक ही समुदाय तक सीमित है। बीजेपी ने ओवैसी की इस टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी ने कहा अपने 'गैरजिम्मेदाराना' बयान के माध्यम से हैदराबाद के सांसद 'आधा सच' पेश कर रहे हैं क्योंकि मुस्लिम महिलाएं हिजाब नहीं पहनना चाहतीं।



असदुद्दीन ओवैसी

# जब पुलिस न दर्ज करे FIR तब कोर्ट का है सहारा

**अगर कोई अपनी कार पार्क कर रेस्तरां में खाना खाने जाता है और उसकी कार चोरी हो जाए या फिर मॉल में शॉपिंग कर रहा हो और मोबाइल चोरी हो जाए या फिर चेन या पर्स की झपटमारी हो जाए। ऐसे में पीड़ित पुलिस स्टेशन पहुंचे और अगर पुलिस FIR दर्ज करने से ही मना करे या टालमटोल का रवैया अपनाए तो क्या करना चाहिए? पीड़ित शख्स के पास कौन-से कानूनी अधिकार होते हैं, जिनका वह इस्तेमाल कर सकता है। यहां जानते हैं।**

ऐसा कोई भी अपराध जो संज्ञेय है, उसमें पुलिस को FIR यानी फर्स्ट इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट दर्ज करनी होती है। पुलिस इसके लिए कोई बहाना नहीं बना सकती। CRPC की धारा-154 और अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173 के तहत पुलिस को किसी भी संज्ञेय अपराध की सूचना के आधार पर केस दर्ज करना होता है। लेकिन पुलिस कई बार ऐसी शिकायत की कॉपी पर थाने की मुहर लगाकर शिकायती को वापस भेज देती है लेकिन शिकायत को थाने में FIR में कनवर्ट नहीं करती है।

ऐसे में शिकायती इलाके के मैजिस्ट्रेट के सामने शिकायत दर्ज करा सकता है। CRPC की धारा-156 (3) और अब नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 175 (3) के तहत कोर्ट जाने का विकल्प है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 175 (3) कहती है कि अगर संज्ञेय अपराध में केस दर्ज नहीं किया जा रहा है तो शिकायती इलाके के पुलिस सुपरिंटेंडेंट के सामने मामले को ले जा सकता है ताकि शिकायत की जांच हो सके। कार्रवाई न होने की स्थिति में शिकायती मैजिस्ट्रेट की कोर्ट में शिकायत देगा और फिर वहां उसे शपथपत्र देना होगा कि उसकी शिकायत झूठी नहीं बिलकुल सच है। ऐसे मामले में 9 जुलाई 2010 को दिल्ली हाई कोर्ट ने शुभकर लोहरका बनाम स्टेट ऑफ दिल्ली के केस में गाइडलाइंस जारी कर रखी हैं। जिनके मुताबिक अगर शिकायत के बाद भी पुलिस 15 दिनों में केस दर्ज नहीं करती तो फिर शिकायती 15 दिनों के भीतर जिले के पुलिस चीफ यानी दिल्ली में DCP या फिर राज्यों में SP के सामने शिकायत कर सकता है और उक्त शिकायत की रिसीविंग लेनी होती है।

शिकायत डाक के जरिये भी DCP को भेजी जा सकती है या फिर ईमेल भी किया जा सकता है। इसके बावजूद अगर केस दर्ज न हो तो उक्त शिकायत की कॉपी के साथ शिकायती CRPC और BNSS के प्रावधानों के तहत इलाका मैजिस्ट्रेट के सामने शिकायत कर सकता है। मैजिस्ट्रेट के सामने अर्जी दाखिल कर कोर्ट को यह बताना होता है कि कैसे संज्ञेय अपराध घटित हुआ। शिकायत से जब कोर्ट संतुष्ट हो जाता है, तब वह इलाके के SHO को केस दर्ज करने का निर्देश जारी करता है और उनसे केस दर्ज कर छानबीन पर स्टेटस रिपोर्ट मांगी जाती है। यह मैजिस्ट्रेट पर निर्भर है कि वह सीधे केस दर्ज करने को कहे या पुलिस से जांच संबंधित रिपोर्ट पेश करने को कहे। मैजिस्ट्रेट कोर्ट से अगर शिकायती की अर्जी खारिज हो जाए तो ऊपरी अदालत, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक जाने का भी रास्ता बचता है।

**Law Guru**

राजेश चौधरी

**हमें ऐसे भेजें अपने सवाल**

*यह कॉलम आपके लिए ही है। अगर आप कानून से जुड़ा कोई सवाल पूछना चाहते हैं या किसी कानूनी मसले पर जानकारी चाहते हैं तो हमें sundaynbt@timesofindia.com पर ईमेल करें या वॉट्सऐप नंबर 89298-16941 पर मंगलवार तक भेज दें।*

# एंजेल की स्पाइनल कॉर्ड में भी गंभीर चोट: पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून: त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में कई बातें सामने आई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, उस पर चाकू से वार किया गया था। इसके एंजेल की गर्दन, रीढ़ और स्पाइनल कॉर्ड में गहरी चोट आई। उसकी रीढ़ की हड्डी में भी फ्रैक्चर मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, एंजेल चकमा की गर्दन के दाहिने हिस्से में 12.5 सेंटीमीटर लंबा घाव था, जिसमें 13 टांके लगे थे। एंजेल चकमा के पेट के निचले हिस्से में 3 सेंटीमीटर का घाव था, जिसमें तीन टांके लगे थे। इसके अलावा दाहिने कंधे पर एक सेंटीमीटर का घाव भी दर्ज किया गया है। एंजेल की रीढ़ और स्पाइनल कॉर्ड को गंभीर चोटें पहुंची थीं।


> त्रिपुरा के स्टूडेंट की उत्तराखंड में कुछ दिन पहले हत्या कर दी गई थी

# SAU: 2 साल में 3 गुना तक बढ़े दाखिले

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com



■ नई दिल्ली : दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) देशों की संसद से मंजूरी के बाद 2010 में बनी इंटरनैशनल साउथ एशियन यूनिवर्सिटी (SAU) में पिछले दो साल में दाखिले तीन गुना तक बढ़ गए हैं। इसका सबसे बड़ा कारण मार्केट की डिमांड वाले नए ग्रैजुएशन कोर्स शुरू करना है।



प्रो. के. के. अग्रवाल

बीटेक, इंटीग्रेटेड बीबीए-एमबीए, बीएस-एमएस जैसे कोर्स शुरू हुए हैं। 2026 के लिए भी कुछ नए कोर्स शुरू करने का फैसला किया गया है। कोर्स और स्टूडेंट्स की संख्या बढ़ने का एक और बड़ा असर यह रहा कि 2025 में कई देशों ने लंबे समय के बाद अपने हिस्से की ग्रांट (एरियर समेत) दी है।

मालदीव ने चार साल बाद 2025 में अपने हिस्से का पैसा दिया, तो बांग्लादेश की ओर से चार साल में सबसे ज्यादा ग्रांट इसी सेशन में दी गई है। यूनिवर्सिटी के कुल छात्रों में से 90 प्रतिशत और मौजूदा सेशन में हुए नए एडमिशन में से 95 प्रतिशत भारतीय हैं।

**एलएलबी, जर्नलिज्म कोर्स शुरू होंगे:** यूनिवर्सिटी के प्रेजिडेंट प्रो. के. के. अग्रवाल ने NBT को बताया कि 2026-27 में एलएलबी कोर्स भी शुरू होगा। अभी तक यह कोर्स शुरू नहीं करने के पीछे का तर्क यह था कि हर देश की बार काउंसिल व उसके नियम अलग हैं। ऐसे में दूसरे देशों के छात्र अपने देश जाकर बार काउंसिल में रजिस्ट्रेशन कैसे कर पाएंगे? अब इसका समाधान हो गया है। सभी सार्क देशों के एलएलबी के सिलेबस की स्टडी में सामने आया कि 90 प्रतिशत तो कॉमन है। बाकी जो दस पर्सेंट सिलेबस है, उसके लिए अलग सेक्शन बनाकर उन देशों के ही एक्सपर्ट्स से ऑनलाइन क्लासेज के जरिये पढ़ाई कराई जाएगी। 60-60 सीटों के दो सेक्शन होंगे। इसके अलावा जर्नलिज्म में बैचलर और मास्टर लेवल के नए कोर्स होंगे।

**शुरू होगी कैंपस प्लेसमेंट:** प्रो. अग्रवाल ने बताया कि अब यूनिवर्सिटी में कैंपस प्लेसमेंट सेल भी बनाई जाएगी। अभी तक ज्यादातर पीजी कोर्स थे तो पीजी वाले काफी छात्र पीएचडी में एडमिशन ले लेते थे, लेकिन अब साउथ एशियन यूनिवर्सिटी में भी कैंपस प्लेसमेंट शुरू होगी।

■ ग्रैजुएशन कोर्स शुरू होने से बदल गई इंटरनैशनल साउथ एशियन यूनिवर्सिटी की तस्वीर।
■ नए कोर्सेज के आने के साथ ही कई देशों ने अपने हिस्से का पैसा देना भी शुरू कर दिया है।

### 400 से 1104 तक पहुंचे नए एडमिशन

2023 में 400 नए एडमिशन हुए, इसके बाद ग्रैजुएशन लेवल के पॉपुलर कोर्स शुरू हुए, जिसके कारण 2024 में 600 और 2025 में 1104 नए एडमिशन हुए। 2026 में नंबर बहुत ज्यादा नहीं बढ़ाएंगे, लेकिन मैनेजमेंट समेत नए कोर्स पर फोकस रहेगा। बीबीए-एमबीए में एक-एक सेक्शन बढ़ाने का प्रयास है। मास्टर आफ डेटा साइंस शुरू किया जाएगा। यूनिवर्सिटी में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान के छात्र दाखिला ले सकते हैं, लेकिन पाकिस्तान के किसी छात्र का एडमिशन नहीं हुआ है।

# बंगाल: नाबालिग से गैंगरेप, दो गिरफ्तार

■ भाषा, कोलकाता: हुगली जिले में सुनसान पड़े एक कारखाने में एक नाबालिग लड़की से कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को जानकारी दी कि मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, गुरुवार शाम को 16 साल पीड़िता अपनी एक सहेली के साथ बंद पड़ी 'हिंद मोटर' फैक्टरी में गई थी। आरोप है कि आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर फैक्ट्री में लड़की का यौन उत्पीड़न किया।

पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। मामले में पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# हत्या केस में दोस्त मुठभेड़ में अरेस्ट

■ पीटीआई, झांसी: झांसी में कुछ दिन पहले मृत मिली महिला ऑटो ड्राइवर की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सामने आया कि महिला की गोली मारकर हत्या की गई थी। मामले में पुलिस ने महिला के करीबी दोस्त को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान 35 साल की अनीता चौधरी के रूप में हुई है। अनीता के पति ने 3 लोगों के खिलाफ हत्या की शिकायत दर्ज कराई थी।

> पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा, गोली लगने से हुई थी हत्या

गुजरात सरकार




श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री भूपेन्द्रभाई पटेल
माननीय मुख्यमंत्री, गुजरात





Vibrant GUJARAT REGIONAL CONFERENCES
Regional Aspirations, Global Ambitions






कच्छ और सौराष्ट्र
11 और 12 जनवरी, 2026

क्षेत्रीय आकांक्षाएँ, वैश्विक महत्वाकांक्षाएँ

प्रमुख क्षेत्र
सिरेमिक्स, MSMEs, इंजीनियरिंग, स्टार्टअप्स, मिनरल्स, पेट्रोकेमिकल्स, फ़िशरीज़, टेक्सटाइल, पोर्ट्स और लॉजिस्टिक्स, कौशल विकास, पर्यटन और संस्कृति, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, ग्रीन एनर्जी इकोसिस्टम, मशिनरी और इक्विपमेन्ट, ब्लू इकोनॉमी

सम्मेलन की मुख्य विशेषताएँ
- उद्घाटन समारोह
- क्षेत्र-विशिष्ट सेमिनार
- कंट्री सेमिनार
- पैनल डिस्कशन्स
- सीईओ राउन्ड टेबल सम्मेलन
- स्टार्टअप सम्मान समारोह
- B2B / B2G मीटिंग्स
- विशेष दौरे
- औद्योगिक दौरे
- क्षेत्रीय MSME सम्मेलन
- क्षेत्रीय पुरस्कार (MSMEs/आर्टिज़न)
- ट्रेड शो/प्रदर्शनी
- रिवर्स बायर-सेलर मीटिंग
- उद्यमी मेला
- विक्रेता विकास कार्यक्रम
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- समापन सत्र

वाइब्रेंट गुजरात रीजनल एक्ज़ीबिशन
11 से 15 जनवरी, 2026 | सुबह 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक

माननीय प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
द्वारा शुभारंभ

गरिमामय उपस्थिति
श्री भूपेन्द्रभाई पटेल
माननीय मुख्यमंत्री, गुजरात
श्री हर्ष संघवी
माननीय उपमुख्यमंत्री, गुजरात

11 जनवरी, 2026, रविवार | 12:30 बजे | मारवाड़ी युनिवर्सिटी, राजकोट, गुजरात

''वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस से गुजरात के औद्योगिक उत्कर्ष की नई दिशा खुलेगी।''
- श्री हर्ष संघवी, माननीय उपमुख्यमंत्री, गुजरात

भागीदार देश: Japan, Rwanda, South Korea, Ukraine

सीधा प्रसारण: CMOGuj CMOGuj CMOGujarat CMOGujarat vibrantgujarat vibrantgujarat vibrant_gujarat vibrantgujarat

भागीदार संस्थाएँ: icbc, JETRO, US-INDIA, U.S.-India Business Council, THE WORLD BANK, ACMA, IACC Indo-American Chamber of Commerce, UBC, kotra, FEBI, AMCHAM

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in